CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 81,373.75
निफ्टी 24,716.60
सोना 99,415
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, मंगलवार 3 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 301 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बांग्लादेश ने करेंसी से पूर्व राष्ट्रपति मुजीबुर्रहमान की तस्वीर हटाई**
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**ग्लेन मैक्सवेल ने एकदिवसीय क्रिकेट को कहा अलविदा**
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर


# JEE एडवांस्ड: रजित ने किया ऑल इंडिया टॉप

## सक्षम जिंदल की दूसरी व माजिद मुजाहिद की आई तीसरी रैंक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/जयपुर।** देश की सबसे बड़ी और प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग परीक्षा जेईई एडवांस्ड का परिणाम जारी हो गया है, जिसमें एक बार फिर शिक्षा की काशी कोटा ने टॉप किया है। परीक्षा परिणाम में पूरे देश में शिक्षा नगरी का डंका बजा है।

कोटा से रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया पहली रैंक हासिल की है। रजित मूल रूप से कोटा के महावीर नगर इलाके के निवासी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार और कोचिंग संस्थान को दिया है। वहीं दूसरे नंबर पर सक्षम जिंदल ने जगह बनाई है। वहीं तीसरे नंबर पर माजिद मुजाहिद हुसैन ने जगह बनाई है। इसी तरह अक्षत चौरसिया ने ऑल इंडिया छठी रैंक और देवेश पंकज ने ऑल इंडिया 8वीं रैंक हासिल की है। वहीं टॉप 50 और टॉप 100 में भी कोटा ने वर्चस्व कायम किया है। पहली रैंक हासिल करने वाले रजित ने जेईई मेन 2025 में 100 पर्सेंटाइल हासिल कर ऑल इंडिया में 16वीं रैंक बनाई थी। रजित के टॉपर आने के -**शेष पृष्ठ दो पर**



रजित गुप्ता



सक्षम जिंदल



माजिद मुजाहिद

■ **पूरे देश में कोटा ने किया टॉप, रजित गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय मां-पिता को दिया**

### लखनऊ के श्रेयस ने किया यूपी टॉप, देश में मिली 68वीं रैंक



**लखनऊ।** जेईई एडवांस्ड के नतीजे सोमवार को जारी कर दिए गए। लखनऊ के श्रेयस लोहिया को यूपी में पहला स्थान मिला है। उन्होंने देश में 68वीं रैंक हासिल की। श्रेयस के पिता गजेंद्र लोहिया लखनऊ दूरदर्शन में कार्यरत हैं। श्रेयस के पिता गजेंद्र ने कहा कि बेटे की सफलता से वह बहुत खुश हैं। श्रेयस को जेईई मेन में ऑल इंडिया 6वीं रैंक मिली थी। उनका पर्सेंटाइल स्कोर 100 था। श्रेयस जेवियर स्कूल गोमतीनगर के छात्र रहे हैं।

# नीट-पीजी परीक्षा स्थगित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज (एनबीईएमएस) ने अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों और आवश्यक बुनियादी ढांचे की तैयारी के लिए राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी 2025) परीक्षा स्थगित कर दी है।

बोर्ड ने अभी तक संशोधित परीक्षा तिथि की घोषणा नहीं की है। यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें एनबीईएमएस को पूरी पारदर्शिता और सुरक्षित परीक्षा केंद्रों को सुनिश्चित करते हुए एक ही पाली में परीक्षा आयोजित करने का निर्देश दिया गया था। आदेश का पालन करने के लिए, एनबीईएमएस केंद्रों की संख्या बढ़ाने और अदालत की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। पूर्व में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पहले 15 जून को यह परीक्षा आयोजित होने वाली थी। आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि हम प्रतिवादियों को निर्देश देते हैं कि वे नीट-पीजी 2025 परीक्षा को एक पाली में आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करें, यह सुनिश्चित करें कि पूरी पारदर्शिता बनी रहे और सुरक्षित केंद्रों की पहचान की जाए और उन्हें चालू किया जाए।

■ **बढ़ाई जा रही परीक्षा केंद्रों की संख्या, जल्द आएगी नई तिथि**

### सद्गुरु के पक्ष में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सद्गुरु जग्गी वासुदेव के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने कहा कि कोई भी उनकी आवाज, चेहरा, पहनावा, बोलने का अंदाज या और किसी भी तरीके से उनकी पहचान को बिना इजाजत इस्तेमाल नहीं कर सकता खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये। दरअसल कुछ वेबसाइट और सोशल मीडिया अकाउंट्स एआई तकनीक के जरिये सद्गुरु की आवाज और वीडियो में बदलाव करके उन्हें अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। इसे लेकर सद्गुरु ने कोर्ट में याचिका दायर की कि उनकी पहचान का गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। कोर्ट ने कहा कि सद्गुरु की पहचान (जैसे उनका चेहरा, आवाज, पहनावा वगैरह) बिल्कुल खास है और उसका दुरुपयोग नहीं होने दिया जा सकता। अगर इसे नहीं रोका गया तो यह गलत जानकारी फैलाने वाली महामारी की तरह इंटरनेट पर फैल सकती है। कोर्ट ने कई वेबसाइटों और यूट्यूब चैनलों को बंद करने का आदेश दिया है, जो सद्गुरु की नकली वीडियो और कंटेंट चला रहे थे।

# कोरोना के विकराल होते हालात पर हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

## देश में कोरोना से 24 घंटे में छह की मौत, अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती ने दम तोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने हाल ही में केंद्र सरकार से कोविड-19 महामारी से निपटने की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी मांगी। न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने कहा कि कोविड-19 अभी भी सक्रिय है और इसे गंभीरता से लेना जरूरी है। अदालत ने 30 मई 2023 की बैठक के बाद उठाए गए कदमों की कमी को गंभीर मुद्दा बताया।

अदालत डा. रोहित जैन की अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें 27 जनवरी 2023 के उच्च न्यायालय के आदेश का पालन न करने का आरोप लगाया गया। इस आदेश में केंद्र को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का दावा है कि केंद्र ने इन दिशानिर्देशों को तैयार नहीं किया। पीठ ने जैन की याचिका का निपटारा करते हुए केंद्र को इसे एक अभिवेदन के रूप में लेने और 12 सप्ताह में तर्कसंगत आदेश पारित करने का निर्देश दिया। अदालत ने केंद्र की स्थायी वकील मोनिका अरोड़ा को यह सुनिश्चित करने को कहा कि संबंधित अधिकारी निर्देशों से अवगत हों और छह सप्ताह में स्थिति रिपोर्ट पेश करें। 30 मई, 2023 को स्वास्थ्य सेवाओं के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें याचिकाकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। बैठक में पैथोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, हेमेटोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी विशेषज्ञों की चार उप-समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। इन समितियों को नमूना संग्रह, केंद्रों और परिवहन नीति के लिए मानक प्रक्रियाएं और भंडारण दिशानिर्देश तैयार करने थे। अदालत ने पाया कि केंद्र ने बैठक के निर्णयों और उप-समितियों की प्रगति पर कोई अपडेट नहीं दिया। हालांकि, प्रथम दृष्ट्या उप-समितियों के गठन के निर्णय के आधार पर अवमानना याचिका कायम -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ **3976 एक्टिव केस, केरल में सबसे ज्यादा 1435 मामले**

### दिल्ली में कोरोना से चौथी मौत, 22 साल की लड़की ने तोड़ा दम

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बढ़ते कोरोना के नए मामलों के बीच मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सोमवार को एक 22 साल की लड़की की कोविड से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि लड़की पहले से टीबी से ग्रस्त थी। राजधानी में इस साल मरने वालों की संख्या अब चार हो चुकी है। दिल्ली में एक जनवरी से अभी तक कोरोना के 436 मरीजों की पुष्टि हुई। इनमें से 357 मरीजों को अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है। वहीं 91 मरीजों को शनिवार को दिल्ली के अस्पतालों से छुट्टी दी गई।

# सिक्किम लैंडस्लाइड में तीन जवान शहीद

## तीनों के शव बरामद, छह लापता

**नई दिल्ली।** सिक्किम में रविवार शाम 7 बजे एक मिलिट्री कैंप भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड की चपेट में आ गया। इसमें 3 जवानों की मौत हो गई, जिनके शव बरामद हुए हैं। चार लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। छह जवान अभी लापता हैं।

सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना ने सोमवार को घटना की जानकारी दी और बताया कि जिन जवानों के शव मिले हैं, उनकी पहचान हवलदार लखबिंदर सिंह, लांस नायक मनीष ठाकुर और पोर्टर अभिषेक लखाड़ा के रूप में हुई है। दूसरी तरफ, सिक्किम के लाचेन और लाचुंग में 30 मई से फंसे एक हजार से ज्यादा टूरिस्टों को भी रविवार को रेस्क्यू किया गया। सिक्किम सहित पूर्वोत्तर के राज्यों में पिछले 4 दिनों से भारी बारिश हो रही है। बारिश के कारण बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में अब तक 37 लोगों की जान गई है। इसमें असम में 10, अरुणाचल प्रदेश में 9, मिजोरम में 5 और मेघालय में 6 मौतें शामिल हैं। सिक्किम में अक्टूबर, 2023 को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। कम से कम 98 लोग लापता हो गए थे, जिसमें सेना के 22 जवान शामिल थे। इनका कुछ पता नहीं चल पाया था। पूर्वोत्तर राज्यों में राहत और बचाव के लिए भारतीय सेना, एयरफोर्स और असम रायफल्स के जवानों को तैनात किया गया है। असम में 3.64 लाख से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। मणिपुर में बाढ़ से 19,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। 3,365 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। त्रिपुरा में 10 हजार से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। मिजोरम की राजधानी आइजोल में भारी बारिश के कारण 2 जून को सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया गया है।

■ **पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश-बाढ़ से अब तक 37 की जान गई**

### राज्यसभा की 8 सीटों के चुनाव के लिए अधिसूचनाएं जारी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के लिए असम और तमिलनाडु से आठ सीटों के 19 जून को कराए जाने वाले चुनाव की अधिसूचनाएं सोमवार को जारी कर दी गई। अधिसूचनाओं के साथ ही दोनों राज्यों में चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का काम शुरू हो गया है। राज्य सभा में असम की इन दो सीटों के वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल 14 जून को और तमिलनाडु की छह सीटों के प्रतिनिधियों का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है। चुनाव आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार इन चुनावों के लिए नामांकन-पत्र नौ जून तक भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 10 जून को की जाएगी और नाम 12 जून तक वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 19 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक कराया जाएगा। इसमें संबंधित राज्यों के विधानसभा सदस्य मतदान करेंगे। मतगणना मतदान सम्पन्न होने के एक घंटे बाद की जाएगी। आयोग ने कहा है कि मतदान की पूरी प्रक्रिया 23 जून तक सम्पन्न करा ली जाएगी।

# कटरा-कश्मीर रेल लिंक खोलने की तैयारी

नई दिल्ली, वार्ता

**जम्मू-कश्मीर** में ऊधमपुर-श्रीनगर बारामूला रेल परियोजना (यूएसबीआरएल) के बचे हुए भाग के निर्माण के छह माह बाद उद्घाटन की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलपुल और अंजी खड्ड रेलपुल का उद्घाटन करेंगे तथा श्री माता वैष्णों देवी कटरा से श्रीनगर- बारामूला के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण को हरी झंडी दिखाएंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री सबसे पहले चिनाब रेलपुल पर पहुंच कर उसका उद्घाटन करेंगे और फिर अंजी खड्ड पुल पर पहुंच कर उसका भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह कटरा स्टेशन पर पहुंच कर वहां से श्रीनगर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस के विशेष कश्मीर संस्करण का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी बाद में कटरा में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सूत्रों ने बताया कि जिस समय श्री मोदी कटरा से श्रीनगर से लिए वंदे भारत एक्सप्रेस रवाना करेंगे।



■ **पीएम मोदी छह जून को दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेल पुल और अंजी खड्ड रेल पुल का उद्घाटन करेंगे**

# चेन्नई: अन्ना यूनिवर्सिटी में रेप के दोषी को उम्रकैद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई स्थित अन्ना यूनिवर्सिटी में हाई प्रोफाइल यौन शोषण मामले के दोषी ज्ञानसेकरन को सोमवार को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

महिला कोर्ट की जज एम. राजलक्ष्मी ने कहा कि दोषी को बिना किसी छूट के कम से कम 30 साल जेल में रहना होगा। दोषी पर 90 हजार रुपये जुर्माना भी लगा है। ज्ञानसेकरन को 28 मई को दोषी ठहराया था। उसके खिलाफ यौन उत्पीड़न, रेप, धमकी और अपहरण सहित सभी 11 आरोप सही साबित हुए थे। मामले में कम से कम 29 गवाहों ने गवाही दी और पुलिस ने 100 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। मामला दिसम्बर, 2024 का है। ज्ञानसेकरन ने 23 दिसम्बर की रात 8 बजे यूनिवर्सिटी कैंपस में घुसकर 19 साल की इंजीनियरिंग स्टूडेंट का रेप किया था। पीड़ित अपने युवक दोस्त के साथ थी। ज्ञानसेकरन ने दोस्त की पिटाई के बाद युवती का शोषण किया था।

■ **30 साल जेल में रहना होगा**

# इंडिगो विमान से पक्षी टकराने के बाद इमरजेंसी लैंडिंग

**रांची।** पटना से रांची आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट को सोमवार दोपहर उस समय आपात स्थिति में लैंडिंग करनी पड़ी, जब रनवे से करीब 10 से 12 नॉटिकल माइल दूर और 3,000 से 4,000 फीट की ऊंचाई पर विमान एक पक्षी से टकरा गया।

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि, इंडिगो फ्लाइट संख्या (एयरबस 320) को दोपहर 1:14 बजे इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान में लगभग 175 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित हैं। हालांकि, विमान को पक्षी से टकराने के कारण बाहरी हिस्से में डेंट लगा है। आरआर मौर्य के अनुसार तकनीकी टीम विमान की स्थिति की जांच कर रही है। पक्षी से टकराने की वजह से विमान को फिलहाल ग्राउंडेड कर दिया गया है, जब तक सभी सुरक्षा मापदंड पूरे नहीं हो जाते। यह विमान रांची पहुंचने के बाद कोलकाता के लिए रवाना होने वाला था, लेकिन घटना के बाद उसकी आगे की उड़ान फिलहाल स्थगित कर दी गई है।

■ **बाल-बाल बचे 175 यात्री**






# भाजपा सरकार समाज में नफरत फैला रही: मदनी

आजमगढ़, वार्ता



■ उलमा-ए-हिद अध्यक्ष ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरूरी बताया

■ उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर एक गंभीर हमला

जमीअत उलमा-ए-हिद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने मदरसों के खिलाफ अभियान को गैर जरूरी बताते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार समाज में नफरत फैलाने की दिशा में काम कर रही हैं।

मौलाना मदनी ने रविवार देर रात 'मदरसा सुरक्षा सम्मेलन' के तहत आजमगढ़ के सरायमीर कस्बे में मदरसा संचालकों को संबो. धित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद भी सरकार मदरसों पर कार्रवाई कर रही है । जिन मदरसों के कागजात ठीक है उन पर कार्रवाई अनुचित है, जिनके ठीक नहीं है उन्हें ठीक कराया जाए मदरसों में इल्म देने का काम किया जाता है। प्रदेश के उन सभी मुस्लिम बाहुल्य जिलों में जिनकी सीमाएं नेपाल से मिलती हैं, मदरसों ही नहीं दरगाहों, ईदगाहों और कब्रिस्तानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई धड़ल्ले से न केवल जारी है, बल्कि अब तक सैकड़ों मदरसों को असंवैधानिक घोषित करके सील किया जा चुका है, जिसे लेकर मुसलमानों में चिंता और भय वातावरण है। उन्होंने मदरसा संचालकों से कहा कि मदरसों को भी चलाने के लिए कागजी कार्रवाई पूरी कर ही मदरसे चलाएं।

मौलाना मदनी ने कहा कि मदरसों के खिलाफ कार्रवाई खासकर उत्तर प्रदेश सरकार का यह अभियान मुसलमानों की धार्मिक आजादी पर एक गंभीर हमला है। जमीअत उलमा-ए-हिद उसके खिलाफ कानूनी संघर्ष कर रही है। यह बात इतिहास की पुस्तकों में दर्ज है कि अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजाद कराने का संघर्ष उलमा ने ही शुरू किया था। यह उलमा मदरसों की ही पैदावार थे। यही नहीं दारुल उलूम देवबंद की स्थापना ही इसलिए की गई थी, ताकि अंग्रेघें के खिलाफ संघर्ष करने और देश को आजाद कराने के लिए कार्यकर्ता पैदा किए जाएं। जो लोग मदरसों के खिलाफ यह सब कर रहे हैं वो लोग मदरसों की भूमिका से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और पार्टियों को ऐसा काम नहीं करना चाहिए, जो देश अमन चैन के लिए अच्छा ना हो। जो सरकार प्यार मोहब्बत के खिलाफ काम करती है, वह खराब सरकार है। जो लोग मदरसों को तोड़ रहे हैं वह गलत है। मदरसों को मौका देना चाहिए।

## नाबालिग दुष्कर्म मामलों की जवाबदेही तय करे बिहार सरकार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि बिहार में शासन प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रह गई है और महिलाओं और खासकर बच्चियों के साथ आए दिन दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, इसलिए राज्य सरकार को चुप्पी साधने की बजाए इन मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लाम्बा ने सोमवार को यहां पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का कुशासन काल चल रहा है। राज्य में महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है और लगातार बच्चियों के यौन शोषण की घटनाएं सामने आ रही हैं और जवाबदेही मुख्यमंत्री की भी है इसलिए बिहार सरकार को इन मामलों में जवाबदेही तय करनी चाहिए। नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म के मामले में फांसी होनी चाहिए, लेकिन फांसी होती क्यों नहीं है, हम यही सवाल बार-बार पूछ रहे हैं।

# क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है: खुर्शीद

नई दिल्ली, वार्ता



■ देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से हटकर दिया बयान

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने सोमवार को एक्स पोस्ट में लिखा- जब भारत आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं। यह दुखद है। क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है।

सलमान के बयान को उनकी पार्टी और विपक्ष के नेताओं के बयान के खिलाफ देखा जा रहा है। 1 मई को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर पर पीएम मोदी खुद की तारीफ करना बंद करें। उन्हें दुश्मन पर ध्यान देना चाहिए। सलमान खुर्शीद जदयू सांसद झा के नेतृत्व वाले उस डेलिगेशन में शामिल हैं जो ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख रखने के लिए विदेशी दौरे पर हैं। उनका डेलिगेशन अभी तक इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा कर चुका है। फिलहाल मलेशिया में है। डेलिगेशन का मलेशिया दौरा बाकी है। ए 21 मई को रवाना हुआ था। इसमें भाजपा सांसद बृज लाल, प्रदान बरुआ, हेमंग जोशी और अपराजिता सारंगी, ज्डब सांसद अभिषेक बनर्जी, ब्च्प्ड सांसद जान ब्रिटास और राजदूत मोहन कुमार शामिल हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी को नसीहत दी थी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर खुद की तारीफ करने की जगह दुश्मन पर फोकस करना चाहिए। उनके अलावा कोई भी ऐसा नहीं कर सकता है। वहीं, कांग्रेस ने सैन्य और विदेश नीति पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार से संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के सिंगापुर में दिए इंटरव्यू के बाद यह मांग की गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि सरकार सभी दलों और राष्ट्र को विश्वास में ले। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीति पर चर्चा करे। पीएम या रक्षा मंत्री को सर्वदलीय बैठक में विपक्षी नेताओं को यह बताना चाहिए था कि जनरल चौहान ने सिंगापुर में क्या कहा है। सलमान खुर्शीद ने 1 मई को मलेशिया के कुआलालंपुर में कहा था। भारत का आल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बाराबंकी में कार-ट्रक में टक्कर चार मरे

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश में बारा. बंकी जिले के रामनगर क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक ढाबा के निकट सुबह करीब साढ़े पांच बजे ट्रक और कार की आमने-सामने टक्कर में तीन पुरुष और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सभी कार सवार कानपुर से गोंडा जा रहे थे। घटना में नौ और 10 वर्ष के दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में एक की पहचान 23 वर्षीय अयान कुरैशी के रूप में हुई है। वह गोंडा के इमामबाड़ा कोतवाली नगर का रहने वाला था। अन्य दो पुरुषों और एक महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### झुग्गियों को तोड़कर गरीबों को बेघर कर रही भाजपा: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में सदा से ही अंतर रहा है। एक बार फिर से भाजपा ने इस बात को सिद्ध कर दिया है। भाजपा ने गरीब झुग्गी वालों से चुनाव से पहले पक्का मकान देने का वादा किया था और अब जब दिल्ली में भाजपा की सरकार बन गई है, तो मकान देने के बजाय उनकी झुग्गियों पर बुलडोजर चलाकर इन गरीब लोगों को घर से बेघर कर रही है।

### जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर बम की अफवाह से हड़कंप

**जम्मू।** जम्मू तवी रेलवे स्टेशन पर बम होने की एक फोन काल से रविवार शाम हड़कंप मच गया। एक अधिकारी ने आज सुबह यह जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि रविवार शाम को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर जम्मू रेलवे स्टेशन पर बम या विस्फोटक होने की बात कही।

# मायावती ने चंद्रशेखर को लिया निशाने पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: आकाश को मुख्य कोआर्डिनेटर बनाने से बरसाती मेंढकों में बेचैनी स्वाभाविक

**लखनऊ।** आजाद समाज पार्टी (असपा) के मुखिया और नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद समेत दलित राजनीति के अन्य नेताओं का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधते हुए बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि आकाश आनंद को मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक बनाने से बहुजन एकता और बसपा को कमजोर करने वाली पार्टियों और उनके नेताओं में बेचैनी स्वाभाविक है।

सुश्री मायावती ने उम्मीद जतायी कि आनंद बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर और स्वर्गीय कांशीराम के सपनो का साकार करने की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा- देश में बीएसपी बहुजन हित की एकमात्र अम्बेडकरवादी पार्टी है तथा पार्टी हित में लोगों पर कार्रवाई करने व पश्चताप करने पर उन्हें वापस लेने की परम्परा है। इसी क्रम में आकाश आनन्द के उतार-चढ़ाव व उन्हें मुख्य नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने से बहुत से लोगों में बेचैनी स्वाभाविक। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि अब आकाश आनन्द बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम जी के आत्म-सम्मान के कारवां को आगे बढ़ाने व उनके सपनों को साकार करने की जिम्मेदारी पूरी तनम्यता व जी-जान से निभाएंगे अर्थात पार्टी को अवसरवादी व स्वार्थी लोगों की कतई जरूरत नहीं। वैसे भी कांग्रेस, भाजपा व सपा आदि पार्टियों के सहारे व इशारे पर चलकर बहुजनों की एकता व बीएसपी को कमजोर करने वाले बरसाती मेंढकों की तरह के संगठन व दलों के नेता चाहे निजी स्वार्थ में विधायक, सांसद व मंत्री क्यों ना बन जाएं इनसे समाज का कुछ भला होने वाला नहीं। लोग सावधान रहें।

## उप्र में संगठित अपराधों पर नकेल कसेंगे नवनियुक्त डीजीपी

# महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता: राजीव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी, संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने सोमवार को कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

सूबे के पुलिस प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में कृष्णा ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े पुलिस बल का नेतृत्व करने का विश्वास जताने के लिए वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आभारी हैं और यूपी पुलिस को उत्कृष्टता की अभूतपूर्व ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी और संगठित अपराध के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जीरो टॉलरेंस की नीति कानून प्रवर्तन रणनीति की आधारशिला होगी, जिसका उद्देश्य सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाना है। कृष्णा ने कहा कि सभी रूपों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की रोकथाम और समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने और उनकी सुरक्षा और संरक्षा की भावना को बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

जन शिकायत निवारण जन शिकायतों का सफल समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। हम हर स्तर पर सभी शिकायतों से निपटने में बहुत सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि नागरिकों की आवाज़ सुनी जाए और उसका तुरंत समाधान किया जाए। पुलिस प्रमुख ने कहा कि कानून और व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति के प्रति बिल्कुल भी सहनशीलता नहीं बरती जाएगी और हर कीमत पर कानून के शासन को बनाए रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विशेष कर कोविड के बाद से साइबर अपराध नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरे के रूप में उभरा है। उत्तर प्रदेश पुलिस ने इसकी रोकथाम और पता लगाने के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करके जवाब दिया है। साइबर खतरों से आगे रहने के लिए उन्नत तकनीकों का लाभ उठाते हुए इसे समय के साथ और मजबूत किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि पुलिस द्वारा दी जाने वाली पुलिस सेवाओं के दायरे और वितरण में और सुधार किया जाएगा। दुनिया के सबसे बड़े पुलिस बल के रूप में, हमारे कर्मियों के काम को प्रभावित करने वाले प्रशासनिक और कल्याणकारी मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाएगा। हम पुलिस कल्याण को प्राथमिकता देंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे कर्मी अपने कार्यों को सम्पादित करने में प्रेरित रहे।

### एआई उद्देश्यों को लागू करने में एक गेम चेंजर साबित होगा


**लखनऊ।** उन्होंने कहा कि लिसिग के विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कई प्रतिभाशाली पुलिस अधिकारी व कर्मी है। उनके कौशल और ज्ञान की पहचान की जाएगी और उपरोक्त सभी लक्ष्यों को बेहतर बनाने के लिए उनका उपयोग किया जाएगा, जिससे बल के भीतर उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। कृष्णा ने कहा कि पुलिसिग के संचालन की दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआईद्ध का व्यापक उपयोग किया जाएगा।

एआई हमारे उद्देश्यों को लागू करने में एक गेम चेंजर साबित होगा, जिससे हम डेटा- संचालित उचित निर्णय लेने और अपने संसाधनों का बेहतर उपयोग करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि निरंतर प्रशिक्षण ही एकमात्र आधार है, जिस पर किसी भी संगठन की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। दिन प्रतिदिन की चुनौतियों का सामना करने में, इस महत्वपूर्ण पहलू को अक्सर इसका उचित महत्व नहीं दिया जाता है। उनका प्रयास होगा कि सेवाकालीन प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र बनाया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली की बदौलत गिरा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



देश में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े मजबूत रहने के बावजूद अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर आठ समूहों में हुई बिकवाली से गुरुवार को शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.26 अंक उतरकर 81,373.75 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 34.10 अंक फिसलकर 24716.60 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 0.58 प्रतिशत की तेजी के साथ 45,396.40 अंक और स्मॉलकैप 0.36 प्रतिशत मजबूत होकर 52,599.94 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4287 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1992 में बिकवाली जबकि 2128 में लिवाली हुई, वहीं 167 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए राखी गई कुल 3014 कंपनियों के शेयरों में से 1402 में गिरावट जबकि 1529 में तेजी रही, वहीं 83 में टिकाव रहा। बीएसई में कुल आठ समूहों में बिकवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.18, ऊर्जा 0.13, आईटी 0.57, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.40, धातु 0.58, तेल एवं गैस 0.13, टेक 0.45 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.70 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, एफएमसीजी 0.65, यूटिलिटीज 0.57, रियल्टी 2.38 और सर्विसेज समूह 1.20 प्रतिशत उछल गए। विश्व बाजार का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.05, जर्मनी का डैक्स 0.52, जापान का निक्केई 1.30, हांगकांग का हैंगसेंग 0.57 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.47 प्रतिशत लुढ़क गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 237 अंक लुढ़ककर 81,214.42 अंक पर खुला और भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 80,654.26 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,474.26 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

## नीतिगत दरों में हो आधी फीसदी की कमी

**नई दिल्ली।** बढ़ते संरक्षणवाद और भू राजनीतिक तनाव से उत्पन्न चुनौतियों के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था में आ रही सुस्ती को ध्यान में रखते हुए घेरलू स्तर पर आर्थिक गतिविधियों और निर्यात को गति देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति से नीतिगत दरों में आधी फीसदी की कटौती करने की उम्मीद की जा रही है। मई 2022 के बाद फरवरी 2025 में नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत और अप्रैल 2025 में फिर से 0.25 प्रतिशत की कमी की गयी है। इन दो कटौतियों से आम लोगों विशेषकर आवास ऋण और नए व्यक्तिगत ऋण, वाहन ऋण लेने वालों को राहत मिली है क्योंकि बैंकों ने कटौतियों के लाभ को ग्राहकों तक पहुंचाना शुरू कर दिया है।

## अर्थ व्यापार

# अधिकांश खाद्य तेल महंगे, दालें हुईं सस्ती

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेल महंगे हो गए, जबकि दालें सस्ती हो गई वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 41 रिंगिट की गिरावट के साथ 3888 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.12 सेंट की तेज़ी के साथ 47.01 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल 220 रुपए, सूरजमुखी तेल 366 रुपए, सोया रिफाइंड 147 रुपए और पाम ऑयल 146 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि वनस्पति तेल 183 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया, वहीं सरसों तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान चना 250 रुपए, दाल चना 250 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए, मूंग दाल 200 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबा. री दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन : चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7450-7550, मूंग दाल 9700-9800, उड़द दाल 9100-9200, अरहर दाल 8600-8700 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3650-3750 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17802 रुपए, सूरजमुखी तेल 17215 रुपए, सोया रिफाइंड 15018 रुपए, पाम ऑयल 13773 रुपए और वनस्पति तेल 16007 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## पूर्वोत्तर में बाढ़ की तबाही चिंताजनक, भाजपा ने नहीं निभाया वादा: खड़गे-प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भारी बारिश से हो रही तबाही पर गहरी चिता व्यक्त करते हुए कहा है कि मोदी सरकार ने असम को बाढ़ मुक्त बनाने का वादा किया था, लेकिन वह मुद्दों से ध्यान भटकने में लगे रहे और बाढ़ रोकने के ठोस प्रयास नहीं किया गए।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**JEE एडवांस्ड...** बाद पूरे परिवार में खुशी की लहर है। अपनी सफलता पर रजित ने बताया कि खुशी मेरी सफलता की कुंजी है। मैं हर स्थिति में खुश रहता हूं। मैं पढ़ाई के लिए कभी भी सख्त शेड्यूल का पालन नहीं करता था, क्योंकि इससे अनावश्यक दबाव बनता है। इसलिए मैं तभी पढ़ता था जब मेरा मन करता था, लेकिन मैं जितने समय भी पढ़ता था, अच्छी तरह से पढ़ता था'। रजित कोटा के स्थानीय निवासी हैं। उन्होंने इससे पूर्व जेईई मेन जनवरी सेशन में 100 पर्सेंटाइल एवं जेईई मेन अप्रैल सेशन में भी ऑल इंडिया रैंक 16 हासिल की थी। रजित ने 10वीं कक्षा 96.8 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण की थी। रजित ने बताया कि पढ़ाई के दौरान सबसे ज्यादा फोकस रहता था कि गलतियों को रिपीट नहीं करूं, क्योंकि गलतियां दूर होने से ही आपकी सब्जेक्ट में नींव मजबूत होती है। डाउट्स क्लीयर होने के बाद ही वे टॉपिक में आगे पढ़ते थे।

**कोरोना के...** न रहने की बात कही गई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई 2025 के लिए निर्धारित की है और केंद्र से तत्काल मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को लागू करने और स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने की अपेक्षा की है। देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक्टिव केसों की संख्या 3976 पहुंच गई। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 10 दिन में 15 गुना मामले बढ़े हैं। केरल में सबसे ज्यादा 1435 केस हैं। महाराष्ट्र एक्टिव मामलों के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 506 मरीज हैं। कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है। बीते 24 घंटे में 6 मौतें हुई हैं। सोमवार को अहमदाबाद में 18 साल की गर्भवती लड़की और 47 साल की महिला की कोरोना से जान गई। इससे पहले दिल्ली में 22 साल की लड़की और तमिलनाडु में 25 साल के लड़के की कोरोना से मौत हुई थी। लगातार बढ़ते केसों के बीच कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखने और स्वच्छता का खास ध्यान रखने की अपील की। बुखार, खांसी, सीने में दर्द या सांस लेने में दिक्कत होने पर तुरंत जांच कराने को कहा है। राज्य में 253 एक्टिव केस हैं। केंद्र सरकार ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए तैयारियां पूरी केंद्रीय स्वास्थ्य और आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और आयुष मंत्रालय पूरी तरह से सतर्क हैं। सभी राज्यों के हालात पर नजर रख रहे हैं। हमने संबंधित सचिवों और मंत्रियों से बातचीत की है।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़: शिवराज

नई दिल्ली, वार्ता



■ विकसित भारत का संकल्प विकसित कृषि और समृद्ध किसान से पूरा होगा

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि बिहार के प्रसिद्ध और लोकप्रिय फल लीची पर शोध करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे किसानों को इसके बेहतर दाम मिल सके।

चौहान ने सोमवार को 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के पांचवें दिन बिहार के पूर्वी चंपारण में किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और किसान उसकी आत्मा है। विकसित भारत का संकल्प, विकसित कृषि और समृद्ध किसान से मिलकर ही पूरा हो सकता है, जिसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। श्री चौहान ने लीची की पैदावार करने वाले किसानों से संवाद किया जिसमें लीची के किसानों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि लीची के जल्दी खराब होने की प्रवृत्ति के कारण पैदावार को 48 घंटों के भीतर बेचना होता है। इस कारण कभी-कभी कम दाम मिलते है। इस समस्या को दूर करने के लिए कदम उठाएंगे। इस संबंध में केंद्रीय कृषि मंत्री ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों से शोध करने और ऐसी तकनीकों को अपनाने का निर्देश दिए गए हैं जिससे लीची जल्दी खराब नहीं हो और किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिल सके। उन्होंने इसके लिए 'कोल्ड स्टोरेज[ की संख्या में वृद्धि की भी बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कारगर नीतियों के फलस्वरुप बिहार में मक्का की खेती में तेजी से इजाफा हो रहा है। मक्के का प्रयोग अब इथेनॉल में भी होने लगा है। पहले 1200 से 1500 रुपए के बीच प्रति क्विटल मक्का बिकता था। इथेनॉल के कारण मक्के के दाम में वृद्धि हुई है। पहले जहां मक्का प्रति हेक्टेयर 23 से 24 क्विटल था वहीं बढ़कर अब 50 से 60 क्विटल प्रति हेक्टेयर हो गया है। बासमती चावल के साथ-साथ चावल की अन्य किस्मों में भी उत्पादन वृद्धि के लिए वैज्ञानिकों को शोध करने एवं उन्नत किस्म के बीज विकसित करने के निर्देश देते हुए श्री चौहान ने कहा कि बिहार में किसानों के पास छोटे-छोटे खेत है, लेकिन इसके बावजूद बिहार के किसान धरती से सोना उगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। श्री चौहान ने कहा कि नकली कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ सख्त कदम उठाएं जा रहे हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


# समाज के अंतिम छोर के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना होगा: धामी

## मुख्यमंत्री ने विकसित उत्तराखंड बनाने की दिशा में कार्य करने के दिए निर्देश

■ ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक बनाई जाए विस्तृत योजना: मुख्यमंत्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** विकसित उत्तराखण्ड के लिए ग्राम स्तर से जनपद स्तर तक 2047 तक कैसा स्वरूप होगा, इस दिशा में जिलाधिकारियों द्वारा कार्य किये जाएं। समाज के अन्तिम छोर के लोगों तक पहुंचकर उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के साथ ही उनको मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में कार्य किये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल बैठक के दौरान सभी जिलाधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जाएं। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी, वर्चुअल माध्यम से कुमाऊँ कमिश्नर दीपक रावत एवं सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।



### हर जनपद में 5-5 नवाचारों पर करें कार्य

मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने जनपदों में जनहित से जुड़े 5-5 बैस्ट प्रैक्टिस और नवाचारों पर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में सबसे पहले टीबी मुक्त होने वाले तीन जनपदों को पुरस्कृत किया जायेगा। सभी जिलाधिकारियों को नियमित स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से 25 जुलाई तक जनपदों में बृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये हैं।

**योग दिवस के लिए अभियान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए सभी जिलों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। व्यापक स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया जाए। 15 जून को होने वाले कैंची धाम स्थापना दिवस के अवसर पर ट्रैफिक प्रबंधन के लिए यातायात व्यवस्था के साथ ही आवश्यकतानुसार अस्थायी पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की जाए। वेरिफिकेशन ड्राइव को और अधिक प्रभावी एवं तेज गति से संचालित किया जाए।

**फर्जी डॉक्यूमेंट्स व अतिक्रमण पर सख्ती**

अवैध रूप से बनाये गये आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और अन्य दस्तावेजों के विरूद्ध सख्त अभियान निरंतर जारी रखा जाए। सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। सरकारी कार्यालय में 1064 हेल्पलाइन से संबंधित बोर्ड एवं बैनर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किये जाए और भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखण्ड के लिए लोगों को जागरूक किया जाए।

### मानसून सीजन का रखें ध्यान

भारतीय मौसम विभाग द्वारा मानसून अवधि में राज्य में औसत से अधिक बारिश की चेतावनी जारी की गई है। सीएम धामी ने कहा कि इसको ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि मानसून शुरू होने से पहले नालों की सफाई हो जाए। मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए पेयजल, विद्युत, सड़कों की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पानी की टंकिया स्वच्छ रखी जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू, मलेरिया और कोरोना से बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

**स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए**

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दिया जाए और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाए। एक जनपद दो उत्पाद पर विशेष ध्यान दिया जाए। सरकारी कार्यक्रमों में स्थानीय उत्पादों का उपयोग किया जाए, इसका पूर्णतः पालन किया जाए।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड में अधूरा है फैसला: अलका लांबा



■ महिला अपराध के क्षेत्र में भाजपा शासित प्रदेश आगे ■ आज भाजपा नेताओं से बेटियां बचाने की जरूरत: दसौनी ■ महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता दसौनी ने दिल्ली में प्रेसवार्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली/देहरादून।** अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में आये फैसले को अधूरा इंसाफ करार देते हुए महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी ने सोमवार को दिल्ली एआईसीसी हैडक्वाटर इंदिरा भवन में प्रेसवार्ता की।

महिला अपराध पर आयोजित प्रेस वार्ता को महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व दसौनी ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए बिहार समेत पूरे देश के महिला अपराधों के एनसीआरबी की रिपोर्ट के आधार पर आंकड़े राष्ट्रीय मीडिया के साथ साझा किए। महिला अपराध के श्रेत्र में नंबर एक के पायदान पर राजस्थान, दूसरे पर उत्तर प्रदेश और तीसरे पर मध्य प्रदेश है, तीनों ही राज्यों में डबल इंजन की सरकारें हैं। दसौनी ने अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में कहा की कोटद्वार की कोर्ट की औश्र से सुनाया गया फैसले स्वागत योग्य है, फैसले का पूरा सम्मान है क्योंकि न्यायालय के फैसले साक्ष्य और सबूतों के आधार पर होते हैं और जो तथ्य 2 साल 9 महीने में कोटद्वार कोर्ट के सामने प्रस्तुत किए गए उन तथ्यों के आधार पर कोर्ट का फैसला संतोषजनक है, मगर उन सबूतों और साक्ष्यों का क्या जो हत्याकांड होते ही शुरुआत में ही नष्ट कर दिए गए।

दसौनी ने प्रेस वार्ता के दौरान हाल फिलहाल में उत्तराखंड में हुए महिला अपराधों की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के बड़े-बड़े पदाधिकारी महिला एवं नाबालिगो के साथ दुष्कर्म में संलिप्त पाए जा रहे हैं ,इसलिए भाजपा का बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा झूठा और कोरी बकवास है। आज यदि जरूरत है तो भाजपा से बेटियां बचाने की जरूरत है। उन्होने तीन बार सरकारी वकील बदलने और अंकिता भंडारी के पिता और भाई की सरकारी नौकरी लगाने के दावों को भी छूटा करार दिया। अंकिता के पिता का वह वीडियो दिखाया और सुनाया जिसमें पोस्टर रिलीज होने के मात्र 6 घंटे के भीतर पिता ने ही उन खबरों को खारिज कर दिया और उल्टा प्रदेश के मुख्यमंत्री से पूछा कि आपने मेरी नौकरी किस विभाग में लगाई है बताइए?

# छात्रों की सफलता की गारंटी बनेगा 'सुपर-100' : डॉ. रावत

■ इंजिनियरिंग व मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षा की मिलेगी निःशुल्क कोचिंग

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को एससीईआरटी सभागार, ननूरखेड़ा में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा-12 विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार करने हेतु 'सुपर 100' कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग दी जायेगी। जिसमें बच्चों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया गया है।

कार्यक्रम में बतार मुख्य अतिथि डॉ. रावत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं के आत्मविश्वास को दोगुना करते हैं और उन्हें प्रतियोगी परीक्षा के लिये मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि सुपर-100 कार्यक्रम बच्चों की सफलता की गारंटी साबित होगा, और इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण लेने वाले बच्चे इंजिनियरिंग व मेडिकल के क्षेत्र में अपना परचम लहरायेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि यह कार्यक्रम 01 जून 2025 से 15 जुलाई 2025 तक कुल 45 दिनों तक चलाया जायेगा और चयनित छात्र-छात्राओं को सभी सुविधाएं निःशुल्क दी जायेगी। जिसमें भोजन, आवास, पठन सामग्री एवं कोचिंग के लिए शिक्षकों की व्यवस्था शामिल है। कोचिंग के लिए अनुभवी शिक्षकों की व्यवस्था की गयी है। कोचिंग के दौरान छात्रों का निरंतर मूल्यांकन किया जायेगा साथ ही उन्हें प्रतिष्ठित संस्थानों व स्थानों का भ्रमण भी कराया जायेगा। डॉ. रावत ने शिक्षकों से अपील की कि अब प्रतिस्पर्धा व आत्मनिर्भरता का समय है और इसे चुनौती के रूप में स्वीकार कर छात्रों को तैयार करने के अवसर पैदा करें।



### डीजी शिक्षा ने दिया योजनाबद्ध तरीके से एंट्रेस एग्जाम की तैयारी करने का सुझाव

महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा अभिषेक रुहेला ने बच्चों को अपने लक्ष्य साधने के लिए योजनाबद्ध तरीके से एंट्रेस एग्जाम की तैयारी करने का सुझाव दिया गया। वहीं अपर राज्य परियोजना निदेशक कुलदीप गैरोला ने बच्चों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आपके अध्यापक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का रास्ता दिखा सकते हैं, पर तैयारी में सारी मेहनत आपको ही करनी है।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सहयोगी संस्था अवन्ती फेलोज का भी सहयोग लिया जा रहा है। विभागीय मंत्री ने छात्र-छात्राओं को कहा कि सफलता पाने के लिये छात्रों को कड़ी मेहनत करनी होगी, इसके लिये उन्हें सिलेबस को समझना होगा और एक अध्ययन योजना बनानी होगी। इसके साथ ही नियमित अभ्यास, मॉक टेस्ट और समय प्रबंधन भी जरूरी है। डॉ. रावत ने कहा कि तनाव और चिन्ता से निपटने के लिए स्वस्थ जीवनशैली यथा-पर्याप्त नींद, स्वस्थ भोजन और व्यायाम आवश्यक है। दोस्तों या सहपाठियों के साथ अध्ययन करके एक-दूसरे की सहायता कर प्रेरणा प्राप्त करें। सकारात्मक दृष्टिकोण रखें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहें। इस अवसर पर निदेशक एससीईआरटी वन्दना गर्ब्याल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा मुकुल कुमार सती, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा अजय नौडियाल, अपर निदेशक महानिदेशालय पदमेन्द्र सकलानी, उप राज्य परियोजना निदेशक अजीत भण्डारी, प्रद्युमन सिंह रावत, अंजुम फातिमा, कार्यक्रम समन्वयक अखलेश ध्यानी, समस्त राज्य समन्वयक, एसीईआरटी के प्रवक्ता व अवन्ती फेलोज के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# आबकारी आयुक्त बनीं अनुराधा पाल, हरिश्चंद्र को हटाया



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** शासन ने आबकारी आयुक्त के पद से आईएएस हरिश्चंद्र सेमवाल को हटा दिया है। अब आबकारी आयुक्त वर्ष 2016 बैच की आईएएस अनुराधा पाल को बनाया गया है। शासन में अन्य विभागों के पदभार भी अनुराधा पाल के पास बने रहेंगे। उन्होने आबकारी आयुक्त के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया है।

अनुराधा पाल उत्तराखंड की पहली महिला आबकारी आयुक्त हैं। करीब तीन वर्षो से आबकारी आयुक्त के तौर पर हरिश्चंद्र सेमवाल पदभार संभाल रहे थे लेकिन अब शासन ने उनको इस पद से हटा दिया है। शासन में बाकी के विभागों की जिम्मेदारी उनके पास बनी रहेगी।

# शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलेंगे 50 लाख, शासनादेश जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कारगिल विजय दिवस के अवसर पर प्रदेश में शहीद सैनिकों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख से बढ़ाकर 50 लाख किये जाने की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन से संबंधित शासनादेश सोमवार को जारी कर दिया गया है। सैनिक कल्याण अनुभाग के स्तर से जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा के क्रम में यह धनराशि शहीद आश्रितों को 26 जुलाई, 2024 से अनुमन्य की जायेगी। इस प्रकार प्रदेश में अब शहीद सैनिकों के आश्रितों को 50 लाख की अनुग्रह राशि अनुमन्य होगी।



■ अनुग्रह राशि 10 लाख से 50 लाख किये जाने का जारी हुआ शासनादेश ■ कारगिल विजय दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा ■ 26 जुलाई, 2024 से अनुमन्य होगी बढ़ी हुई अनुग्रह धनराशि

मुख्यमंत्री ने कहा है कि उत्तराखंड देवभूमि के साथ वीर भूमि भी है। हमारे वीर जवानों ने देश की सीमाओं की सुरक्षा में अपने अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों के हित में भी कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। वन रैंक-वन पेंशन, नेशनल वॉर मेमोरियल का निर्माण, रक्षा बजट में वृद्धि के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। शहीदों के आश्रितों को मिलने वाली अनुग्रह राशि को 10 लाख रुपए से बढ़ाकर 50 लाख रुपए किया गया है। सेना में परमवीर चक्र से लेकर मेन्सन इन डिस्पैच तक सभी वीरता पुरस्कारों से अंलकृत सैनिकों को दी जाने वाली एकमुश्त तथा वार्षिकी राशि में भी वृद्धि की गई है। बलिदानियों के परिवार के एक सदस्य को राज्य की सरकारी नौकरी में समायोजित करने का भी निर्णय लिया गया है।

# वन पंचायतों को जड़ी-बूटी रोपण के जरिए बनाया जाएगा सशक्त

■ मुख्य सचिव ने गैर काष्ठ वन उपजों के संदर्भ में की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** प्रदेश में जड़ी- बूटी के विकास और संरक्षण से संबंधित वन विभाग द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी लेते हुए मुख्य सचिव ने वन विभाग को निर्देशित किया कि स्थानीय समुदायों और वन पंचायतों को जड़ी बूटी रोपण, इको टूरिज्म एवं मूल्य संवर्धन गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाएं।

उन्होंने जड़ी बूटी के विकास के माध्यम से आजीविका सृजन, कौशल विकास एवं स्थानीय आर्थिक व बुनियादी ढांचे में सुधार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में गैर प्रकाष्ठ वन उपज का विकास तथा हर्बल एवं एरोमा टूरिज्म प्रोजेक्ट के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में सचिव वन सी रवि शंकर, पीसीसीएफ धनंजय मोहन, मुख्य वन संरक्षक राहुल, अपर सचिव पर्यटन डॉ पूजा गर्ब्याल, अपर सचिव वन विनीत कुमार, सीसीएफ इको टूरिज्म पी के पात्रों, निदेशक सगंध पौध केंद्र नृपेंद्र चौहान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम धामी ने 'मोदी सरकार के 11 वर्ष-संकल्प से सिद्धि तक' को किया संबोधित

**देहरादून ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** "मोदी सरकार के 11 वर्ष-संकल्प से सिद्धि तक" कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल प्रतिभाग करते हुए संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आगामी 9 जून को आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के 11 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण करने जा रहे हैं। 11 वर्षों का यह युग परिवर्तनकारी कालखंड भारत के आत्मगौरव, स्वाभिमान और राष्ट्रीयता की भावना के पुनर्जागरण का ऐतिहासिक काल रहा है जिसमें हमारा देश वैश्विक मंच पर एक सशक्त, सक्षम और समर्थ राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2014 से प्रारंभ हुई ये यात्रा भारतीय जनमानस की आकांक्षाओं को यथार्थ में बदलने की यात्रा रही। इस यात्रा में आदरणीय प्रधानमंत्री ने श्शसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासश्श के मूल मंत्र के साथ राष्ट्रप्रथम की भावना को आत्मसात करते हुए राष्ट्र के नव निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया । इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने शासन व्यवस्था को न केवल नई कार्य संस्कृति से समृद्ध किया, बल्कि नीतियों को निर्णायक बनाकर सही नीयत और नतीजों से विकास के नए आयाम स्थापित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आज उत्तराखंड में भी विकास की गंगा बह रही है।

# एमडीडीए पहुंचा श्रीलंका का 40 अफसरों का दल

■ एक दिवसीय वर्कशाप में आधुनिक डिजिटल तकनीकी के माध्यम से प्राधिकरण में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण में सोमवार को श्रीलंकाई अफसरों का एक 40 सदस्यीय दल पहुंचा। जहां उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित एक वर्कशॉप में आधुनिक डिजिटल तकनीकी के माध्यम से प्राधिकरण में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके पहले श्रीलंकाई दल का स्वागत प्राधिकरण के संयुक्त सचिव गौरव चटवाल ने किया और विस्तार से प्राधिकरण की कार्यशैली पर सदस्यों को जानकारी दी।

एक दिवसीय वर्कशॉप में एमडीडीए पहुंचा ये श्रीलंका प्रशास. निक अधिकारियों का दल इसके पहले मसूरी में स्थापित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी में पहुंचा था। जहां से उन्होंने देहरादून के मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित मुख्यालय में इस वर्कशॉप में हिस्सा लिया और मास्टर प्लानिंग, डिजिटल मैपिंग, कम्प्यूटराइज्ड ई सर्विसेस के साथ साथ आने वाले एआई के दौर में कैसे प्राधिकरण इसका जनहित से जुड़ी योजनाओं में इस्तेमाल करेगा, इस पर भी विस्तार से स्क्रीन पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एक्सपर्ट टीम से जानक. ारी हासिल की।इस वर्कशॉप में एमडीडीए के विषय विशेषज्ञों ने फील्ड में राज्य सरकार की विकास योजनाओं को सफल बनाने में आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के किये जा रहे सफल इस्तेमाल पर भी सदस्यों को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी साझा की। इस वर्कशॉप में प्राधिकरण के अन्य सदस्यों में मुख्य अभियंता हरि चंद सिंह राणा ,अधिशासी अभियंता सुनील कुमार के साथ विभागीय कर्मचारी नवजोत सजवान , नीरज सेमवाल , प्रशांत नौटियाल , मनु शर्मा भी मौजूद रहे।

# हरिद्वार भूमि घोटाले के आरोपियों पर कब होगी कार्यवाही: कांग्रेस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि उत्तराखंड की आध्यात्मिक राजधानी हरिद्वार में हुए भूमि खरीद घोटाले की जांच पूरी हो जाने के बाद जांच अधिकारी की और से जांच रिपोर्ट सरकार को सौंप दिए जाने के बाद भी अभी तक दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही न होना अपने आप में प्रदेश में सिस्टम में भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार को संरक्षण का एक नायाब उदाहरण है।

सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान धस्माना ने कहा कि सरकार की और से दोषी अधिकारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही अब तक ना करना यह बता रहा है कि कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों को ताकतवर लोगों का संरक्षण मिला हुआ है। धस्माना ने कहा कि जमीन घोटाले की जांच में यह पाया गया कि भूमि का भू उपयोग कृषि था जिसका सर्किल रेट छह हजार रुपए था और अगर उस भूमि को कृषि उपयोग में ही खरीदा जाता तो उसकी कीमत मात्र 15 करोड़ रुपए आती, मगर इसकी खरीद से पूर्व इसका भू उपयोग बदल दिया गया और उसके तत्काल बाद नगर निगम हरिद्वार ने उसकी खरीद का अनुबंध कर उसको 54 करोड़ में खरीदा लिया। धस्माना ने कहा कि भू उपयोग परिवर्तित करने, नगर निगम हरिद्वार की और से उसका अनुबंध करने व फिर उसको खरीदने में जो तेजी दिखाई गई वो गजब की है।




■ हरिद्वार भूमि घोटाला राज्य में सिस्टम के भ्रष्टाचार का एक प्रतिबिम्ब: धस्माना

# सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव गुलफाम अली का निधन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व जिला अध्यक्ष गुलफाम अली का इलाज के दौरान दिल्ली के एक अस्पताल में निधन हो गया। गुलफाम अली लीवर की बीमारी से ग्रस्त थे दिल्ली में उनका इलाज चल रहा था इलाज के दौरान सोमवार सुबह को इंतकाल हो गया।

गुलफाम अली के निधन की खबर मिलते उनके निवास स्थान मेह. वाला माफी सहित शहर भर में शोक की लहर दौड़ गई। छात्र जीवन से लेकर राजनैतिक सफर के दौरान के साथियों ने अनके आवास पर पहुंच कर शोक व्यक्त किया। गुलफाम अली सपा कई पदों पर रहे, सहसपुर से विधासभा का चुनाव भी लड़ा। गुलफाम अली के ऐसे अचानक चले जाने से घर वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों को गहरा आघात लगा है। आरिफ वारसी ने कहा कि गुलफाम अली का जाना समाज के लिये बड़ा नुकसान है, वह हमेशा समाज सेवा के कार्य में लगे रहते थे। मौलाना आर हक्कानी, मौलाना कासिम कासमी, मौलाना गुलशैर अली, कांग्रेस नेता सूर्यकांत धस्माना, याकूब सिद्दीकी, हाजी सुल. मान अंसारी, सपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एसएच सचान, डॉ. पाठक, आभा बर्थवाल, मुकीम अहमद, शहजाद अली, राव नसीम, इम्तियाज अहमद आदि सहित सैकड़ों लोगों ने उनके आवास पर पहुंच कर गुलफाम अली के निधन पर दुख का इजहार किया और उनकी मगफिरत की दुआ करने के साथ ही परिजनों को ढाढस बंधाया। देर रात तेलपुर कब्रिस्तान में उनको सुप्रुद-ए-खाक किया गया।



■ सियासी दलों, समाजिक संगठनों ने जताया शोक

# यौन उत्पीड़न की शिकार बालिका से मिली बाल आयोग अध्यक्ष



■ डॉ गीता खन्ना ने की पीड़िता के स्वास्थ्य, शिक्षा, मानसिक स्थिति एवं सामाजिक पुनर्वास की समीक्षा ■ बालिका की मानसिक स्थिति को बताया बेहतर ■ पेंसिल बॉक्स प्रिपरेटरी स्कूल" में घटित घटना का भी लिया संज्ञान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** नैनीताल जनपद में अप्रैल माह के दौरान 12 वर्षीय बालिका के साथ घटित यौन उत्पीड़न की घटना के संबंध में आरोपी उस्मान अली के विरुद्ध उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने त्वरित संज्ञान लिया था। इस संवेदनशील प्रकरण में पीड़िता के स्वास्थ्य, शिक्षा, मानसिक स्थिति एवं सामाजिक पुनर्वास के विभिन्न पहलुओं की समुचित समीक्षा के लिए आयोग की अध्यक्ष डॉ गीता खन्ना ने स्वयं बालिका एवं उसकी बहन से उनके पुनर्वासित आवास (हॉस्टल) में व्यक्तिगत रूप से भेंट की ।

भेंट के दौरान यह पाया गया कि बालिका की मानसिक स्थिति में सुधार है तथा वह पुनः शैक्षिक गति. विधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रही है। अब तक की गई पुनर्वास व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। आयोग इस प्रकरण में बालिका की शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक स्थिति एवं सामा. जिक पुनर्वास की निरंतर निगरानी करता रहेगा तथा मासिक प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करता रहेगा।

दो दिन पूर्व देहरादून के "पेंसिल बॉक्स प्रिपरेटरी स्कूल" में घटित एक अन्य गंभीर घटना का भी आयोग ने तत्काल संज्ञान लिया है। आयोग इस मामले के सभी पहलुओं पर सक्रिय रूप से निगरानी रखते हुए दोषियों के आचरण एवं कानूनी प्रक्रिया में पाई जा रही कमियों की भी गहन समीक्षा कर रहा है, जिससे भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। इन्हीं संदर्भों में आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को एक पत्र प्रेषित किया है, जिसमें यह निर्देश दिया गया है कि उनके जनपदों में संचालित सभी प्रकार के छात्रावासों, कोचिंग संस्थानों, आवासीय विद्यालयों, होम्स तथा ऐसे सभी स्थलों की विस्तृत सूचना उपलब्ध कराई जाए, जहाँ बच्चे एकत्र होते हैं, निवास करते हैं, अध्ययन या खेलकूद करते हैं। इस पहल का उद्देश्य राज्य में बच्चों के संरक्षण से संबंधित संरचनात्मक व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति को समझना तथा आवश्यक नीतिगत एवं प्रशासनिक सुधार सुनिश्चित करना है।

उत्तराखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग बच्चों के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा एवं समग्र विकास के लिए सतत रूप से प्रतिबद्ध है।

# 'एक पेड़ मां के नाम' हरेला पर्व तक चलेगा पौधारोपण अभियान

शाह टाइम्स संवपददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार को जिला सभागार, नई टिहरी में जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस बैठक में विशेष रूप से आगामी 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस से लेकर हरेला पर्व तक चलाए जाने वाले पौधारोपण अभियान की व्यापक कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान सिर्फ औपचारिकता न होकर जनजागरूकता और उत्तराखंड की पारंपरिक प्रकृति पूजा की भावना से जुड़ा होना चाहिए। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत स्वयं एक पौधा रोपित करने, उसकी जगह चिन्हित करने और उसकी देखभाल की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लेने के निर्देश दिए।

सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों (ईओ) को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अत्यधिक गंदगी वाले स्थलों को चिह्नित कर विशेष सफाई अभियान चलाएं, साथ ही पर्यावरण संरक्षण हेतु कपड़े के थैले वितरित करें और इन अभियानों से संबंधित फोटोग्राफ्स जिला प्रशासन को भेजें।

युवा कल्याण विभाग को महिला एवं युवक मंगल दलों की भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया है। इन दलों को गांवों, नालियों और पेयजल स्रोतों की सफाई का जिम्मा सौंपा गया है। जिलाधिकारी ने यह भी घोषणा की कि सबसे अच्छा कार्य करने वाले दल



को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

शिक्षा विभाग को पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने तथा 'जनपद टिहरी: 2047' के विषय पर विजन स्टेटमेंट को लेकर गोष्ठी आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

वहीं, सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने ब्लॉकों में कूड़ा वाहनों की स्थिति की जांच करने और आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।धार्मिक एवं पर्यटक स्थलों की साफ-सफाई के लिए डीटीडीओ और जिला पंचायत अधिकारियों को स्थानीय पुलिस और व्यापार मंडलों के

### जिलाधिकारी ने दी साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कड़े निर्देश

सहयोग से विशेष अभियान चलाने को कहा गया। मानसून को देखते हुए जिलाधिकारी ने लोनिवि, पीएमजीएसवाई, एनएच और सभी नगर निकायों को निर्देशित किया कि कलवर्ट और नालियों की नियमित सफाई कराई जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव के कारण बस्तियों में पानी न घुसे, इसके लिए संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी कर आवश्यकतानुसार जेसीबी से सफाई करवाई जाए। किसी भी स्तर पर लाप. रवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।सभी कार्यालयों में 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड 1064' प्लैक्स लगाए जाने, लंबित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा और अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सभी ऑक्सीजन प्लांटों की जांच, आयुष्मान एवं राशन कार्ड सत्यापन, नरेंद्रनगर में बैडमिंटन कोर्ट निर्माण, क्लस्टर स्कूलों और सेंटर स्कूलों के संचालन, पूल्ड आवास योजनाओं और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता लोनिवि मनोज बिष्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्याम विजय सहित अन्य विभागीय अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से मौजूद रहे।

# पैर फिसलने से नदी में गिरी नेपाली मूल की महिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर भीमबली के समीप जंगल में घास काटने गई नेपाली मूल की महिला का पैर फिसलने से चट्टान से टक्कराकर मंदाकिनी नदी में जा गिरी। नदी का बहाव तेज होने के कारण महिला नदी में बह गई। सूचना मिलते ही डीडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। महिला की ढूंढखोज जारी है।

केदारनाथ यात्रा मार्ग में संचालित होने वाले घोड़े-खच्चरों के लिए नेपाली मूल की महिलाएं घास काटने का काम करती हैं। वे हरा चारा बेचकर अपना गुजर बसर करती हैं। सोमवार को भीमबली के पास के जंगलों में घास काटने गई नेपाली मूल की



सुनीता मानसी पत्नी अर्जुन मानसी उम्र 44 वर्ष का पैर फिसल गया और वह चट्टान से टकराकर सीधे नदी में जा गिरी। नदी में तेज बहाव होने से महिला बहकर झील में चली गई। झील काफी गहरा होने के कारण एसडीआरएफ और डीडीआरएफ टीम की ओर से सर्च अभियान चलाया जा रहा है। काफी ढूंढखोज के बाद भी महिला का कई पता नहीं चल पाया है।

## भाषण में अनीता और कीर्तन में उनाना ने मारी बाजी

श्रीनगर। देवप्रयाग विधानसभा के अंतर्गत उनाना भौंगरामपुर के संयुक्त तत्वावधान में मां चंद्रबदनी कीर्तन प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। सोमवार को ग्राम पंचायत उनाना भवन में आयोजित भाषण प्रतियोगिता मध्ें अनीता देवी ने प्रथम, पदमा उनियाल ने द्वितीय और चंद्रकला बंगवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कीर्तन प्रतियोगिता में पांडव कीर्तन समिति उनाना ने प्रथम, झाली माली डांडा ने द्वितीय और झाली माली भगेली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर आयोजक मंगतराम मठियाल, गोविंद सिंह चौहान, विनोद बिष्ट, विनोद रौथाण, राजेंद्र बिष्ट, प्रदीप रौथाण सहित आदि मौजूद थे।

# विकास के लिए दीर्घकालिक योजना:डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरी/उत्तरकाशी** 02 जून : जिलाधिकारी डॉ.मेहरबान सिंह बिष्ट सुदूरवर्ती ब्लाक मोरी पहुंचकर सतलुज जल विद्युत परियोजना से प्रभावितों से मूलाकत कर उनकी समस्याएं सुनी है। सोमवार को जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय विधायक दुर्गेश्वर लाल की उपस्थिति में बैनोल गांव में सतलुज जल विद्युत परियोजना लिमिटेड से प्रभावित गांवों के परिवारों की समस्याएं सुनीं। परियोजना के तहत धरातल पर हुए निर्माण कार्यों को लेकर ग्रामीणों के साथ चर्चा हुई। तथा नए निर्माण कार्य जो यहां के सामुदायिक आवश्यकताओं को पूर्ण करते हो उन पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान अवस्थापना सिंचाई खंड के कार्यों को लेकर ग्रामीणों ने शिकायत की। जिस पर जिलाधिकारी ने कमेटी



### बैनोल गांव में परियोजना से प्रभावितों की डीएम , विधायक ने सुनी समस्याएं

गठित कर जांच करने के निर्देश एसडीएम पुरोला को दिए। जिलाधिकारी ने नैटवाड़,गैंचवांण,बैनोल गांव में संचा. लित निर्माण कार्यों की समीक्षा की। बारात घर,शौचालय निर्माण,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी में उपकरण,कोविड केयर यूनिट, नवीनीकरण कार्यों, विद्यालयों को फर्नीचर आदि की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त लाभार्थी परक योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि परियोजना के निर्माण होने से क्षेत्र का विकास बड़े पैमाने पर हुआ है। इससे जहां स्थानीय स्तर पर रोजगार का सर्जन हुआ है वहीं पलायन पर भी अंकुश लगा है। उन्होंने कहा कि सतलुज जल विद्युत परियोजना यहां की दीर्घकालिक जरूरतों को पूरा करेगी। वहीं केदारकांठा,हरकीदून जैसे पर्यटन क्षेत्र और बागवानी में स्थानीय स्तर पर आजीविका संवर्धन को मजबूती मिली है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं क्षेत्रीय विधायक को पारम्परिक टोपी व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने नैटवाड़ में सुरक्षात्मक कार्य,केवला से बैनोल तक सड़क मार्ग और 100 यूनिट बिजली 10 साल तक नि:शुल्क देने और बैनोल गांव में कौंल केदारी मंदिर निर्माण के कार्यों को सतलुज जल विद्युत परियोजना को समयबद्धता के साथ निस्तारण करने की अपेक्षा की।

इस दौरान उपजिलाधिकारी पुरोला मुकेश चन्द्र रमोला, मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल, ईई लघु सिंचाई भरत राम,जिला कार्यक्रम अधिकारी यशोदा बिष्ट,महाप्रबंधक एसजेवीएनएल,नरेश शर्मा,प्रबंधक अमित कुमार शर्मा,राजीव शर्मा,तरूण उपाध्याय सहित प्रशासक मोरी बचन सिंह पंवार,मंडल अध्यक्ष भाजपा मोरी प्रेम सिंह चौहान,राजेन्द्र सिंह रावत

जगदीश रांगड़,प्रशासक नैटवाड़ राज. ेश रावत,रोहित चौहान,आशीष चौहान आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### छात्र - छात्राओं को कराया योगासन का अभ्यास

**लैंसडौन ।** जयहरीखाल विकास खंड के राइंका मठाली में चल रहे समर कैंप के छठवें दिन योगासन कराने के साथ ही प्रेरक चल चित्र आइएम कलाम दिखाया गया और छात्रों को उनके चरित्र से प्रेरणा ग्रहण करने का आह्वान किया गया। छठे दिन की गतिविधियों का शुभारंभ संस्कृत प्रार्थना एवं प्रतिज्ञा के साथ किया गया। तत्पश्चात योग में उष्ण योग एवं भ्रामरी प्राणायाम, संस्कृत में गंगा आरती, वैज्ञानिक गतिविधियों में स्थिर वैद्युतिकी प्रयोग व प्रेरक चलचित्र आई एम कलाम दिखाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य दीपक गौड़ ने छात्रों को भारत की महान हस्तियों के प्रेरक प्रसंग सुनाए। कार्यक्रम में दीपक जदली, विवेक भट्ट , रुचि पैन्यूली, नीलम सैनी और वंदना नेगी आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### यमुनोत्री धाम घोड़े खच्चरों में अज्ञात बीमारी , पशु चिकित्सा विभाग जुटा उपचार में



**उत्तरकाशी/बड़्घ्कोट:** केदारनाथ के बाद अब यमुनोत्री यात्रा धाम में भी घोड़े -खच्चरों में अज्ञात बीमारी लक्षण दिखाई देने से पशुपालन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इधर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ हरि सिंह बिष्ट ने बताया कि जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम के लिए संचालित हो रहे कुछ घोड़े -खच्चरों में खांसी ,जूखाम के लक्षण दिखाई दिए हैं। पशुपालन विभाग ने बिमार घोड़ों -खच्चरों को यात्रा में जाने में जाने पर रोक लगा दी है । उन्होंने बताया कि अभी स्थित कंट्रोल में है , डॉक्टरों की टीम बढ़ा दी यात्रा रूटों पर मॉनिटरिंग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक 15 से अधिक घोड़े- खच्चरों के रेंडमली सैम्पल लिया गया था जिसकी रिपोर्ट आने वाली है। उपचार करने में जुटा है। और तो और स्थानीय प्रशासन व स्थानीय पुलिस से इसमें सहयोग लिया जा रहा है ।

### नागरिक मंच ने मेडिकल कॉलेज निर्माण सहित कई मुख्य बिंदुओं पर की चर्चा

**कोटद्वार ।** नागरिक मंच की व्यापार मंडल सभागार में आयोजित मासिक बैठक में कोटद्वार में मेडिकल कॉलेज निर्माण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नागरिक मंच लंबे समय से क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज स्थापना की मांग उठाता आया है, लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई न होने पर मंच हाईकोर्ट में पीआइएल दायर करने पर विचार कर रहा है। कहा कि क्षेत्र में नई पेयजल लाइन बिछाने के लिए कार्यदायी संस्था की ओर से सड़कों को खोदा जा रहा है। खुदाई में पुरानी पेयजल लाइनों को भी नुकसान हो रहा है, लेकिन संस्था की ओर से इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वक्ताओं ने लंबे समय से लालढांग-चिलरखाल मोटर मार्ग पर शासन प्रशासन द्वारा ध्यान न दिए जाने पर भी आश्चर्य जताते हुए कहा कि जनता लंबे समय से इस मोटर मार्ग के निर्माण की मांग उठा रही है, लेकिन जिम्मेदार मौन हैं। तय किया गया कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मेयर व अन्य जनप्रतिनिधियों से शीघ्र वार्ता की जायेगी। बैठक में मंच अध्यक्ष सीपी नैथानी, महासचिव अतुल भट्ट , देवव्रत काला, वाचस्पति बहुखंडी, राजेंद्र पंत, सुबोध देवरानी, सुरेश मधवाल और सुदीप बौंठियाल सहित मंच से जुड़े अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### आईएचएमएस संस्थान में आयोजित हुई फेयरवेल पार्टी

**कोटद्वार ।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित आईएचएमएस संस्थान में सोमवार को आयोजित फेयरवेल पार्टी में जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर्स को विदाई दी और रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा। समारोह का आरंभ संस्थान के निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी और निदेशक प्रशासनिक कर्नल बीएस गुसाईं सेनि. ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात सीनियर और जूनियर छात्र-छात्राओं ने रैंप वाक किया। साथ ही एकल और समूह में हिंदी और गढ़वाली गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। मौके पर अनमोल नेगी मिस्टर फेयरवैल और ख्वाइश रावत मिस फेयरवेल चुनी गईं। दक्ष अग्रवाल बेस्ट परफार्मर व रितु नेगी बेस्ट चार्मिंग चुनी गईं। निर्णायक मंडल में असिस्टेंट प्रोफेसर सपना रौथाण, अनुराग सेमवाल और सुरेंद्र जगवान शामिल रहे। अंत में निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी और निदेशक प्रशासनिक कर्नल बीएस गुसाईं ने विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान विजय पंत, प्रवीण त्रिपाठी और वीरेंद्र आर्य सहित संस्थान का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जिला गंगा समिति की बैठक का हुआ आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में सोमवार को जिला गंगा समिति की बैठक जिला मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक में जनपद टिहरी गढ़वाल के मुनिकीरेती क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं और गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विशेष रूप से गंगा वाटिका पार्क के रखरखाव, एसटीपी (सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) के संचालन और विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने मुनिकीरेती क्षेत्र में स्थित गंगा वाटिका पार्क के निर्माण और रखरखाव को लेकर एनएमसीजी



(नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा) और एसएमसीजी (स्टेट मिशन फॉर क्लीन गंगा) की निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर नगरपालिका परिषद मुनिकीरेती के अधिशासी अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि वे एक सप्ताह के भीतर संबंधित ठेकेदार से सभी लंबित कार्य पूर्ण करवाएं। साथ ही, कार्य पूर्णता की रिपोर्ट और संबंधित फोटोग्राफ्स भी समिति को सौंपे जाएं।

बैठक में तपोवन 3.5 एमएलडी एसटीपी के संचालन में आ रही अनियमितताओं पर चर्चा की गई। जल संस्थान ऋषिकेश द्वारा जानकारी दी गई कि वर्तमान में प्लांट का संचालन ठीक प्रकार से हो रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि संचालन की पुष्टि करते हुए प्रमाण पत्र समिति को उपलब्ध कराया जाए और संबंधित डाटा पोर्टल पर अद्यतन किया जाए।

वालवाला चंदेश्वर नगर में संचालित 7. 5 एमएलडी एसटीपी, जिसे पेयजल निगम ऋषिकेश द्वारा संचालित किया जा रहा है, वहां मानकों के अनुरूप संचालन न होने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने एसडीएम नरेंद्रनगर को फॉलोअप कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

इसके अतिरिक्त, भागीरथीपुरम में क्रियाशील 5 एमएलडी एसटीपी में ऑनलाइन मॉनिटरिंग सिस्टम, 1.4 एमएलडी देवप्रयाग और मुनिकीरेती के अन्य एसटीपी के संचालन, रखरखाव और निगरानी को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए संचालित सभी परियोजनाएं जनभावनाओं से जुड़ी हैं, इसलिए इनमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल, डीएफओ टिहरी पुनीत तोमर, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के नोडल अधिकारी रोहित जयाड़ा, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग अनूप डियूंडी, जल संस्थान देवप्रयाग के अधिशासी अभियंता नरेश पाल, जिला गंगा समिति के डीपीओ अरुण उनियाल सहित अन्य अधिकारी भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

जिला गंगा समिति की यह बैठक गंगा स्वच्छता को लेकर चल रही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शिता को सुनिश्चित करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास के रूप में देखी जा रही है।

## संजय बने अध्यक्ष

**श्रीनगर।** एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन जनपद टिहरी ने सोमवार को विकासखंड कीर्तिनगर के बीआरसी सभागार मे ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संजय पांडे को एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाया गया। जगमोहन पुंडीर को ब्लॉक मंत्री, बीजेंद्र कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए। जबकि अनिल रतूड़ी को मुख्य संरक्षक, गजेंद्र रावत और तृप्ति अपर्णा उपाध्यक्ष, प्रचार मंत्री हिमांशु कुंवर, महेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चंद्रमोहन मेवाड़ संगठन मंत्री, मोहित रतूड़ी संगठन सचिव मना. ेनीत किये गये। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा कि 17 से 18 जून को चम्पावत में एजुक. ेशल मिनिस्ट्रीयल के प्रांतीय अधिवेशन आयोजित किया जायेगा। मौके पर मुख्य प्रशासनिक अनिल रतूड़ी, सुंदर लाल आर्य, गजेंद्र पंवार, राजपाल सिंह बागडी, आदि मौजूद रहे।

## केदारनाथ दर्शन से होती आत्मिक शांति की प्राप्ति: रेखा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने केदारनाथ धाम पहुंचकर सपरिवार भगवान शिव के दिव्य दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने बाबा केदार का जलाभिषेक व रुद्राभिषेक विश्व कल्याण की कामना की। सीएम के केदारनाथ हेलीपैड पहुंचते ही बीकेटीसी और केदारसभा के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। हेलीपैड से सीधे मंदिर परिसर पहुंचकर उन्होने ने विधिवत पूजा-अर्चना की।

केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने मुख्यमंत्री को भगवान केदारनाथ मंदिर का स्मृति-चिन्ह भेंटकर स्वागत किया और मंदिर परिसर का भ्रमण कराया। पूजा-अर्चना के बाद बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को भगवान केदारनाथ का प्रसाद, रुद्राक्ष माला एवं विभूति भेंट स्वरूप प्रदान की। मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड सरकार और मंदिर समिति की ओर से तीर्थयात्रियों को लेकर की गई व्यवस्थाओं की खूब सराहना की। इस मौके पर बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल, मुख्य प्रभारी अधिकारी अनिल ध्यानी, प्रभारी अधिकारी गिरीश देवली, पुजारी बागेश लिंग, धर्माधिकारी ओंकार शुक्ला, वेदपाठी स्वयंबर सेमवाल, यशोधर मैठाणी, केदारसभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, उमेश पोस्ती, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी यदुवीर पुष्पवान, प्रमोद बगवाड़ी, प्रदीप सेमवाल, अरविंद सेमवाल, पारेश्वर त्रिवेदी, कुलदीप धर्म्वाण सहित पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे।

## तीर्थयात्री के खोए 25 हजार पुलिस ने लौटाए

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा पर आए महाराष्ट्र के एक यात्री के गौरीकुण्ड स्थित तप्तकुंड में स्नान करने के पश्चात कपड़ों के साथ छूटे 25 हजार रुपये की नगदी को पुलिस ने वापस लौटाकर ईमानदारी मिसाल पेश की है। गत दिवस नांदेड महाराष्ट्र से आए यात्री अशोक परशुराम गुलटवार अपने साथियों के साथ केदारनाथ दर्शनों को आए थे। भोले बाबा के दर्शन करने के उपरान्त वापस लौटते समय गौरीकुंड स्थित तप्तकुंड में स्नान करने लगे। स्नान के बाद उनके कपड़े वहीं पर छूट गए, जिसमें 25 हजार रुपये की नगदी रखी थी।

# मिनी स्विटजरलैंड चोपता में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली उजागर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध तुंगनाथ मंदिर के आधार शिविर और मिनी स्विटजरलैंड से विख्यात चोपता में हर साल हजारों तीर्थयात्री और पर्यटक पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां स्वास्थ्य सेवाओं की दयनीय स्थिति बनी हुई है। उत्तराखंड स्वाभिमान मोर्चा के महासचिव और मूल निवास-भू-कानून संघर्ष समिति के संस्थापक संयोजक मोहित डिमरी ने चोपता का दौरा कर स्वास्थ्य केंद्र की जर्जर हालत को उजागर किया। मोरि. हत डिमरी ने स्थानीय लोगों से बात. चीत के दौरान पाया कि चोपता का स्वास्थ्य केंद्र एक जीर्ण-शीर्ण कमरे में चल रहा है, जो कभी भी ढह सकता है।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस बदहाल केंद्र में न तो पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं हैं और न ही मूलभूत ढांचा। बावजूद इसके चोपता में साल भर तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है। स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी ने स्थानीय लोगों और आगंतुकों को गंभीर समस्याओं का सामना करने के लिए मजबूर कर दिया है।

स्थानीय समुदाय लंबे समय से एक आधुनिक और सुसज्जित चिकित्सा भवन की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार और शासन-प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। डिमरी ने इस स्थिति को "चिंता. जनक" करार देते हुए कहा कि "चोपता जैसे महत्वपूर्ण पर्यटन और तीर्थ स्थल पर स्वास्थ्य सेवाओं की ऐसी दुर्दशा अस्वीकार्य है। तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मांग की कि चोपता में एक उचित स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जाए, जिसमें आपातकालीन चिकित्सा सुविधाएं, प्रशिक्षित स्टाफ और आवश्यक उपकरण उपलब्ध हों। डिमरी ने यह भी कहा कि उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना न केवल स्थानीय लोगों के लिए, बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी जरूरी है।

# भालू के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी :** भटवाड़ी प्रखंड में इन दिनों जंगली सुअरों और भालू के आतंक से ग्रामीण परेशान है। भटवाड़ी से लगा मल्ला गांव में सुअरों व भालू के भय से लोग घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रखा है । इधर प्रभागीय वनाधिकारी डी पी बलूनी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही गांव में वनकर्मियों को भेज कर पिंजरा लगाया जाएगा।

वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि घरों से बाहर या खेतों में झुंड बना कर ही निकलें। ग्रामीणों ने दिन के उजाले में सुअर भालू को बीच गांव में कैमरे में कैद कर वन विभाग से सुअरों भालू को निजात पाने की गुहार लगाई है । सोमवार को भटवाड़ी प्रधान संगठन का शिष्ट मंडल वन प्रभागीय अधिकारी उत्तरकाशी डी पी बलूनी मुलाकात की है।

प्रभागीय वनाधिकारी डी पी बलोनी



ने बताया कि 29 मई से ग्राम मल्ला टकनौर रेंज में पड़ता है जिसकी जानकारी प्रधान से लेकर एस डीएम भटवाड़ी द्वारा और ग्रामीणों द्वारा सूचना दी गई थी । उसे क्षेत्र में सुअर व भालू के बच्चे होने से उनकी मां ज्यादा खूंखार हो जाती है । ग्रामीणों से अपील करते है कि खेतों या जंगलों की तरफ जाएं तो झुंड बना कर और अपने पास दरांती कुछ लेकर चलें ।

वहीं प्रताप सिंह रावत पूर्व जिला अध्यक्ष प्रधान संगठन उत्तरकाशी ने बताया कि उपला टकनौर के मल्ला गांव में सुअर ने एक महा से आतंक मचाया हुआ है । ग्रामीण डर के साए में है सुअर और भालू दिन में गांव के बीच झाड़ियों में तथा रात्रि में गाँव के बीच बीच अक्सर देखा जा रहा है समय रहते यदि ध्यान नहीं दिया गया तो कुछ भी अनहोनी घट सकती है।इस मौके पर प्रधान संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रताप रावत , विनोद रावत ,जयबीर सिंह, राकेश मोहन भंडारी आदि उपस्थित रहे।

## अभिभावक संघ का गठन, मदन सिंह बने अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर ब्लॉक के ग्राम सिलवालगांव स्थित श्री शिव संस्कृत उत्तरमध्यम (इंटरमीडिएट) विद्यालय में सोमवार को विद्यालय अभिभावक संघ का गठन किया गया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से मदन सिंह सजवाण को अभिभावक संघ का अध्यक्ष चुना गया।

गठन प्रक्रिया के दौरान विद्यालय प्रबंधन और अभिभावकों की उपस्थिति में संघ के सदस्यों का चयन पारदर्शिता के साथ किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मदन सिंह सजवाण ने कहा कि वे छात्र-छात्राओं और अभिभावकों के हक और हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विद्यालय की गुणवत्ता, छात्रों की सुविधा और शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अभिभावकों की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र नैलवाल ने नवगठित अभिभावक संघ को शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि यह संघ विद्यालय और अभिभावकों के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करेगा। कार्यक्रम में शंभू प्रसाद भट्ट , मदन महर, सरोप सिंह, नत्था सिंह, रविन्द्र प्रसाद जोशी, प्रतिमा देवी, आरती देवी, समीरा देवी सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।विद्यालय के इस आयोजन को अभिभावकों ने एक सकारात्मक पहल बताया, जिससे शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और सहभागिता को बल मिलेगा।

# मौसमी चक्र में लगातार बदलाव के कारण सूख रहें प्राकृतिक जलस्रोत

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** मौसमी चक्र में लगातार होते बदलाव और पहाड़ों में जारी अनियोजित विकास कार्यों की मार के चलते प्राकृतिक जलस्रोत सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। बीते दशकों से खिर्सू-बुघाणी रोड़ पर जो प्राकृतिक जल स्रोतों स्थानीय लोगों, यात्रियों और रहागीरों को शीतलता प्रदान करते आज वह पूर्ण रूप से सुख चुके है। विकासखंड खिर्सू के खोला गांव से लेकर श्रीनगर तक चार से पांच प्राकृतिक जल स्रोत थे, जिसमें से एक ही प्राकृतिक स्रोत जीवित है, जबकि अन्य चार डिस्चार्ज हो चुके है।

ग्राम सभा खेला में वर्ष 2021-22 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत एक लाख रूपये की लागत से प्राकृतिक जल स्रोत संवर्धन कार्य किया गया था, लेकिन रखरखाव के आभाव में प्राकृतिक जल स्रोत पूर्ण रूप से सुख चुका है। उक्त स्थान अब शराबियों का अड्डा बन चुका है।

जिससे चारों ओर प्लास्टिक का कूड़ा करकट बिखरे होने से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। जिसका असर सीधे तौर पर प्राकृतिक जल स्रोतों पर भी पड़ा है। स्थानीय निवासी सीताराम बहुगुणा ने बताया कि खिर्सू से बुघाणी के बीच पांच प्राकृतिक जल स्रोत थे, जो कि अब पूर्ण रूप से सुख चुके है। बताया बलोडी के पास ही एक प्राकृतिक जलस्रोत बचा हुआ है।

बताया कि यह प्राकृतिक जल स्रोत लगातार मानव हस्तक्षेप और जंलते हुए जंगलों के कारण धीरे-धीरे बंद होने लगें। बताया कि सरकार के ओर से इन्हें रिचार्ज किए जाने को लेकर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। कहा कि पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए सरकार की ओर से जिले में कई पम्पिंग पेयजल योजनाओं का निर्माण जरुर करवाया जा रहा है, लेकिन नदियों और प्राकृतिक जल स्रोतों पर आधारित इन योजनाओं के निकट भविष्य में सफल होने की उम्मीद कम हो गयी, क्योंकि ना तो प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने की ओर ध्यान दिया जा रहा है और ना ही प्रदूषित होती नदियों की ओर।

कहा कि यदि जल स्रोतों को बचाना है तो उन्हें पहले के तरह पारम्परिक रूप से बचाना होगा। ''मौसमी चक्र में लगातार होते बदलाव के कारण प्राकृतिक जलस्रोत में बंद होते जा रहें है। बढते तापमान और समय पर बारिश न के कारण पृथ्वी जल प्रवेश नहीं कर पा रहा है, जिसके कारण हमारे प्राकृतिक जल स्रोतों लगातार सुखते जा रहें है।

''प्रो. एमपीएस बिष्ट, विभागाध्यक्ष भूगर्भ विज्ञान, गढ़वाल विवि।

# पत्रकारों के स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष कैंप लगाने के सीएम के निर्देश



■ पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो हर परिस्थिति में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं : सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश के पत्रकारों के स्वास्थ्य को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पत्रकारों के लिए शीघ्र एक विशेष मेडिकल कैम्प आयोजित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पत्रकार समाज का महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, जो हर परिस्थिति में जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। उनके स्वास्थ्य की देखभाल सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार एवं सूचना महा. निदेशक बंशीधर तिवारी को समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मेडिकल कैम्प में चिकित्सा विशेषज्ञों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। कैम्प में स्वास्थ्य की सभी आवश्यक जांचें उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि पत्रकारों को समुचित चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार मिल सके।

इस क्रम में स्वास्थ्य सचिव ने निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आशुतोष सयाना को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह कैम्प जल्द ही सूचना विभाग परिसर में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आगे भी समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए जाएँगे, ताकि पत्रकारों को निरंतर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

# वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया का निधन, सीएम ने जताया शोक



■ धूलिया के आकस्मिक निधन से पत्रकार जगत में भी शोक की लहर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया है। उनके देहांत से पत्रकार जगत में शोक की लहर है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार एवं दैनिक जागरण के राज्य ब्यूरो प्रमुख और उत्तरांचल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर दु:ख व्यक्त किया है।

विकास धूलिया अपने पीछे अपनी माता जी, पत्नी एवं दो बच्चों को छोड़ गए हैं। बेटी कानून की पढ़ाई कर रही है और बेटा बीटेक का छात्र है। मुख्यमंत्री ने उनके आवास पर पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। सोमवार को ही हरिद्वार घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने भी वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शोक. ाकुल परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। विकास धूलिया के निधन पर उत्तरांचल प्रेस क्लब सहित तमाम प्रेस संगठनों ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। साथ ही राज्य के तमाम वरिष्ठ नेताओं ने भी शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

# अंकिता को मिले न्याय को पचा नहीं पा रही कांग्रेस: चौहान



■ न्याय यात्रा की नौटंकी कर चुकी कांग्रेस को जनता सिखा चुकी सबक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस पहाड़ की बेटी अंकिता भंडारी को मिले न्याय को पचा नही पा रही है और पहले भी मुद्दे पर मुँह की खाकर फिर से राजनीति करने की असफल कोशिश कर रही है।

कांग्रेस प्रवक्ता के बयान पर टिप्पणी करते हुए चौहान ने कहा कि देश की राजधानी ही नही, बल्कि भारत भ्रमण कर भी कांग्रेस कितना ही दुष्प्रचार क्यों न करे, लेकिन अदालत ने तथ्यों के आधार पर जो निर्णय दिया है, उसे राज्य की जनता ने स्वीकार किया है।

चौहान ने कहा कि पहले जांच को लेकर तमाम झूठी दलीलें देकर कांग्रेस अंकिता के परिजनों और लोगों को गुमराह करने की कोशिशें करते रहे। हालांकि अदालत ने जांच के लिए गठित एसआईटी की जांच को सही और संतोषजनक माना। लेकिन कांग्रेसी जांच एजेंसियों की निष्ठा पर ही सवाल उठाते रहे। अब निर्णय आने पर कांग्रेस बेचौन है और नकारात्मक प्रतिक्रिया दे रही है।

चौहान ने सवाल किया कि अदालत ने तथ्यों के आधार पर निर्णय दिया है और अब कांग्रेस निर्णय पर सवाल उठा रही है तो जांच के दौरान उसने कोर्ट को किसी ऐसी जानकारी से अवगत क्यों नही कराया? कांग्रेस का ध्यान अंकिता को न्याय दिलाने के लिए नही, बल्कि राजनीति की रही और इसी के चलते उसकी कथित न्याय यात्रा मे उसके कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत नही की। चौहान ने कहा कि सरकार परिजनों के साथ पूरी तरह से साथ खड़ी रही और जांच तथा विवेचना के दौरान परिजनों के परामर्श से आगे बढ़ती रही। निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का ही परिणाम है कि अंकिता के हत्यारों को कड़ी सजा मिली। उन्होंने कहा कि चेहरे चमक. ाने और प्रतिस्पर्धा मे लगे कांग्रेसियों को दुष्प्रचार की मुहिम को जनता फिर सबक सिखायेगी।

# 1882 पोलिंग बूथों पर चलेगा वृहद पौधरोपण अभियान: डीईओ

■ 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस से सभी पोलिंग बूथों पर शुरू होगा वृहद पौधरोपण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से 5 जून को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस से जुलाई माह में हरेला पर्व के अंत तक सभी पोलिंग बूथों पर वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले के सभी 1882 पोलिंग बूथों पर पर्यावरण संरक्षण के साथ निर्वाचन में भागीदारी का संदेश दिया जाएगा। पोलिंग बूथों पर वृहद स्तर पर पौधारोपण को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी सविन बंसल के निर्देशों में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त एसडीएम, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विभाग एवं कार्यालयध्यक्षों को अपने क्षेत्रान्तर्गत पोलिंग बूथों पर पौधा रोपण कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने पौधारोपण कार्यक्रम का रोस्टर तैयार करने और इसका प्रचार प्रसार करने को भी कहा है। उत्तराखंड मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड की विशेष पहल पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को मिशन मोड में लेते हुए प्रत्येक बूथ में कम से कम 10-10 पौधे लगाए जाए। प्रत्येक बूथ में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उस बूथ के 30 प्रतिशत नए मतदाता, 30 प्रतिशत बुजुर्ग, 30 प्रतिशत महिला और 10 प्रतिशत अन्य मतदाताओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। कार्यक्रम में वन, उद्यान, ग्राम पंचायत, ग्राम्य विकास, उच्च एवं विद्यालयी शिक्षा, शहरी विकास सहित अन्य अनिवार्य विभाग और क्षेत्र में कार्य करने वाले एनजीओ को भी शामिल किया जाए।

## जनता दर्शन में सुनीं जनसमस्याएं

**नई टिहरी ( शाह टाइम्स )।** जिला प्रशासन की जनसुनवाई प्रणाली को और प्रभावी बनाने की दिशा में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सोमवार को जिला सभागार, नई टिहरी में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में आम जनता की समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 29 जन समस्याएं दर्ज की गई, जिनमें पुनर्वास, लोक निर्माण विभाग, वन, परिवहन, नगरपालिका, जल संस्थान, विद्युत, बाल विकास, डीआरडीए सहित अन्य विभागों से संबंधित मुद्दे शामिल रहे। डीएम ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# लापरवाही पर डीएम ने एमडीडीए अधिकारियों को लगाई फटकार

■ प्लान में यूपीसीएल, लोनिवि, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को करें शामिल: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में शहरी पुर्नविकास, पार्क योजना के सम्बन्ध में बैठक ली। इस दौरान एमडीडीए, स्मार्ट सिटी द्वारा तैयार किए गए प्लान को प्रजेंनशन के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। बैठक में मौहब्बेवाला से राजपुर रोड एवं धूलकोट से कुंआवाला कॉरिडोर योजना के सम्बन्ध में समीक्षा की। 4 वर्ष पुराने प्रजेन्टेंशन पर डीएम की एमडीडीए के अधिकारियों को फटकार, लगाते हुए विभागों से समन्वय कर व्यवहा. रिक प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि विभागों में आपसी गैप न रहे इसके लिए एमडीडीए को प्लान में यूपीसीएल, लोनिवि, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री के सुगम सुरक्षित यातायात के संकल्प, शहर सुगम यातायात के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध जिलाधिकारी प्रत्येक शनिवार अपने स्तर पर करेंगे समीक्षा। डीएम ने जिले के मोबिलिटि-रि-डेवलपमेंट प्लान हो व्यवहारिक; भविष्य की जरूरत के दृष्टिगत तैयार करने के निर्देश दिए। वहीं 04 वर्ष पुराने प्रजेन्टेंशन पर डीएम की एमडीडीए के अधिकारियों को फटकार, विभागों से समन्वय कर व्यवहारिक प्लान तैयार करने के निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर का हर मेजर जंक्शन, क्रासिंग व ऑन स्ट्रीट, ऑफ स्ट्रीट, मल्टीलेवल आटोमेटेड या सिविल पार्किंग निरंतर बढाना है, इसके लिए प्रभावी प्लान तैयार करें। उन्होंने कहाकि धनराशि मुहैया करानी मेरी जिम्मेदारी विभाग प्राथमिकता से डीपीआर तैयार करें इसके लिए एसई लोनिवि को डीपीआर तैयार करते हुए समिति को अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्लान में यूपीसीएल, लो. निवि, एनएच, पुलिस, परिवहन विभाग के अधिकारियों को शामिल करने को निर्देशित किया। विभागों को हर हफ्ते की प्रगति गूगलसीट पर अद्यतन करने को भी निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागो के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय कर पर प्लान तैयार किया जाए, साथ ही एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि एसई एनएच, एसई लोनिवि, एसपी यातायात, आरटीओ, एसई यूपीसीएल को भी प्लान में शामिल करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा, उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, एमडीडीए से गौरव चटवाल, संभागीय परिवहन अधिकारी दीपक सैनी, अधीशासी अभिंयता लोनिवि जितेन्द्र कुमार त्रिपाठी, पुलिस विभाग से अरविन्द कुमार सहित एमडीडीए के अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष पुंडीर ने छावनी परिषद ईओ को सौंपा ज्ञापन

■ प्रेम नगर क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों के लिए जताया आभार, क्षेत्र में कई कार्यों के लिए किया अनुरोध



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगिंदर सिंह पुंडीर के नेतृत्व में छावनी परिषद के कार्यालय में मुख्य अधिशासी अधिकारी हरेंद्र सिंह से भेंट कर कैंट बोर्ड की और से प्रेम नगर क्षेत्र में पूर्व में किए गए अच्छे कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया गया।

प्रेम नगर क्षेत्र को और अधिक स्वच्छ - सुंदर और सुविधाजनक बनाने के लिए कार्यों का ज्ञापन भी सौंपा गया। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पुंडीर ने सौंपे गए ज्ञापन में प्रेम नगर बाजार में शौचालय का निर्माण , प्रेम नगर में पार्किंग की व्यवस्था , अटल क्रीडा स्थल बैडमिंटन हॉल में बिजली की व्यवस्था , विंग नम्बर 7 एवं स्पेशल विंग में स्थित खंडहर शौचालय को तोड़कर पार्क निर्माण , स्पेशल विंग स्थित पुराने ओवर हेड टैंक को तोड़कर नए ओवर हेड टैंक का निर्माण , बरसात से पूर्व ही नालों - नालियों - पुलियों की साफ सफाई - घास कटाई एवं कूड़ा उठान का कार्य जो चल रहा है उसको निरंतर ऐसे ही जारी रखा जाए ।

स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार में प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। इसके अलावा कैंटोनमेंट बोर्ड में नामित सदस्य विनोद पंवार ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के बाद एक प्रस्ताव रखा कि प्रेम नगर में शौर्य स्थल का निर्माण कराया जाए। इसके लिए छावनी परिषद ने उस प्रस्ताव को पारित करते हुए स्थान भी उपलब्ध करा दिया, इसके लिए छावनी परिषद के समस्त सम्मानित अधिकरियों एवं कर्मचारियों और विशेष रूप से विनोद पंवार का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सूरज भाटिया , विकास शर्मा , उदय दत्ता , हीरा सिंह गुसाई , देवेन्द्र दूबे ,राजेश सेन ,अमित चौधरी , मोि. हत पंवार भी उपस्थित रहे ।

# भोजन माताओं के तैयार किये भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता जांची

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ब्लॉक संसाधन केन्द्र अगस्त्यमुनि में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (पीएम पोषण) योजना के तहत जनपद स्तरीय पाक-कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें तीनों विकासखंडों से चयनित होकर आयी भोजनमाताओं को लॉटरी के माध्यम से मेनू आवंटित किया गया तथा अलग-अलग स्टॉल पर मेनू निर्धारित कर एक घंटे का समय निर्धारण करते हुए भोजन तैयार करने के निर्देश दिए गए, जिसके बाद मूल्यांकन टीम ने स्टॉलों पर जाकर पके पकाये भोजन का निरीक्षण किया।

मुख्य शिक्षा अधिकारी पीके बिष्ट, जिला शिक्षा अधिकारी प्राशि अजय कुमार चौधरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज सेमवाल, खंड शिक्षा अधिकारी अधिकारी अगस्त्यमुनि अतुल सेमवाल, उप शिक्षा अधिकारी जखोली तनुजा देवराडी, गृह विज्ञान की प्रवक्ता एवं प्रधानाचार्य राबा. इंका अगस्त्यमुनि रागिनी नेगी तथा राप्रावि अगस्त्यमुनि के दो छात्र-छात्राएं प्रभा तथा आफरीन मुल्यांकन टीम में सम्मलित थे। भोजन माताओं के तैयार किये भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं अन्य मानकों के अनुरूप मूल्यांकन के उपरान्त प्रथम स्थान पर विकासखण्ड ऊखीमठ की भोजनमाता पारेश्वरी देवी एवं कल्पेश्वरी देवी, द्वितीय स्थान पर अगस्त्यमुनि विकासखण्ड की भोजन माता रेखा रावत एवं पूजा मेवाल तथा तृतीय स्थान पर जखोली विकासखण्ड की भोजन माता विमला देवी, बैशाखी देवी रही।

## एक नजर .......

### राज्यपाल ने वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर जताया दुख

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शो. काकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने वरिष्ठ पत्रकार धूलिया के निधन पर जताया दुख

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। भट्ट ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परि. जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है। भारतीय जनता पार्टी ने भी विकास धुलिया के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया । भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने भी वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और शो. काकुल परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### करन माहरा ने वरिष्ठ पत्रकार धूलिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने वरिष्ठ पत्रकार, दैनिक जागरण के राज्य ब्यूरो प्रमुख एवं उत्तरांचल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। माहरा ने कहा कि पत्रकारिता जगत ने एक निर्भीक, संवेदनशील और समर्पित पत्रकार को खो दिया है। विकास धूलिया की लेखनी मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक सरोकारों और सच्चाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती थी। उनका सरल और सजग व्यक्तित्व हमेशा स्मरणीय रहेगा। प्रदेश कांग्रेस की ओर से दिवंगत आत्मा को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माहरा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक-संतप्त परिवार को यह असहनीय दु:ख सहने की शक्ति दें।

### डॉ नरेश बंसल ने पत्रकार धूलिया के निधन पर जताया शोक

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। डा. नरेश बंसल ने दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देकर शांति प्रदान करने और शोकाकुल परिवार. जनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत हुआ भव्य योगाभ्यास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**नई टिहरी।** आगामी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में विकासखंड जाखणीधार में एक भव्य ब्लॉक स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को पीएम श्री अटल आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज, जाखणीधार, टिहरी गढ़वाल में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को योग के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुमन उपाध्याय (पत्नी टिहरी विधायक) और जिला अध्यक्ष उदय सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को योग के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि मान. सिक और आत्मिक संतुलन का सशक्त माध्यम है। योग अनुदेशक महादेव प्रसाद रतूड़ी और गीता राम भट्ट द्वारा सुबह 8 बजे से विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की विधियां सिखाई गईं। सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासियों और जनप्रति. निधियों ने सामूहिक योग अभ्यास में भाग लिया और योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया।

## कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव ने दिया ग्रामीणों के धरने को समर्थन

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर ने उत्तराखंड पर्यावरण विभाग के मुख्यालय-गौरांदेवी भवन में ग्राम-कोडरना नरेन्द्र नगर, जो दून घाटी 1989 का भाग है, के ग्रामवा. सियों की अवैध बायोमेडिक्ल प्लांट के विरोध में धरने को समर्थन दिया। थापर ने कहा दून घाटी के प्राविधान जिसमें माइनिंग और बायोमेडिक्ल पूरी तरह से प्रतिबंधित है उसमें सरकार ने यह प्लांट कैसे लग दिया? दून घाटी एक्ट 1989 को कमजोर करने में सरकार निरन्तर कार्य कर रही गया जिससे दून घाटी में 15 लाख लोगों के जीवन पर खतरा मंडराने लगेगा।

# सीएम व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले बीकेटीसी उपाध्यक्ष सती

■ श्री बदरीनाथ - केदारनाथ यात्रा व्यवस्थाओं की दी जानकारी ■ भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने सोमवार को सचिवालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद एवं अंगवस्त्र भेंट कियाघ् एवं यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

बीकेटीसी उपाध्यक्ष ऋषि प्रसाद सती ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा राज्य सभा सांसद महेन्द्र भट्ट सहित विधान सभा अध्यक्ष रितु खंडूरी भूषण तथा कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल से भी देहरादून में भेंट की तथा भगवान बदरीविशाल का प्रसाद भेंट किया। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री सहित शीर्ष नेताओं को बताया कि श्री बदरीनाथ तथा श्री केदारनाथ धाम में यात्रा कुशलता से चल रही है।तीर्थयात्रियों को भगवान के सुगम दर्शन हो रहे है।

श्री बदरीनाथ धाम में लक्ष्मी गेट के बजाय अब घंटाकर्ण गेट से ही सभी को दर्शन कराये जा रहे है। सभी को एक जैसी दर्शन व्यवस्था में दर्शनघ् हो रहे है।

# ग्लोगीधार में चल रहे ट्रीटमेंट कार्य का कैबिनेट मंत्री जोशी ने लिया जायजा

■ अधिकारियों को दिए मसूरी-देहरादून मार्ग पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश
■ जल्द पूर्ण करने की दी हिदायत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय उत्तरकाशी एवं टिहरी भ्रमण से लौटते समय मसूरी-देहरादून मार्ग स्थित ग्लोगीधार में चल रहे ट्रीटमेंट कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से कार्य की वर्तमान प्रगति की जानकारी ली और मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गति और गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और यह कार्य मानसून से पहले पूर्ण किया जाए, ताकि इस व्यस्त मार्ग पर यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग अधिशासी अभियंता जितेंद्र त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जी-एडवांस्ड 2025 में आकाशियन्स ने लहराया परचम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेस लिमिटेड ने यह घोषणा करते हुए कहा कि देहरादून से उसके 36 से अधिक छात्रों ने प्रतिष्ठित जी एडवांस्ड 2025 परीक्षा में सफलता हासिल की है, जो इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में सबसे कठिन मानी जाती है। परिणाम आईआईटी कानपुर की और से घोषित किए गए।

यह शानदार प्रदर्शन छात्रों की निष्ठा, उनकी अथक मेहनत और एईएसएल के विशेषज्ञ शिक्षकों एवं व्यापक पाठ्यक्रम द्वारा प्रदान की गई ठोस अकादमिक सहायता को दर्शाता है। आकाश से उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्रों में अकुल अग्रवाल, यश महावर , मयंक चौहान, मॉलिक शाह और संस्कार साहू । इसके अलावा, शाखा से अन्य प्रमुख उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों में एकांशी मित्तल, आदित्य व्यास, शोभित बुटोला, अजय चौधरी, आदित्य तोमर, अनीशा बिष्ट, अश्विनी कंसल, आदित्य नेगी, हर्ष कुमार, अमन मिश्रा, ऋद्धि अग्रवाल, पंकज सिंह, माहि उनियाल, अयान भारद्वाज, अभिनव राणा, निखिल पांडे, आयुष खुगशल, आयुष के. सिंह, आदित्य भारद्वाज और एल्विन एस. जॉय शामिल हैं। आकाश एजुकेशनल सर्विसेस लिमिटेड के चीफ अकादमिक और बिजनेस हेड, डी.के. मिश्रा ने सभी छात्रों को बधाई दी। इस मौके पर राजपुर रोड शाखा के मैनेजर अखिलेश पुरोहित, पवन अग्रवाल, रोहित गुप्ता, सुधीर कुमार और मृणाल आनंद आदि मौजूद रहे।

# सहसपुर व सेलाकुई के मेडिकल स्टोरों का हुआ निरीक्षण, मिली खामिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल एवं जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेम सिंह खिमाल के निर्देशानुसार को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीमा डुँगराकोटी द्वारा ड्रग विभाग के साथ जनपद देहरादून में सहसपुर-सेलाकुई के विभिन्न मेडिकल स्टोरों का संयुक्त निरीक्षण किया। जिसमें मनेन्द्र सिंह राणा औषधि निरीक्षक ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, विनोद जगुडी, निधि रतूडी आरक्षी, औषधि निरीक्षक ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन, जनपद देहरादून एवं सीमा बिष्ट चौहान शामिल रहे।

साथ ही निरीक्षण में प्रशिक्षण / ट्रेनिंग केघ् लिये आए चार न्यायिक अधिकारीगण भी शामिल रहे।निरीक्षण में निम्नलिखित मेडिकल स्टोर के लाइसेंस, फार्मासिस्ट के रिकॉर्ड, कोल्ड स्टोरेज फेसिलिटी, एक्सपायर दवाईयां तथा उनके निपटारे की प्रक्रिया, नारकोटिक्स ड्रग के विषय में जानक. ारी आदि आवश्यक विषयों पर पूछताछ की गयी।सरस्वती क्लीनिक, सेलाकुई, देहरादून मेडिकल स्टोर के निरीक्षण में फ्रीज में तापमान डिस्प्ले पाया गया। मेडिकल स्टोर में अनेक दवाईयां एक्सपायर पायी गयी एवं स्टोर में गंदगी और धूल पायी गयी। एक्सपायर दवाईयों की स्टोरेज की व्यवस्था नहीं पायी गयी। कैमरा टूटा हुआ बंद अवस्था में मिला। नारकोटिक्स दवाईयों के सम्बंध में पूछताछ में बताया गया कि मेडिकल स्टोर में नारकोटिक्स दवाईयां नहीं बेची जाती। मेडिकल स्टोर के भीतर ही क्लीनिक भी पाया गया, जिसके दस्तावेज भी एक वर्ष पूर्व एक्सपायर हो चुके थे। उक्त स्टोर पर कार्यवाही करते हुए औषधि निरीक्षक ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा एक्सपायर दवाईयों को जब्त किया गया और इनके क्रय-विक्रय पर रोक लगाते हुए चेतावनी के साथ स्पष्टीकरण के लिए कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये गए। उक्त स्टोर में अनियमितता के मद्देनजर, उसी समय बंद करवाया गया।

# ब्लैकमेलिंग गिरोह का भंडाफोड़

## एक महिला समेत तीन को किया गिरफ्तार

■ घटना में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी, एक बाइक, दो मोबाइल फोन और 1300 नगदी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पुलिस ने ब्लैकमेलिंग के एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के कुशल निर्देशन में खटीमा पुलिस द्वारा सुधीर कुमार नामक व्यक्ति की शिकायत के बाद की गई। सुधीर कुमार ने आरोप लगाया था कि उन्हें ब्लैकमेल करके 1,50,000 और अन्य सामान की उगाही की गई है।

पीड़ित सुधीर कुमार ने 23 मई, 2025 को शिकायत दर्ज कराई थी कि एक महिला ने उन्हें फोन पर बहला-फुसलाकर एक अज्ञात जगह पर ले जाकर उनका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इसके बाद, वीडियो वायरल करने और जान से मारने की धमकी देकर उनसे ब्लैकमेलिंग की गई। इस शिकायत के आधार पर खटीमा थाने में मामला दर्ज किया गया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने घटना के शीघ्र खुलासे के लिए तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया। पुलिस टीमों ने घटनास्थल के आसपास के लगभग 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और पीड़ित द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर की गहन जांच की। इस जांच के आधार पर तीन अभियुक्तों राजेंद्र सिंह उर्फ राजू लंगड़ा (निवासी भड़ा भूड़िया, थाना खटीमा), गुरदयाल सिंह उर्फ बग्घी (निवासी विडोरा मझोला, थाना नानकमत्ता) और सीमा कौर (पत्नी राजेंद्र सिंह उर्फ राजू लंगड़ा, निवासी भड़ा भूड़िया, थाना खटीमा) की पहचान हुई। इन तीनों को गलाबाग मच्छीझाला, नानकमत्ता जाने वाली सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया। उनके पास से घटना में इस्तेमाल की गई एक स्कूटी, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और 1300 नकद बरामद किए गए।

पूछताछ में पकड़े गए अभियुक्तों ने खुलासा किया कि उनके गिरोह में कुल छह लोग शामिल हैं, जिनमें दो महिलाएं और चार पुरुष हैं। इस गिरोह की सरगना मनजीत कौर (निवासी विडोरा मझोला, थाना नानकमत्ता) है, जिसका आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी एक नाबालिग बच्ची की शादी कराने के आरोप में सितारगंज थाने से जेल जा चुकी है और इस तरह की ब्लैकमेलिंग में सक्रिय रही है। यह गिरोह मुख्य रूप से खटीमा, नानकमत्ता और सितारगंज क्षेत्र के अमीर लोगों को निशाना बनाता था। वे किसी बहाने से उनका फोन नंबर हासिल कर अपनी गैंग की महिलाओं से वीडियो कॉल या अन्य माध्यमों से बात करके उन्हें अनैतिक कार्य के लिए उकसाते थे। इसके बाद, उन्हें किसी सुनसान मकान, होटल या अपने ही घर पर मिलने के लिए बुलाया जाता था। जैसे ही व्यक्ति कमरे में प्रवेश करता था, गैंग के अन्य सदस्य आ जाते थे और मोबाइल से वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू कर देते थे। गैंग के कुछ सदस्य उस व्यक्ति के साथ मारपीट भी करते थे और वीडियो को वायरल कर बदनाम करने या पुलिस में जाने की धमकी देते थे। अंत में, वे उस व्यक्ति के पास मौजूद रुपये और मूल्यवान संपत्ति हड़प लेते थे।पुलिस जांच में अब तक इस तरह के चार मामले सामने आए हैं। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के मोबाइल फोन में अन्य लोगों के आपत्तिजनक वीडियो भी मिले हैं, जिनके संबंध में विस्तृत जांच जारी है। चूंकि ऐसे मामले अक्सर व्यक्ति के चरित्र से जुड़े होते हैं, इसलिए बदनामी के डर से कई पीड़ित पुलिस के सामने आने से कतराते हैं। वहीं एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने नागरिकों से अपील की कि यदि आप भी इस तरह के ब्लैकमेलिंग या किसी अन्य आपराधिक गतिविधि के शिक.ार हुए हैं, तो बिना किसी संकोच या डर के तत्काल पुलिस से संपर्क करें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और पुलिस आपको न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। आपकी शिकायत से ऐसे गिरोहों को जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में मनोहर सिंह दसौनी, प्रभारी निरीक्षक, खटीमा, विनोद जोशी, निरीक्षक, थाना खटीमा, उ.नि. भूपेंद्र सिंह रंसवाल, किशोर पंत, कां. नवीन खोलिया, कमल पाल, महिला कॉन्स्टेबल सुनीता रावत शामिल थीं।

### पुलिय द्वारा पकड़े गए अभियुक्त

- राजेंद्र सिंह उर्फ राजू लंगड़ा पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी भड़ा भूड़िया, थाना खटीमा
- गुरदयाल सिंह उर्फ बग्घी पुत्र हरनाम सिंह, निवासी बिसौटा, थाना नानकमत्ता
- सीमा कौर पत्नी राजेंद्र सिंह उर्फ राजू लंगड़ा, निवासी भड़ा भूड़िया, थाना खटीमा

### प्रकाश में आए अभियुक्त

- मंजीत कौर पुत्री फुम्मन सिंह, निवासी विडोरा मझोला, थाना नानकमत्ता
- कुलविंदर सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र हरनाम सिंह, निवासी विडोरा मझोला, थाना नानकमत्ता
- गुरविंदर सिंह उर्फ गिन्दू पुत्र कुलवंत सिंह, निवासी विडोरा मझौला, थाना नानकमत्ता

## मनीष ने राष्ट्रीय स्मृति सम्मेलन राज्य की ओर से किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भाजयुमो प्रदेश संयोजक डा. मनीष सैनी ने पं.दीनदयाल उपाध्याय के एकान्त मानववाद व्याख्यानों की 60वीं वर्षगांठ पर नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय एकता सम्मेलन में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया। सोमवार को जसपुर निवासी मनीष सैनी ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन में आरएसएस के सह संघ कार्यवाह अरुण कुमार,राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, डॉ. महेन्द्र चन्द शर्मा, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, शंकरानन्द बीआरजी, केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, प्रफुल्ल केतकर ने दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तिव, विचार समेत श्रम, संपन्नता, अक्षय विकास मूल्य आधारित समृद्धि के विषय पर विचार प्रस्तुत किए।

## नहीं होने देंगे चीनी मिल कर्मियों का अहितः आर्य

■ श्रमिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से करवाया जाएगा निदान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पिछले चार माह से वेतन न मिलने से आक्रोशित चीनी मिल बाजपुर के कर्मियों ने चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' की अगुवाई में नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य का घेराव कर ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष आर्य ने चीनी मिल के कर्मियों की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए गन्ना सचिव रणवीर सिंह और श्रम सचिव डा. पंकज पाण्डेय से दूरभाष पर वार्ता कर चीनी मिल श्रमिकों को वेतन उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही चीनी मिल प्रधान प्रबंधक गोपाल सिंह बिष्ट को भी मौके पर बुलाकर समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया।

चीनी मिल अतिथि गृह में हुई बैठक में चेयरमैन गित्ते और चीनी मिल श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने चीनी मिल श्रमिकों की समस्या को विस्तार से नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के समक्ष रखा। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि चीनी मिल श्रमिकों के प्रत्येक सुख-दु:ख में वह कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे। चीनी मिल श्रमिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करवाया जाएगा। यदि सरकार ने श्रमिक समस्याओं के निदान में हीला. हवाली बरती तो वह दरी बिछाकर धरने पर बैठेंगे। श्रमिकों का किसी भी कीमत पर अहित नहीं होने दिया जाएगा। इस मौके पर वासवानन्द जोशी, कुलवन्त सिंह, योगेन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, सुरेन्द्र यादव, विशेष शर्मा, हरेन्द्र, हरीराम सहित सैंकड़ों श्रमिक थे।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जनसमस्याएं सुन संबंधित अधिकारियों को निदान करने के लिए निर्देशित किया। श्री हनुमान जी सेवा संकीर्तन मण्डल बाजपुर के सेवादारों की मांग पर आर्य ने मौ. बांकेनगर स्थित संकटमोचन श्री बालाजी घाटा मंदिर के द्वितीय तल के लिंटर के लिए पांच लाख रुपये देने की घोषणा की। बाजपुर को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिए आर्य ने सिंचाई विभाग के एई गौरव कुमार को लेबड़ा की तलीझाड़ सफाई कराने के निर्देश भी दिए।

## चर्चित आरिफ हत्याकांड का वारंटी अभियुक्त दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्र के चर्चित आरिफ हत्याकांड का आरोपी वारंटी रोहतास को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार जमानत मिलने के बाद आरोपी न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर, क्षेत्राधिकारी काशीपुर के आद.ेशानुसार कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा वारंटियों के घर पर दबिश देकर वारण्टी रोहतांश कुमार पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम हिम्मतपुर थाना आईटीआई को घर से गिरफ्तार किया गया। जसपुर के चर्चित आरिफ हत्याकाण्ड का रोहतांश कुमार मुख्य अभियुक्त था और जमानत पर रिहा होने के बाद, तारीख पर कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। पुलिस टीम एसआई हरीश आर्य, हे. का. नवीन प्रकाश, का. विपिन चन्द्र आदि शामिल रहे।

### एक नजर

## खटीमा में तहसील दिवस आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज 3 जून को होने वाले तहसील दिवस की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। तहसीलदार वीरेंद्र सिंह सजवाण ने यह जानकारी देते हुए बताया कि तहसील दिवस 10:00 बजे से ब्लॉक कैंपस में आयोजित किया जा रहा है। तहसील दिवस पर समस्त विभाग अपने स्टॉल लगाकर क्षेत्र के फरियादियों की समस्याएं समाधान करेंगे। एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट ने आम जनता से जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं उठाकर समाधान करने की अपील की है।

## तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है स।कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि सुरेन्द्र सिह अधिकारी उर्फ सोनू पुत्र राम सिह अधिकारी निवासी शान्तिकुंज गली नं0 3 लखनपुर रामनगर को एक देशी तमंचा 315 बोर दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया।कोर्ट ने आरोपी को जेल भेज दिया है।इस दौरान पुलिस टीम ने हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन,हेड कांस्टेबल सुरजीत राणा, कांस्टेबल विपिन शर्मा, कांस्टेबल महबूब आलम शामिल रहे।

## रामनगर शहर का यातायात प्लान बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि गर्मियों की छुट्टी और सीजन को देखते रामनगर शहर का यातायात प्लान चेंज किया गया है। उन्होंने बताया कि शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक ढिकुली अल्मोड़ा से आने वाला ट्रैफिक लखनपुर चुंगी से बाएं मुड़कर बैराज ट्रांसपोर्ट नगर होते हुए भवानीगंज तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को रवाना होंगे।

उन्होंने बताया कि काशीपुर से ढिकुली अल्मोड़ा आदि स्थानों की तरफ जाने वाला ट्रैफिक भवानीगंज कॉर्बेट किंग्डम से लखनपुर होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।काशीपुर से हल्द्वानी नैनीताल आदि स्थान को जाने वाला ट्रैफिक भवानीगंज से लखनपुर से दाहिने मुड़कर बैराज होते हुए अपने गंतव्य को जाएगा। हल्द्वानी से रामनगर ढिकुली आदि को जाने वाला ट्रैफिक नया पुल से कॉर्बेट किंगडम से बाएं मुड़कर अपने गंतव्य को जाएगा।उन्होंने बताया कि शाम को 6 बजे से 10 बजे तक सभी प्रकार के भारी वाहनों की आम डंडा से शिवलालपुर चुंगी तक नो एंट्री रहेगी.सप्ताह में और यातायात दबाव अधिक होने पर यह प्लान दिनभर के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यदि यातायात का दबाव अधिक रहता है तो काशीपुर से ढिकुली अल्मोड़ा हल्द्वानी नैनीताल आदि स्थानों को जाने वाला ट्रैफिक शिवलालपुर चुंगी से बाएं मुड़कर कोटद्वार रोड से लखनपुर होते हुए अपने गंतव्य को जाएगा। इस समय शिवलालपुर चुंगी से लखनपुर तक यातायात वनवे रहेगा।

## वन विभाग ने बरामद किए सागौन के बारह गिल्टे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर रेंज स्थित तेलीपुरा क्षेत्र से वन विभाग की टीम ने 12 सागौन के गिल्टे बरामद किए हैं। वहीं टीम ने गिल्टों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के एसडीओ मनीष जोशी ने बताया कि सोमवार को मुखबिर ने तेलीपुरा स्थित एक खाली प्लाट में सागौन के गिल्टे होने की सूचना दी। जिसके बाद सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गिल्टों को कब्जे में लिया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## पुलिस ने स्मैक के साथ तस्कर दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नशा मुक्त अभियान के दृष्टिगत जसपुर पुलिस ने एक अवैध मादक पदार्थ तस्कर को 03.29 ग्राम स्मैक (हीरोइन) के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के अंतर्गत अवैध मादक पदार्थ की बिक्री व रोकथाम हेतु दिए गए आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में बाजार चौकी इंचार्ज उ.नि. सुशील कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के रात्रि गस्त के दौरान चांश रिकवरी में श्मशान घाट रोड जसपुर से मनीष कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी वीआईपी कालोनी थाना जसपुर को एक पारदर्शी पन्नी के अंदर 03.29 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त को यायालय पेश कर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर जगदीश सिंह ढकरियाल, व.उ.नि. जावेद मलिक, एसआई सुशील कुमार, हे.क. देवेंद्र पाण्डे, हो.गा. दीक्षित आदि शामिल रहे।

## पालिकाध्यक्ष और सभासदों में हुआ पटापेक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में स्लाटर हाउस को लेकर पिछले तीन दिनों से नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम एवं सभासदों के बीच चल रहा विवाद सोमवार को थम गया है।

इस मामले में नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम द्वारा मीडिया में बयान जारी किया गया था कि नगर पालिका के कुछ सभासद उन पर दबाव बनाकर जानवर काटने के दौरान उनसे खाल और मांडे में हिस्सा देने की मांग कर रहे हैं तो वही नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने पालिका के एक सभासद शिवि अग्रवाल पर भी टिप्पणी की थी नगर पालिका अध्यक्ष ने उक्त सभासद पर माथे पर तिलक हाथ में गधा और भगवा वस्त्र धारण कर बड़े मीट में हिस्सा मांगने का आरोप लगाया था जिसको लेकर नगर के हिंदूवादी संगठनों ने भी आपत्ति जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष से माफी ना मांगने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी थी इस मामले में सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम ने सभासद शिवि अग्रवाल पर जो बयान दिया गया था उसको लेकर उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि यदि उनके



बयान से किसी की भी भावनाओं को ठेस पहुंची है तो वह उसके लिए माफी मांगते हैं साथ ही उन्होंने अन्य सभासदों पर जो आरोप लगाए थे उसके लिए भी सभी सभासदों से माफी मांगते हुए कहा कि नगरपालिका में जो भी विकास के कार्य के जाएंगे सभी सभासदों को विश्वास में लेकर करने के साथ ही पूरी पारदर्शिता एवं टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से किए जाएंगे तो वही सभासद से भी अग्रवाल ने भी नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा माफी मांगे जाने पर उनका आभार जताते हुए सभी हिंदूवादी संगठनों का आभार व्यक्त किया है और उन्होंने कहा कि रामनगर के विकास को लेकर सभी एकजुट होकर विकास कार्यों को गति देंगे।

## होली चाईल्ड स्कूल में दस दिवसीय समरकैंप 'द कूल्स' का रंगारंग कार्यक्रम से साथ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल के प्रांगण में आयोजित कन्डीशनिंग कैम्प-'द कूल्स-2025' का समापन बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से हुआ। इस शिविर में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया जोकि विद्यार्थियों के लिए बहुत ही रोचक व शैक्षिक थीं। सभी बच्चों ने इस कैम्प में सीखे हुए अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया।




बच्चों को विद्यालय के स्पोर्ट्स एरिना में स्थित मिनी ओलम्पिक साईज पूल में कन्डीशनिंग कैम्प के दौरान तैराकी विधाओं में बेसिक ज्ञान के साथ पानी के ऊपर फ्लोटिंग, बेलेंसिंग, फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक, बटर फ्लाई, डाइविंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों को डाँस, म्यूजिक, पेंन्टिग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, फायरलेस कुकिंग इत्यादि का प्रशिक्षण इस कैम्प के माध्यम से दिया गया। सभी प्रतिभागियों को स्कूल मैनेजमेंट व प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा ने सभी बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिविर तो समाप्त हो गया लेकिन सीखने का समय कभी समाप्त नहीं होता इसलिए अपनी कला, क्षमता व आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ें और अपने भविष्य को उज्जवल बनाएं। विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने बच्चों को उनकी सक्रिय भागीदारी और उत्साह के लिए बधाई देते हुए कहा कि वे इस समर कैंप में सीखे हुए कला कौशल को अपने जीवन के अवसरों और चुनौतियों में उपयोग कर सकतें हैं।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व मंजू अधिकारी, एचओडी फिजिकल एजूकेशन शिक्षक एवं तैराकी कोच सुधाकर सिंह, तैराकी कोच विल्सन मैसी, बैडमिन्टन कोच शिवांग श्रीवास्तव, क्रिकेट कोच पलाश भारद्वाज, फुटबाल कोच सूरज बिश्वास, नृत्य शिक्षिका शीतल खुराना, कला शिक्षिका हिमानी शर्मा, संगीत शिक्षक हेरोशित मण्डल, फायरलेस कुकिंग शिक्षिका तरन्नुम खान तथा समस्त शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

## प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में किया जाए निस्तारणः एडीएम

■ उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार अधिनियम को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के निर्देशन में उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु सोमवार को डा. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय की अध्यक्षता आयोजित हुई।

बैठक में ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडे ने अवगत कराया कि आमजन को त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में उत्तराखण्ड सेवा का अधिकार आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि यद्यपि अधिनियम में समयबद्धता निर्धारित की गई है, फिर भी कुछ विभागों द्वारा निर्धारित समय पर रिपोर्ट प्रेषित नहीं की जा रही है, जिससे शासन को समय पर रिपोर्ट भेजने में विलंब हो रहा है। उन्होंने समस्त विभागों को प्रत्येक माह की तीन तारीख तक अनिवार्य रूप से सेवा का अधिकार रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिन विभागों की रिपोर्ट शून्य होती है, उन्हें भी निर्धारित समय में शून्य रिपोर्ट भेजने को कहा गया। अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा का अधिकार



अधिनियम के कुशल क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक विभाग द्वारा साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की जानी चाहिए, ताकि उत्तरदायित्व सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सेवाओं के निस्तारण में किसी प्रकार की जल्दबाजी से बचा जाए तथा यदि कोई प्रकरण अस्वीकार करना हो तो उसका समुचित कारण दर्ज किया जाए।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अधिनियम के अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण अनिवार्य है, साथ ही जो सेवाएं अधिनियम के अंतर्गत नहीं आतीं, उनके भी समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय में सेवाओं का निस्तारण नहीं होता है तो आयोग द्वारा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी अपर जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। बैठक में, मुख्य कोषाधिकारी पंकज कुमार शुक्ल, नगर आयुक्त नरेश चंद्र दुर्गापाल, प्रशिक्षु आईएएस आशिमा गोयल, एसीएमओ डा. हरेन्द्र मलिक, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकरी व्योमा जैन, जिला क्रिड़ा अधिकारी जानकी कार्की, जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट, अधिशासी अभियंता लद्यु सिंचाई सुशील कुमार आदि उपस्थित थे।

## रिसॉर्ट के गार्ड व स्टाफ ने की जिप्सी चालक से मारपीट

■ कार्रवाई को जिप्सी चालको ने पुलिस को सौंपी तहरीर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर क्षेत्र के ग्राम छोई में स्थित एक रिसॉर्ट के गार्ड एवं स्टाफ पर जिप्सी चालकों ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई करने की मांग की है।

जिप्सी चालक शोएब ने बताया कि ग्राम छोई में स्थित द ग्रांड रिसोर्ट में कुछ बच्चों का ग्रुप कॉर्बेट पार्क घूमने के लिए आया था। जिप्सी चालक का आरोप है कि सोमवार सुबह उसके कुछ साथी अपने-अपने वाहनों से इन बच्चों को कॉर्बेट पार्क का भ्रमण कर कर वापस रिजॉर्ट पहुंचे थे। इसी बीच एक जिप्सी चालक से रिसोर्ट के अंदर खड़ी एक कार में टक्कर लग गई। उनका कहना है कि इस मामले में कार स्वामी पर्यटक एवं जिप्सी चालक के बीच में समझौता भी हो गया था।

उनका आरोप है इसी बीच होटल के गार्ड एवं अन्य स्टाफ द्वारा उसके साथ और कुछ अन्य जिप्सी चालकों के साथ गेट बंद कर गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई और धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने का भी प्रयास किया गया। घटना को लेकर जिप्सी चालकों में रोष बढ़ गया और वह इस मामले को लेकर कोतवाली पहुंच गए जहां उन्होंने जिप्सी चालकों के साथ की गई मारपीट पर नाराजगी जताते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं बताया जाता है कि इस मामले में पर्यटक द्वारा भी पुलिस को तहरीर देने की कार्रवाई की जा रही है। मामले में कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि इस मामले में जिप्सी चालक की ओर से दी गई तहरीर पर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि यदि पर्यटक द्वारा भी तहरीर दी जाती है तो उसे पर भी जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान नूर खान, मोहम्मद फैसल, हूर खान, मोहम्मद सलमान, उमर, राजेश कुमार, अकरम,मोहम्मद आसिफ, नदीम, मनोज, सूरज आदि मौजूद रहे।

## नशा और साइबर क्राइम से बचाव को किया जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल, एसआई प्रहलाद सिंह द्वारा नंदपुर नरका टोपा में स्थानीय जनता को साइबर क्राइम, नशा उन्मूलन, यातायात के नियमों आदि के बारे में जानकारी दी गई।



जन जागरुकता अभियान के तहत एसएसआई विनोद फर्त्याल ने साइबर क्राइम बारे में लोगों को जागरूक किया। साथ ही नशे से दूर रहने और नशा बेचने वालों के लिए स्थानीय पुलिस की जानकारी देने और यातायात नियमों की जानकारी के दौरान हेलमेट पहनना, तीन लोगों को दो पहिया वाहन में न बैठाने और चार पहिया वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने के लिए बताया गया। एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा एसएसआई विनोद फर्त्याल और एसआई प्रहलाद सिंह को बाजपुर में नशा और साइबर क्राइम यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के तहत बाजपुर कोतवाली के एसएसआई विनोद फर्त्याल ने बाजपुर के ग्राम नंदपुर नरका टोपा में जनता के साथ विशेष जागरूकता अभियान चलाया। एसएसआई विनोद फर्त्याल, एसआई प्रहलाद सिंह ने जनता से सीधी मुलाकात की, उनकी समस्याओं को सुना और उनसे सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने सभी समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

## बागेश्वर में मौसम सुहावना, गर्मी से मिली लोगों को राहत

**बागेश्वर।** एक सप्ताह बाद फिर जिले में मौसम सुहाना हुआ। हल्की बारिश से जहां उमस भरी गर्मी से निजात मिली है। वहीं जब में फैली धुंध, धूल मिट्टी से भी राहत मिली है। बता दें कि जिले में पिछले एक सप्ताह से भीषण गर्मी हो रही थी। सोमवार दोपहर से अचानक बदले मौसम के साथ हल्की बारिश हुई। जिससे गर्मी व उमस से काफी राहत मिली है। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं टिकी। लेकिन फिर वही जंगलों की आग बुझाने, धूल मिट्टी से निजात दिलाने लायक बारिश हुई। देर शाम होते ही फिर एक बार मौसम खुलने लगा।

## छात्रों ने पर्यावरण व स्वच्छता का संदेश दिया

**नैनीताल।** स्वच्छ भारत-हरित भारत के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद नैनीताल द्वारा टीएसआई सुनीत कुमार के नेतृत्व में सीआर एसटी इंटर कॉलेज के छात्रों को पर्यावरण तथा स्वच्छता पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए शहर को स्वच्छ रखने की बात कही।

## जसपुर के तीरथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** प्राचीन तीरथ धाम में आयोजित मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर लंगर छका। सोमवार को ग्राम पतरामपुर अन्तर्गत तीरथ गांव में स्थापित तीरथ धाम शिव मंदिर में मेले एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। मेले में भारी संख्या में बिजनौर, मुरादाबाद, उधमसिंहनगर एवं नैनीताल जनपद के विभिन्न शहरों के श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विधायक आदेश चौहान,एससी आयोग अध्यक्ष मुकेश कुमार,जिलाध्यक्ष मनोज पाल डा. एमपी सिंह, खड़क सिंह समेत तमाम श्रृद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्वालओं ने तीर्थ धाम में स्थित कुंड में स्नान किया। मान्यता है कि कुंड में स्नान करने से चर्म रोगों समाप्त हो जाते है। मेले में स्वा.केंद्र के चिकित्सकों द्वारा 150 मरीजों का चेकअप कर दवा बांटी। वहीं, सुरक्षा की दृष्टि के भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# कृषि मंत्री जोशी पहुंचे काफल गांव भीनाऊ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नैनबाग/टिहरी।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री जोशी अपने तीन दिवसीय उत्तरकाशी और टिहरी जनपद भ्रमण के दौरान सोमवार को नैनबाग क्षेत्र के काफल गांव स्थित भीनाऊ गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनता से संवाद किया और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

कृषि मंत्री जोशी ने देशवासियों से अपील की कि वे विदेश जाने की बजाय उत्तराखंड आएं और यहां की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लें। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के गांव अब पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डेस्टिनेशन वेडिंग की चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में ऐसी शादियों के लिए कई रमणीय स्थल उपलब्ध हैं, जिन्हें बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने देश एवं विदेश वासियों से एक बार जरूर काफल गांव के विजिट करने का आव्हान भी किया। मंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और खेती, पर्यटन व स्वरोजगार के क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



■ देशवासियों से उत्तराखंड आने की अपील
काफल गांव के नाम से मशहूर है भीनाऊ गांव

### कृषि मंत्री जोशी हुए श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में शामिल

**टिहरी/पंतवाड़ी,** 02 जून।प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को टिहरी जनपद के नैनबाग क्षेत्र अंतर्गत पंतवाड़ी स्थित बाण्डासारी ग्राम पंचायत में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में प्रतिभाग कथा का श्रवण भी किया। इस धार्मिक कार्यक्रम में उन्होंने अपनी धर्मपत्नी निर्मला जोशी के साथ भाग लिया।

कथा स्थल पर पहुंचकर मंत्री गणेश जोशी ने व्यास पीठ पर विरा. जमान कथा वाचक आचार्य महेश सेमवाल से आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रदेशवासियों की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने मंत्री जोशी का स्वागत किया और उन्हें क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। मंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार ग्रामीण विकास और आध्यात्मिक आयोजनों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है।र पर मसूरी नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, निर्मला जोशी, ज्योति कोटिया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### कृषि और बागवानी के क्षेत्र में हैं अपार संभावनाएं: जोशी

**टिहरी/ऐंदी।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने अपने तीन दिवसीय उत्तरकाशी व टिहरी भ्रमण के तीसरे दिन टिहरी जनपद के ऐंदी क्षेत्र स्थित पत्थरखौल गांव पहुंचकर दुलेश्वर महाराज मंदिर में दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर वे मंदिर प्रांगण में पर्यटन विकास समिति द्वारा आयोजित पारंपरिक मेले में शामिल हुए और स्थानीय जनता से संवाद भी किया। कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराएं हमारी असली पहचान हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंदिर समिति अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, सुभाष रमोला, मंडल अध्यक्ष नरेश पंवार, निर्मला जोशी, ज्योति कोटिया, रणवीर कंडारी, वीरेंद्र राणा, गोपाल सिंह पंवार, चंद्रमणि पंवार, सुनील सेमवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने विभागों की जानकारी साझा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के अंतर्गत बहुउद्देशीय भवन ग्राम डामटा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंतनगर विश्वविद्यालय की प्राध्यापक डॉ० अनुराधा दत्त, ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 'आत्मनिर्भर किसान, आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्य को आगे बढ़ाता है। स्थानीय स्तर पर खाद, बीज और मशीनरी की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल संरक्षण, और जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाना व किसानों को तकनीक और बाजार से जोड़ना कृषि क्षेत्र में रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना



तथा अर्थव्यवस्था को मजबूत करना। कार्यक्रम में उपस्थित पशु चिकित्सा अधिकारी साहिया डॉक्टर नरेंद्र लाल, के०वी०के ढकरानी से डॉक्टर भूपेंद्र सिंह, सहायक कृषि अधिकारी देहरादून मनोज कुमार, उद्यान विभाग से उप पर्यवेक्षक प्रियंका, कृषि अधिकारी न्याय पंचायत उद्पाल्टा कुमारी छवि सोनी, पूर्व प्रधान अनिल तोमर ग्रामवासी प्रभु सिंह तोमर, गजेंद्र सिंह तोमर, खजान सिंह तोमर,दीवान सिंह तोमर, संतू दास आदि लोग मौजूद थे।

# वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तरांचल प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर पछवादून प्रेस क्लब से जुड़े सभी पत्रकारों ने गहरा दुख जताते हुए संवे. दना प्रकट की।

सोमवार सुबह वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के आकस्मिक निधन की सूचना से पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। पिछले 30 वर्षों से पत्रकारिता से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार की अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। वह 55 वर्ष के थे और अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। हरिद्वार के खड़ीखडी घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर पछवादून प्रेस क्लब विकासनगर के अध्यक्ष चंदराम राजगुरु, महामंत्री राक.ेश नेगी, संरक्षक मंडल के वरिष्ठ



सदस्य राजेश पंवार, जितेन्द्र जोशी, हरीश कंडारी, कुंवर जावेद, एसएम आसिम, भारत चौहान, राकेश खत्री, चकराता विधायक प्रीतम सिंह, विक.ासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, पालिका अध्यक्ष धीरज बाबी नौटियाल, राज्य एसटी आयोग के पूर्व अध्यक्ष मूरतराम शर्मा, पूर्व मंत्री नारायण सिंह राणा, किसान यूनियन (टिकैत) के प्रदेश प्रवक्ता कौशल किशोर गौतम व प्रेस क्लब के सभी पत्रकारों ने दुख संवे. दना प्रकट की।

# केदारनाथ पैदल मार्ग पर घोड़े से गिरा यात्री

**रुद्रप्रयाग।** गत रविवार देर शाम को केदारनाथ पैदल मार्ग पर एक यात्री घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रेस्क्यू टीम ने यात्री को स्ट्रेचर के माध्यम से उपचार के लिए गौरीकुंड पहुंचाया। गत् रविवार को केदारनाथ पैदल मार्ग पर छोड़ी गदेरे में घोड़े का अचानक पैर फिसलने से केदारनाथ से वापस लौट रहे नागपुर महाराष्ट्र के यात्री पवन अरुण शेंडे की घोड़े से गिरने की सूचना मिली। जिससे यात्री के कमर में फ्रैक्चर आ गया है। डॉक्टरों ने गौरीकुंड अस्पताल में यात्री को प्राथमिक उपचार के बाद सोनप्रयाग के लिए रेफर किया। सूचना मिलने पर डीडीआरएफ टीम ने यात्री को स्ट्रेचर के माध्यम से गौरीकुंड बस अड्डा लाया गया, जहां से एम्बुलेंस के माध्यम से सोनप्रयाग भेजा गया।

# चकराता में पर्यटन सीजन में पानी की किल्लत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** इन दिनों पर्यटन सीजन में चकराता सैलानियों से गुलजार है, लेकिन पानी की किल्लत के चलते सार्वजनिक सुविधाओं का बुरा हाल है। खासकर मुख्य बाजार क्षेत्र का एकमात्र सार्वजनिक शौचालय आये दिन पानी की कमी का हवाला देकर बंद कर दिया जाता है, जिससे पर्यटकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

बाजार में भ्रमण कर रहे पर्यटक जसप्रीत सिंह, मीनल गर्ग, प्रिया थापा और संगीता शर्मा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पूरे बाजार में केवल एक शौचालय है, वह भी दोपहर के समय बंद मिला। आसपास के दुकानदारों ने जानकारी दी कि पानी की आपूर्ति न होने के कारण शौचालय को बंद रखा गया है। पर्यटकों ने सवाल उठाया कि जब शौचालय के उपयोग पर शुल्क



लिया जाता है, तो पानी जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध क्यों नहीं कराई जाती?

पर्यटकों का कहना है कि चकराता जैसी प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर जगह पर अगर बुनियादी सुविधाएं ही न हों, तो लोग निराश होकर लौटते हैं और इससे पर्यटन क्षेत्र की छवि पर भी असर पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने भी शौचालय बंद रहने पर छावनी परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

■ शौचालय बंद मिलने पर छावनी परिषद पर उठे सवाल,पर्यटक बोले चकराता की छवि हो रही धूमिल, जल्द हो स्थायी समाधान

उनका कहना है कि हर साल पर्यटन सीजन आता है, लेकिन बार-बार पानी की समस्या सामने आती है, जिसका स्थायी समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

इस संबंध में जब छावनी परिषद के मनोनीत सदस्य अनिल चांदना से संपर्क किया गया तो उन्होंने स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा, पर्यटन सीजन में इस तरह की लाप. रवाही नहीं होनी चाहिए। मैं जल्द ही सीईओ से बात कर इस समस्या का समाधान कराने का प्रयास करूंगा।

## एक नजर .......

### एनफील्ड स्कूल में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता विकासनगर।** नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी) 2020 के अनुसार, बहुभाषावाद को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को विभिन्न भारतीय भाषाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सीबीएसई द्वारा निर्देशित भारतीय भाषा समर कैंप 2025 का आयोजन द एनफील्ड स्कूल में किया गया। यह कैंप एनसीईआरटी द्वारा डिजाइन किया गया है, ताकि बच्चों को छोटी उम्र से ही विभिन्न भाषाओं के प्रति रुचि हो और वे उन्हें रोचक और आनंददायक तरीकों से सीख सकें। इसी दिशा में पहल करते हुए द एनफील्ड स्कूल में ग्रीष्मावकाश के दौरान 28 मई से 5 जून तक एक विशेष समर कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें स्थानीय भाषा 'जौनसारी' को सिखाया जा रहा है। यह शिक्षण विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा सीबीएसई द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार कराया जा रहा है, जिसमें अभी तक जौनसारी भाषा से संबंधित लोकोक्तियाँ, कहावतें, सामूहिक चर्चाएं, लोक वाद्य यंत्र तथा दृश्य साधनों के माध्यम से जौनसारी फिल्म दिखाकर जौनसारी भाषा एवं संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। विद्यालय प्रधानाचार्य ओपी चुग ने बताया कि इस प्रकार के कैंप के माध्यम से बच्चों में न केवल भाषाई ज्ञान का विकास होता है, बल्कि उन्हें भारत की सांस्कृतिक विविधता की भी समझ विकसित होती है।

### केदार मंदिर में चढ़ा चांदी का कलश



**चकराता।** ग्राम सभा भटाड़ स्थित केदार जी के मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में मंदिर शिखर पर चांदी का कलश विधिवत रूप से चढ़ाया गया। इस पावन कार्यक्रम में गांव के सभी पुजारी तथा श्रद्धालु शामिल हुए।केदार महाराज की पूजा परंपरागत रूप से गांव की तीन प्रमुख बिरादरियों कृ उनियाल बंधु, नौटियाल बंधु एवं थपलियाल बंधु कृ द्वारा संपन्न की जाती है। इस अवसर पर ग्राम भटाड़ की समस्त ध्यान टूडियों ने मिलकर केदार महाराज जी को चांदी की पीढ़ी और छत्र अर्पित किए। इसके साथ ही ग्राम भटाड़ की सभी रई टूडियों ने चांदी की सिरोही थाल और छत्र भेंट किए। ग्राम सभा दत्थरोटा की ध्यान टूडियों ने चांदी से बना धूनयारा भेंट किया, जबकि ग्राम सभा कुन्ना की टूडियों ने भी चांदी का छत्र अर्पित किया। ग्राम सभा चामा से भी चांदी का धूनयारा भेंट स्वरूप भेजा गया। विभिन्न क्षेत्रों से चढ़ावे और भेंटस्वरूप सामग्री आने का क्रम दिनभर चलता रहा। विशेष रूप से, आज के दिन केदार महाराज की देव डोली को विधिवत स्नान हेतु ग्राम सभा लाखामंडल के सेरा यमुना नदी के लिए रवाना किया गया। डोली का स्नान संपन्न होने के बाद वह 8 जून को भटाड़ गांव लौटेगी, जहां 9 जून को मंदिर का विधिवत उद्घाटन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

### ताला-बंरगाली मोटरमार्ग पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद

**रुद्रप्रयाग।** ताला-बंरगाली मोटरमार्ग पर स्थित पुल का बांया एबटमेंट क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही को बंद करवा दिया गया है। अधिशासी अभियंता लोनिवि ऊखीमठ राम प्रकाश नैथानी ने बताया कि एबटमेंट क्षतिग्रस्त होने के कारण सेतु भारी वाहनों के लिए असुरक्षित हो गया है। सुरक्षा को देखते हुए सेतु पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई। उन्होंने बताया कि बीते तीस मई को ताला-बंरगाली मोटर मार्ग पर स्थित 36 मीटर स्पान स्टील गार्डर सेतु का निरीक्षण किया गया था। क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन के कारण सेतु का बांया एबटमेंट क्षतिग्रस्त हो गया है, जिस कारण सेतु भारी वाहनों के लिए असुरक्षित हो गया है। सुरक्षा को देखते हुए सेतु से भारी वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है और फिलहाल एक बार में एक हल्के वाहन का ही संचालन किया जाना संभव है। बताया कि सेतु के अन्य आवश्यक परीक्षण भी किए जा रहे हैं, जिससे अन्य कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सेतु पर भारी वाहनों का संचालन न करने की अपील की।

# ईट फैक्ट्री में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ईट फैक्ट्री विकासनगर से 2 अद्द बैल्डिंग मशीन चोरी करने वाले शातिर चोर को कोतवाली विक.ासनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर चोरी माल बरामद किया। पुलिस शातिर चोर को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 31 मई की रात्रि रिजवान पुत्र जान मोहम्मद निवासी नबावगढ थाना विकासनगर ने थाना में शिकायत दर्ज करायी कि हमारी ईंट की फैक्ट्री (एस0वी0 प्राईम ब्रिक्स एण्ड पेवर्स) निकट स्क्रीनिंग प्लांट पुल नं0 1 विकासनगर से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 2 वैल्डिंग मशीन चोरी कर ली है। शिकायतकर्ता की तहरीर पर तत्काल थाना विकासनगर में अन्तर्गत धारा 305 (ए) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विकासनगर द्वारा घटना के सफल अनावरण एवं आरोपी की गिरफ्तारी को टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आस-पास तथा आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेजों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संदिग्ध के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की।

■ पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी का माल किया बरामद

सुरागरसी पतारसी करते हुए सीसीटीवी कैमरों से प्राप्त संदिग्ध की फुटेज से अवगत कराते हुए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। साथ ही पूर्व में इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों की वर्तमान स्थिति का भौतिक सत्यापन किया गया। पुलिस टीम द्वारा किये गये लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप्प चौकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी मोहसीन उर्फ सानू पुत्र तासीन निवासी ढकरानी मस्जिद के पास विकासनगर को स्थान पुल नं0 1 से पुल नं0 2 के बीच मय चोरी किये गये माल के साथ गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम एसआई संदीप कुमार चौकी प्रभारी बाजार कोतवाली विक.ासनगर, एसआई ओमवीर चौधरी कोतवाली विकासनगर, सिपाही रजनीश कुमार शामिल रहे।

# कार्तिक स्वामी मंदिर में किया सामूहिक योग अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददता**

**रुद्रप्रयाग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कार्तिक स्वामी मंदिर परिसर में हरित योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी लोगों को योग व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

योग दिवस-हरित योग कार्यक्रम का शुभारंभ योग अनुदेशक रविन्द्र सिंह व राजीव तिवारी ने सूर्य नमस्कार व सामूहिक योग अभ्यास के साथ किया। डॉ मनीष बर्तवाल ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग को जीवन शैली का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी



संख्या में स्थानीय लोगों के साथ ही स्कूली छात्र-छात्राओं व पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योग सत्र के पश्चात प्रतिभागियों ने मंदिर प्रांगण व आस-पास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण भी किया। विभिन्न प्रकार के औषधीय व छायादार पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम का समापन हरित भारत-स्वच्छ भारत के नारे के साथ किया गया।

# बिलकेदार की अक्षिता ने लेफ्टिनेंट बनाकर बढाया गौरव

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत बिलकेदार की 26 वर्षीय अक्षिता रावत भारतीय सेना के मेडिकल कोर में लेफ्टिनेंट बनी है। अक्षिता के लेफ्टिनेंट बनने पर परिजनों समेत स्थानीय लोगों ने खुशी व्यक्त की है। साधारण से परिवार से आने वाली अक्षिता ने कड़ी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। 27 मई को मुंबई में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद 29 मई को अक्षिता ने लखनऊ स्थित आर्मी अस्पताल में तैनाती ली है। अक्षिता के पिता कीर्ति सिंह रावत पेयजल निगम श्रीनगर में कर्मचारी हैं व माता सुनीता देवी गृहणी है। कीर्ति सिंह रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्षिता ने 10वीं की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय खघैरा साइन से की जबकि इंटेमिडियट रेनबो पब्लिक स्कूल चौरास से 2018 में उत्तीर्ण किया।

# करियर संबधी तैयारियों पर दी जानकारी

**लैंसडौन ।** आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जूनियर डिवीजन लैंसडौन न्यायालय की जज प्रिया शाह द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को करियर संबधी तैयारियों पर जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारियों, प्रश्न पत्र का पैटर्न, साक्षात्कार की तैयारी, और न्यायपालिका की भूमिका, न्याय प्रणाली की आवश्यकता और कानून के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में न्याय सभी के लिए समान है। कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ही सफलता का एकमात्र मंत्र है। मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर भी दिया। अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य विजेंद्र सुंदरियाल ने जज प्रिया शाह का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जन समस्याओं का निस्तारण करना अधिकारियों का दायित्व: डॉ. गहरवार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनता मिलन कार्यक्रम में दूर-दराज से पहुंच रही जनता का समय पर समस्या का निस्तारण करना अधिकारियों का दायित्व है। अधिकारी इसे अपनी जिम्मेदारी की तरह लें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। कोई अधिकारी इसमें ढिलाई दिखाता है तो उसके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

सोमवार को जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जन जनता मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों से जुड़ी सात शिकायतें दर्ज की गई। इनमें चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष समस्याओं के निस्तारण को लेकर संबंधित विभागों



को निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में प्रशासक ग्राम पंचायत नगरासू उषा देवी ने रेलवे से गांव का रास्ता, पंचायत व आवासीय भवन प्रभावित होने बावजूद अभी तक पुनर्निर्माण की कार्यवाही नहीं होने की समस्या से अवगत कराया। सन गांव के हर्षवर्धन बहुगुणा ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि सौड़ में उनके नाम की जमीन को कब्जाया जा रहा है। जिस पर उन्होंने आवश्यक कार्यवाही किए जाने की मांग की।

अपर बाजार निवासी हरीश लाल ने समस्या दर्ज करते हुए कहा कि बीते माह बारिश व तेज हवा के कारण पेड़ गिरने से उनका शौचालय क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसका उन्हें अभी तक न तो मुआवजा मिल पाया है और न ही गिरे पेड़ को हटाया गया है। उन्होंने संबंधित विभाग से आवश्यक कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि एल-1 स्तर पर 122 और एल-2 स्तर पर 33 शिकायतें लंबित हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग आशीष घिल्ड़ियाल, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ अनिल शुक्ला, उप जिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, परियोजना निदेशक विमल कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रामप्रकाश, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, खंड विकास अधिकारी प्रवीण भट्, खंड विकास अधिकारी अनुष्का, प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ विनोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादी उपस्थित रहे।

# टाइगर फॉल हादसे की जांच के लिए मौके पर पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विगत सोमवार को टाइगर फॉल झरने के ऊपर से गिरे पेड़ के बाद हुए दो लोगों की मौत के दर्दनाक हादसे के बाद खतरा बने अन्य पेड़ों की जांच के लिए सोमवार सुबह जिला पर्यटन अधिकारी सीमा नौटियाल के नेतृत्व में पर्यटन वन व राजस्व की एक संयुक्त टीम ने टाइगर फाल पहुंच कई बिंदुओं पर जांच की। विदित है कि टाइगर फाल में हुई दुर्घटना में एक पेड़ के गिरने से एक पर्यटक महिला व एक स्थानीय व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, जिसके बाद से ही टाइगर फाल को नहाने के लिए बंद किया हुआ है।

कयलु पछाड़ विकास समिति टाईगर फाल ने भी इस मामले को लेकर पर्यटन, वन एवं राजस्व विभागों को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की थी। जांच दल ने टाइगर फाल के साथ



■ पेड़ों को चिन्हित कर जल्द काटे जाने की कही बात

आसपास की सिविल बंजर भूमि का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने उन पेड़ों की पहचान की जो कमजोर स्थिति में नजर आए और भविष्य में जान माल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। टीम ने उन वृक्षों को चिन्हित करते हुए इन्हें हटाने की प्रक्रिया को शीघ्र प्रारंभ करने की बात कही।

निरीक्षण टीम में जिला पर्यटन अधिकारी सीमा नौटियाल के साथ राजस्व विभाग के उप निरीक्षक जयालाल शर्मा, वन विभाग से वन दारोगा कनासर रेंज खिन्ना सिंह तोमर, समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिह, नेपाल सिह, कुंदन सिह, समिति के अन्य सदस्य, स्थानीय होटल व्यवसाई, ग्रामीण व क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

### टाइगर फॉल आने के दौरान जिला पर्यटन अधिकारी की कार कोरवा में पलटी

**शाह टाइम्स संवाददाता चकराता।** निरीक्षण से पूर्व जब जिला पर्यटन अधिकारी चकराता आ रही थी तो उनकी कार कोरूवा के समीप सड़क पर पलट गई, कार में जिला पर्यटन अधिकारी सीमा नौटियाल और चालक सवार थे जो सुरक्षित हैं व उन्हें चोट नही आई है। इस दुर्घटना के बावजूद भी अधिकारी ने अपना कर्तव्य निभाते हुए मौके पर पहुंचकर जांच पूरी की। उनके इस साहसी और जिम्मेदाराना कदम व साहस की स्थानीय लोगों ने सराहना की। इसके बाद वह मृतक गीताराम जोशी के घर सुजऊ पहुंची व परिजनों को संतावना दी।



# चालदा महाराज की दो पालकियों के विलय पर नहीं बन पाई सहमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चालदा महासू महाराज सेवा समिति, खत शैली द्वारा दोहा गांव में आयोजित 12 खतों की विशेष बैठक में चालदा महाराज की दो पालकियों को एक पालकी में विलय करने पर गंभीर विचार-विमर्श हुआ। बैठक में सभी 12 खतों से दो-दो प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था, जहां पारंपरिक रीति-नीति के अनुसार निर्णय लेने के प्रयास किए गए।

बैठक का मुख्य एजेंडा चालदा महाराज की वर्तमान में चल रही दो पालकियों को एक भव्य और दिव्य पालकी में विलय करने को लेकर था। हालांकि, बैठक में इस विषय पर सर्वसम्मति नहीं बन सकी। अंततः यह निर्णय लिया गया कि देवता के चार प्रतिनिधि 15 जून को द्वितीय सिद्ध पीठ थैना मंदिर जाकर देवता से अनुमति प्राप्त करेंगे। देवता की अनुमति के बाद ही नई पालकी का निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा।

प्रारंभ में चालदा महाराज के साथ एक ही पालकी होती थी। किंतु चन्दौऊ प्रवास के समय खत अठगांव के श्रद्धालुओं ने एक और पालकी बनवाकर देवता की सेवा में समर्पित की, जो तब से दोनों पालकियां साथ-साथ चल रही हैं।

बैठक में देवता के बजीर बलदेव सिंह तोमर, खत सैली के सदर स्याणा राजेंद्र सिंह तोमर, भंडारी दीवान सिंह, ब्लॉक प्रशासक मठोर सिंह चौहान, स्याणा अर्जुन सिंह (समाल्टा), दिग्विजय सिंह (लखवाड़), सुनील जोशी (कोरू), विजपाल सिंह चौहान (कोटा तपलाड़), दिनेश सिंह (उपलगांव), मोतीराम शर्मा (सिल. गांव), बुद्ध सिंह तोमर, मोहर सिंह चौहान, संजय भट्ट, बारू जोशी, गंभीर सिंह, राजेंद्र सिंह, इंद्र सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पत्रकार विकास धूलिया के निधन पर राज्यपाल ने जताया दुख

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने वरिष्ठ पत्रकार विकास धूलिया के आकस्मिक निधन पर दु:ख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### ग्रामीणों को दी उन्नत कृषि की जानकारी

**पंतनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तीसरे दिन पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने खटीमा ब्लॉक के सल्मता, बल्खेड़ा और सुनखरी गांवों में किसानों को उन्नत फसल किस्मों, नवीन कृषि तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक गोविन्द सिंह राणा ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में डा. अजय प्रभाकर ने कम लागत में अधिक उत्पादन, डा. अर्पिता शर्मा ने महिलाओं की कृषि में भागीदारी और उद्यमिता और डा. स्वाति सिन्हा ने पंतनगर द्वारा विकसित फसल किस्मों पर जानकारी साझा की। कृषि, मत्स्य और पशुपालन विभागों के अधिकारियों ने सरकारी सहायता योजनाओं पर प्रकाश डाला।

### महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

**बागेश्वर।** शिखर पर्वत में स्थित श्री 1008 मूल नारायण मंदिर सोमवार से भागवत कथा शुरू हुए। सोमवार को आयोजकों ने स्थानीय महिलाओं के ढोल नगाड़ों के बीच सनगाड, बास्ती के ग्रामीणों के साथ मिलकर भव्य कलश यात्रा निकाली।

कलश यात्रा में कुरौली, बाफिला गांव, सनगाड, बास्ती की महिलाएं शामिल हुई। भावगत कथा में वेद व्यास रमेश चंद्र पांडे का भव्य स्वागत किया गया। पहले दिन कथा में वेद व्यास द्वारा आदर्श पुरूषोतम भगवन श्रीराम के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने श्रीराम के जीवनी से सीखने को कहा। कथा में यजमान की भूमिका जवाहर सिंह भौर्याल, कविंद्र सिंह बाफिला, महेश सिंह भौर्याल ने निभाई। इस मौके पर पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, उत्तमा नन्द महराज, केदार सिंह, चंद्र सिंह चौहान, नंदन सिंह बाफिला, मदन सिंह आदि मौजूद रहे।

### धार्मिक पर्यटन से जुड़ेगा अलखनाथ मंदिर

**कपकोट।** कपकोट विधानसभा क्षेत्र के किलपारा में इन दिनों अलखनाथ मंदिर का निर्माण चल रहा है। 50 लाख की लागत से बनने वाले इस मंदिर को धार्मिक पर्यटन से जोड़ा जाएगा। कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि मंदिरों का निर्माण तथा संरक्षण किया जा रहा है। मंदिरों के निर्माण के साथ-साथ क्षेत्र की संस्कृति, परंपरा, धरोहरों को सजोने का काम भी सरकार कर रही है। विधानसभा में पर्यटन की दृष्टि से धर्माटन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

### शिक्षा विभाग का अधिवेशन सम्पन्न

**बागेश्वर।** राज्य कर्मचारी संगठन जिला इकाई शिक्षा विभाग का अधिवेशन संपन्न हो गया है। सर्वसम्मति से गोकुल भाकुनी को अध्यक्ष व गौरी शंकर पुरी को महामंत्री बनाया गया है। सभी ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। साथ ही कहा कि किसी भी कर्मचारी का अहित नहीं होने दिया जाएगा।

मुख्य शिक्षा अधिकारी सभागार में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष ईश्वर दत्त पांडे की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशन सहित कई लंबित समस्याएं आज भी बनी हुई है। आने वाले दिनों में समस्याओं को लेकर कर्मचारी आगे की रणनीति तय करेंगे। संगठन के लिए रमेश जोशी संरक्षक, कुंदन खाती वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री लक्ष्मण सिंह, कोषाध्यक्ष राहुल कुमार, महिला उपाध्यक्ष हेमा उपाध्याय चुने गए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद व गोपनीयिता की शपथ दिलाई गई। सभी ने कहा कि संगठन के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं का समधान कराया जाएगा।

### एक वारंटी गिरफ्तार

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के आदेशानुसार वारंटियों के विरुद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कोतवाली के पुलिस उपनिरीक्षक सौरभ भारती और कांस्टेबल धीरज द्वारा विभिन्न न्यायालयों से जारी गैर जमानतीय आदेशिकाओं के अनुपालन में वारंटी जगवीर सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी प्रतापपुर काशीपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### बाबा फुलसंदे वालों का सत्संग आज से

**काशीपुर।** एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वाधान में एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा मंत्र के ऋषि सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वालों का तीन दिवसीय सत्संग मंगलवार, 3 जून से प्रारंभ होगा।

समिति के सदस्य विजेंद्र पाल सिंह एडवोकेट ने बताया कि मंगलवार, 3 जून को सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वाले प्रात: 10 बजे काशीपुर स्थित रामलीला मैदान पहुंचेंगे। यहां 11 बजे प्रेस वार्ता के बाद दोपहर 1 बजे से भजन वाणी तथा 2 बजे से सत्पुरुष बाबा फुलसंदे वाले अमृतमयी प्रवचनों की वर्षा करेंगे। तत्पश्चात नामदान, आरती का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदीप कुमार मिश्रा, मनोज चौधरी, विजेंद्र पाल सिंह, राजीव राठी, ऋषिपाल सिंह चौधरी, राजेंद्र सिंह व हरीराज शर्मा मौजूद रहेंगे।

# बर्बाद हो गया उत्तराखंड का पहला स्वीमिंग पूल

## खेल विभाग की अनदेखी ने छीनी ऐतिहासिक तरणताल की रौनक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड का पहला तरणताल (स्वीमिंग पूल) न सिर्फ खस्ताहाल हो चुका है बल्कि सिस्टम की अनदेखी की वजह से विगत पांच

**कोरोनाकाल में बंद हुआ था अब तक सुध नहीं ली गयी**

वर्षों से बंद पड़ा है और अब इसकी कोई उम्मीद भी नहीं कि यह दोबारा सुचारू हो पाएगा क्योंकि गौलापार स्टेडियम में स्वीमिंग पूल बन ही चुका है। तो सवाल यह उठता है कि क्या उत्तराखण्ड का पहला स्वीमिंग




पूल अब इतिहास बन चुका है। जी हां बरेली रोड में महात्मा गांधी इंटर कॉलेज बाईपास पर यह स्वीमिंग पूल अब जर्जर हालत में पहुंच चुका है और खेल विभाग ने इससे पूरी तरह से नज़रें फेर ली हैं। सूचना अधिकार के जवाब में खेल विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि उसे अब इस तरणताल की जरूरत नहीं है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इस तरणताल का संचालन करना विभाग को महंगा पड़ रहा था। यह तो मुनाफा ही दे रहा था। इस तरणताल से विभाग को हर 6 माह में 5 लाख 80 हजार से अधिक की आय होती थी। सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश चन्द्र जोशी को दिए जवाब में खेल विभाग ने खुद स्वीकार किया है बरेली रोड स्थित तरणताल कोरानाकाल में पूर्ण रूप से बंद रहा, जिससे उसकी हालत जर्जर हो गयी। शासन को उसकी मरम्मत के लिए पत्र भेजा गया था। फिल्टर प्लांट का जीर्णाद्धार न होने की वजह से वर्तमान में तरणताल को बंद करना पड़ा। प्रकाश चन्द्र जोशी खेल विभाग की लापरवाही से खफा हैं। कहते हैं कि इस तरणताल ने शहर व राज्य को कई नेशनल खिलाड़ी दिए। समय के साथ सिस्टम ने तरणताल की अनदेखी करना शुरू कर दिया। सालों से खराब फिल्टर को आज तक नहीं बदला गया। इससे बेहतर तो यह होता कि विभाग इसे निजी हाथों में सौंप देता। श्री जोशी कहते हैं कि अगर खेल विभाग आंखें मूंदे हुए नहीं होता तो आज बरेली रोड स्थित बायपास में बना तरणताल बदहाल नहीं होता। करोड़ों की लागत से बना यह तरणताल आज सूनसान है और पुन:निर्माण तथा देखरेख की बाट जोह रहा है। कभी यहां 6 शिफ्टों में तैराकी होती थी। कई शौकिया लोग तैराकी के लिए आते थे लेकिन आज कोई झांकता तक नहीं है। जोशी कहते हैं कि इस तरणताल का कायाकल्प होना बेहद ज़रूरी है। कई खिलाड़ी फिर से अपना भविष्य संवारेंगे और नाम भी रौशन करेंगे। प्रकाश चन्द्र जोशी ने सरकार और खेल विभाग के अधिकारियों से विनती की है कि इस तरणताल की सुध ली जाए।

### आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशासन मुस्तैद: एसडीएम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी के उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा ने बताया कि लगातार हो रही बरसात के चलते बीते दिनों कालाढूंगी के नदी नालो में पानी आने से कालाढूंगी प्रशासन



बिल्कुल मुस्तादी बनाए हुए हैं जिसके चलते उप जिलाधिकारी कालाढूंगी परितोष वर्मा ने बताया की नदी नालो के किनारे अवैध रूप से बसे लोगों को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है जिससे कि मानसून आते ही किसी भी हताहत होने से बच सकें। उप जिलाधिकारी कालाढूंगी परितोष वर्मा ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र कालाढूंगी में नालों की सफाई को लेकर दिशा निर्देश दिए गए हैं और साथ ही कालाढूंगी तहसील अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में संवेदनशील इलाकों में रह रहे लोगों को अवगत करा दिया गया है। बताया कि आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशासन की पूरी तैयारी हो चुकी है।

### 10 प्रत्याशियों का नामांकन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ प्रशासनिक भवन का चुनाव 4 जून बुधवार को प्रशासनिक भवन में संपन्न होगा। चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन हेतु दस नामांकन पत्रों की बिक्री हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर नवल किशोर तथा डा. मोहित सनवाल जबकि उपाध्यक्ष पद पर ओम प्रकाश सगटा तथा तारा सिंह रैखोला जबकि महिला उपाध्यक्ष पद पर शैलजा वर्मा तथा सचिव पद पर नवीन उप्रेती तथा जगदीश चंद्र जबकि उपसचिव पद पर तारा सिंह रैखोला तथा रंजीत कीर्ति तथा कोषाध्यक्ष पद पर संजीत कुमार ने नामांकन पत्र दाखिल किए गए। समय सीमा के पश्चात नामांकन पत्रों की जांच की गई तथा सभी नामांकन वैध पाए गए। चुनावी प्रक्रिया के तहत मंगलवार आज नामांकन पत्र वापसी होगी तथा 4 जून बुधवार को मतदान किया जाएगा।

## चार और नए रिक्शा लॉन्च

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** नगर के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा देने के लिए नगर पालिका ने चार और नए रिक्शा लांच किए हैं। सोमवार को नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश



खेतवाल व ईओ मुहम्मद यामीन, सभासद नवीन रावल, प्रेम हरडिया, नवीन आर्या ने हरी झंडी दिखाकर इन्हें रवाना किया। दो और रिक्शों को जल्द हरी झंडी मिलेगी। बता दें कि नगर पालिका ने नगर में ई-रिक्शे चलाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। कई दिनों के ट्रायल के बाद एआरटीओ व प्रशासन से अनुमति मिली। तब पालिका 12 रिक्शे लेकर आई, लेकिन पहली किस्त में छह रिक्शा चलाए, लेकिन चार रिक्शे अनुमति नहीं मिलने से नहीं चल पाए। एक साल तक नगर पालिका बोर्ड भंग रही। अब नए बोर्ड गठन के बाद रिक्शों को चलाने की कवायद शुरू हुई। अब चार रिक्शों को हरी झंडी मिली। इन्हें कठायतबाड़ा, बिलौना, मंडलसेरा व बाजार क्षेत्र में चलने की अनुमति दी गई है। पालिकाध्यक्ष खेतवाल ने कहा कि दो अन्य रिक्शे भी लोगों को सुविधा देंगे। इस मौके पर ईओ मो. यामीन, सभासदों में नवीन रावल, प्रेम हरड़िया, कैलाश आर्या आदि मौजूद रहे।

## खुलें में न करें कुर्बानी: एसपी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** कोतवाली परिसर में पुलिस अधीक्षक अभय सिंह की मौजूदगी में आज बकरा ईद के संबंध में पीस कमेटी की बैठक

**कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक**



आयोजित की गई। बैठक में एसपी ने धर्मगुरूओं के साथ क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों को शासनादेश की जानकारी देते हुए प्रतिबंधित पशु के अलावा अन्य पशुओं की खुले में कुर्बानी न देने की हिदायत दी।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें। कोई भी व्यक्ति प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करें और कुर्बानी करते समय रील न बनाएं, न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें, यह अपराध है। बैठक में ईदगाह सदर हसीन खान व शहर ईमाम मुनाजिर हुसैन ने भी उक्त बातों का ख्याल रखते हुए कुर्बानी करने की बात कही। बैठक में शफीक अहमद अंसारी, पार्षद नौशाद हुसैन, अब्दुल कादिर, सरफराज, मोनिश आशी, राशिद फारूकी, सादिक हुसैन, आरिफ सैफी, इल्यास माहीगीर, डा. एमए राहुल, कारी महमूद आलम, कारी इस्लामुद्दीन, खालिद हुसैन, जाकिर हुसैन, आफताब अली, दिलशाद हुसैन, अय्यूब, अब्दुल सलीम, गुड्डू मलिक, मोहम्मद अली, गुल्लू माहीगीर, मोहम्मद नईम, तसलीम अहमद, मोहम्मद नफीस, मोहम्मद हनीफ आदि मौजूद रहे।

# सट्टा किंग समेत आधा दर्जन गिरफ्तार

## पुलिस ने 25 हजार की नगदी बरामद की, मुखबिर की सूचना पर दबोचा

**काशीपुर।** कोतवाली पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हिस्ट्रीशीटर सहित 06 लोगों को गिरफ्तार कर सट्टे के 25,090 रुपये बरामद किये हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम. सिंहनगर मणिकांत मिश्रा द्वारा जनपद स्तर पर अवैध कृत्यों के विरुद्ध चलाये गए अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक अभय सिंह व क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार के निर्देशन मे कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर यादव सभा वाली गली में सट्टा किंग तस्लीम पुत्र स्व. मौ. यासीन निवासी मौहल्ला बांसफोड़ान काशीपुर, अबरार हुसैन पुत्र स्व. निसार अहमद निवासी मछली बाजार ठाकुरद्वारा, हैदर अली पुत्र स्व. हबीब निवासी मौहल्ला बांसफोड़ान काशीपुर, मौ. सूफियान पुत्र शाहिद हुसैन निवासी मौहल्ला बांसफोड़ान काशीपुर, यशपाल सिंह पुत्र स्व. उत्तम चंद निवासी मौहल्ला महेश. पुरा काशीपुर, अनिल कुमार पुत्र स्व. अशोक कुमार निवासी कटोराताल काशीपुर आदि छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से एक सट्टा नोटबुक, सट्टे के नम्बर लिखा बोर्ड, दो कैलकुलेटर, लिखी हुई 52 सट्टा पर्ची, बिना लिखी प्रिंटेड नई सट्टा पर्ची की रंगीन डायरी तथा सट्टे की खाईबाड़ी के 25,090 रूपये पुलिस ने बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार सभी के खिलाफ धारा 3/4/13 जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।



### जनता दरबार में जन शिकायतों का समाधान

**बागेश्वर।** कपकोट तहसील सभागार में सोमवार को आयोजित जनता दरबार में क्षेत्रीय विधायक सुरेश गढ़िया और जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में 23 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से अधिकांश का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। विधायक गढ़िया ने अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए, वहीं जिलाधिकारी भटगांई ने जनता दरबार को शासन और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बताया। ग्रामीणों ने पेयजल, आपदा से क्षतिग्रस्त पुलिया, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आर्थिक सहायता और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उठाईं, जिन पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मैंने अपने पुत्र **सुमित कुमार** व पुत्रवधु **सोनम** को उनके द्वारा किये जाने वाले गलत आचरण के चलते अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में उनके किसी भी लेनदेन व कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मांगे राम पुत्र पल्टू,**
निवासी- हरदेवपुर सहदेवपुर उर्फ रानी माजरा, पो0 शाहपुर शीतला खेडा, जिला हरिद्वार।

### गंदगी फैलाने पर 29 लोगों का चालान

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के निर्देश पर कर एवं राजस्व अधीक्षक दिपेन्द्र बमोला के निर्देश पर पालिका के कर संग्रहकर्ता हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को नगर के पंत पार्क, माल रोड तथा बारापत्थर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध फड़ एवं गंदगी मिलने पर 29 लोगो के ऊपर चालानी कार्यवाही की गई। बता दें जिन लोगों पर चालानी कार्रवाई की गयी उनमें लाला राम, रहीम, अभिषेक, रोशन, विकास, मो काशिम, निरमोस, दुर्गेश, राज, योगेंद्र, पुष्पेंद्र, असमद, अजगर, मो शकील, मो अयूब, नसरीन, मो अब्दुल, रहीश, ललित, दीवान सिंह, शैलेन्द्र, जीत, सतीश, जाहूर, आकाश व प्रमोद के चालान किए गए। कुल 12350 रुपए के चालान किए गए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक: एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 382 **ई-निविदा सूचना** दिनांक 02.06.2025

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सिविल), मनेरी भाली-II, चिन्यालीसौड़ इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:**
**निविदा संख्या:** 05/अधि.अभि(सिविल)/ एमबी-II /चिन्यालीसौड़/2025-26
**कार्य का नाम:** मनेरी भाली द्वितीय चरण, उत्तरकाशी के गमरी-गाड़ में ड्रिलिंग एवं पीज़ो मीटर स्थापना का कार्य।
**अनुमानित लागत:** ₹ 34,09,348.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 05.06.2025 सांय 5:00 बजे से
**वेबसाइट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि:** 28.06.2025 सांय 05:00 बजे तक
**अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://uktenders.gov.in" देखें।**
अधिशासी अभियन्ता (सिविल), एम.बी.-II, चिन्यालीसौड़
" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए (एकल पैकेट प्रणाली) के अन्तर्गत खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा एनआईटी संख्या | 17-विद्युत/नि./ टी.आर.डी./एम.बी./ 139 |
| 2 | कार्य का नाम व स्थान | मुरादाबाद मण्डल के रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में रोजा में क्रास ओवर शिफ्टिंग, लखनऊ-मुरादाबाद खण्ड में पीताम्बर पुर के कि.मी. 1288/17-19 पर गेट सं.-352 सी के बदले आरओबी, सीतापुर के कि.मी. 78/130.201 पर गेट सं.-51 स्पेशल के बदले आरओबी, रोजा-सीतापुर सिटी खण्ड में डाउन मैन लाईन के कि.मी. 14/305.923 पर ब्रिज सं. 13 एंव सेक्शनिगं पोस्ट सीतापुर सिटी के विद्युतिकरण हेतु 25 हजार वोल्ट सिगंल फेज ओ.एच.ई. की डिजाइन, सप्लाई, इरेक्शन, टेस्टिंग व कमीशनिंग का कार्य। |
| 3 | कार्य पूरा करने की अवधि | 12 (बारह) माह |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | रुपए 1,87,73,215.60 |
| 5 | बयाना राशि जो जमा की जानी है (निविदा दस्तावेज के खण्ड 3.0 के अनुसार) | रुपए 2,43,900/- |
| 6 | ई-निविदा जमा करने एवं ई-निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक 25.06.2025 समय 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 25.06.2025 समय 11:30 बजे खोली जाएगी। |
| 7 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत ई-निविदा एंव निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 10.06.2025 से दिनांक 25.06.2025 तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगा। निविदाकर्ता जो ई-निविदा में भाग लेने को इच्छुक है उनको सलाह दी जाती है कि उपरोक्त वैबसाइट पर अपना ई-पंजीकरण करा ले जिसके लिए उन्हे क्लास III डिजीटल प्रमाणपत्र की आवश्यकता होगी (यदि पहले से उपलब्ध नहीं है), जो आई डी निगम-2000 के अन्तर्गत सीसीए द्वारा जारी की जाएगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा प्रपत्र में दिये गये है। केवल ई-निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी तथा किसी अन्य रूप में प्रस्तुत निविदाएं तुरन्त अस्वीकार कर दी जाएंगी। |

प्रपत्र सं. 17-विद्युत/नि./टी.आर.डी./एम.बी/139 दिनांक 02.06.2025 1630/25
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**न्यायालय श्रीमान असि० कलेक्टर प्रथम श्रेणी श्रीनगर गढ़वाल।**

बंटवारा वाद संख्या-02/2024-25 सन् 2025

वादी- चंदन सिंह पुत्र स्व० बीर सिंह ग्राम उफल्डा पट्टी इडवालस्यूँ तहसील श्रीनगर, जिला पौड़ी गढ़वाल।

**बनाम**

धर्म सिंह सुरेन्द्र सिंह पुत्रगण स्व० बीर सिंह व अन्य।
प्रतिवादीगण (आवश्यक पक्षकार)--तामिल
प्रतिवादीगण- (औपचारिक पक्षकार) 3-मातबर सिंह भण्डारी पुत्र गुलाब सिंह, 12-पंचम सिंह पुत्र दयाल सिंह, 13-बीरा देवी पत्नी सचिदानन्द, 14- रमेश चन्द्र पुत्र सचिदानन्द, 15-गणेश मणी पुत्र सचिदानन्द, 16-सुरेश चन्द्र पुत्र सचिदानन्द, 17-दिनेश पुत्र हे मिणी, 18-सुरेश पुत्र हर्षमणी, 19-दिनेश डोभाल पुत्र ललिता प्रसाद, 20-राजीव डोभाल पुत्र ललिता प्रसाद, 21-दयाल सिंह पुत्र नंदा सिंह, 22-बृजेन्द्र सिंह पुत्र तारासिंह, 23-गिरीश चन्द्र पुत्र पिताम्बर दत्त, 24-नरेन्द्र सिंह पुत्र राम सिंह, 25-वैलम सिंह पुत्र घोकल सिंह 26-विशन सिंह पुत्र गोविन्द्र सिंह 27-कुवर सिंह पुत्र शिव सिंह, 28-कुवर सिंह पुत्र दान सिंह, 29-रघुनाथ सिंह पुत्र उमराव सिंह, 30-वृजमोहन पुत्र मंशाराम, 31-यशवन्त सिंह पुत्र राधे सिंह, 32-हीरामणि पुत्र परमानन्द, 33-महावीर सिंह पुत्र उम्मेद सिंह, 34-संगीता तडियाल पत्नी रेवत सिंह, 35-गौरा देवी पत्नी बूथाराम, 36-सुरेन्द्र सिंह पुत्री मंगन सिंह, 37-उमा देवी पत्नी पृथ्वी सिंह, 38-मंजू उनियाल पत्नी पूरण सिंह, 39-दुर्गा देवी पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह, 40-सिद्धि देवी पत्नी मथुरा प्रसाद, 41-अंशी देवी पत्नी प्रेम सिंह, 43-सरिता देवी सजवाण पत्नी धमेन्द्र सिंह, 44-अनुपमा रमोला पत्नी हुकम चन्द्र, 45-रामेश्वरी देवी पत्नी मंगल सिंह, 46-विरेन्द्र सिंह पुत्र धीरज सिंह, 49-कलावती पत्नी हुकम सिंह, 50-हेमन्ती पत्नी कान्ता प्रसाद, 51-देवेश्वरी देवी पत्नी अर्जुन सिंह, 52-अरूण कुमार पुत्र प्रीतम लाल, खाता संख्या 00093 मध्ये 55 मुकन्द सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, 57-कादाम्बरी देवी पत्नी लक्ष्मण सिंह, 58-कुवर सिंह पुत्र श्याम सिंह, 61-संजय नयाल पुत्र प्रवीन नयाल, 62-नरेन्द्र सिंह पुत्र गोविन्द सिंह, 63-राकेश मोहन पुत्र कमलकान्त, 65-वीरेन्द्र प्रसाद पुत्र विशालमणी, 66-मनोज कुमार भण्डारी/आशा देवी, 67-कपिल देव भण्डारी/आशा देवी, 68-बृहमदेव भण्डारी/आशा देवी, 69-विरेन्द्र सिंह पुत्र धीरज सिंह, 72-सुनीता देवी कुशाल सिंह, 73-निखिल पुत्र कुशाल सिंह, 74-मनोरमा देवी पत्नी रविन्द्र सिंह, 75-रीना चौहान पत्नी कुलदीप सिंह, 76-भगत सिंह पुत्र दलीप सिंह, 77-रघुवीर सिंह पुत्र सते सिंह, 78-रजनी देवी पत्नी बलदेव सिंह, निवासीगण ग्राम उफल्डा पट्टी इडवालस्यूँ तहसील श्रीनगर, जिला पौड़ी गढ़वाल, 79-उत्तराखण्ड सरकार द्वारा श्रीमान कलेक्टर जिला पौड़ी गढ़वाल, 80-श्रीमान नगर आयुक्त नगर निगम श्रीनगर गढ़वाल। आप को सूचित किया जाता है कि वादी द्वारा मेरे न्यायालय में बंटवारा वाद अन्तर्गत धारा 176 उत्तर प्रदेश/उत्तराखण्ड ज०वि० एवं भू० व्यवस्था अधिनियम 1950 अनुकूलन 2007 के तहत ग्राम उफल्डा पट्टी इडवालस्यूँ, परगना देवलगढ़, तहसील श्रीनगर जिला पौड़ी गढ़वाल के वर्तमान खाता खतोनी संख्या-00060, खाता संख्या-00093 खसरा नम्बरान 501, 1044, 489, 1054, 673, 1085, 1018, क्षेत्रफल 0.3060 है०, पर बंटवारा वाद के सम्बन्ध में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है, जिसमे आपके जवाब दावा हेतु दिनांक-21.06.2025 की तिथि नियत है, अतः इस विज्ञप्ति प्रकाशन के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक-21.06.2025 को स्वयं या वजरिये अधिवक्ता के उपस्थित होकर अपना जवाबदावा/आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी। समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु विज्ञप्ति आज दिनांक 29.05.2025 को न्यायालय की आज्ञा व मुद्रा से जारी।

असिस्टेंट क्लेक्टर प्रथम श्रेणी, श्रीनगर गढ़वाल।

**एल्केमिस्ट एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
(सीआईएन नं, 74999DL2002PLC117052)
ए-270 (एफएफ एंड एसएफ), डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110 024, दूरभाष : 91-11-46562580 - 83
फैक्स: 91-11-46562584, Email: admin@alchemistarc.com, Web : alchemistarc.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

(कृपया नियम 8(6) और नियम 9 सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 और परिशिष्ट IV ए देखें)

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के तहत सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई नीलामी बिक्री सूचना (जिसे आगे के रूप में संदर्भित किया गया है एसएआरएफएईएसआई अधिनियम, 2002) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) और नियम 9 के साथ पढ़ा जाए।**

आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता, बंधककर्ता और गारंटर को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित सुरक्षित परिसंपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित हैं, जिसका प्रतीकात्मक कब्जा 05-10-2024 को टूरिज्म फाइनेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है और ऋण के असाइनमेंट के बाद, 'अलकेमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, अलकेमिस्ट XXXIX ट्रस्ट के ट्रस्टी की क्षमता में कार्य कर रही है (इसके बाद 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित) सुरक्षित लेनदार बन गई है, इस प्रकार प्रतीकात्मक कब्जा अब सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी के पास है, इसे "जहां है जैसा है," "जो कुछ भी है", और "बिना सहारा के आधार पर" सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी (एओ) द्वारा वेबसाइट https://www.bankeauction.com के माध्यम से 10 07 2025 को ऑनलाइन ई-नीलामी' के माध्यम से बेचा जाएगा। 11:30 पूर्वाह्न से 12:30 अपराह्न तक, प्रत्येक में पाँच (5) मिनट का असीमित स्वत विस्तार, यदि ई-नीलामी बंद होने से पहले बढ़ी हुई बोली लगाई जाती है, जो 48,41,36,376/ (अड़तालीस करोड़ इकतालीस लाख छत्तीस हज़ार तीन सौ छिहत्तर) ऋणदाता, सह ऋणदाता और बंधककर्ता अर्थात मोज़ेक हॉस्पिटैलिटीज़ प्राइवेट लिमिटेड, शिप्रा होटल्स लिमिटेड, शिप्रा एस्टेट लिमिटेड (सीआईआरपी के तहत) और गारंटर अर्थात श्री मोहित सिंह (पीआईआरपी के तहत), श्रीमती बिंदु सिंह और श्रीमती जूही मोहित सिंह से 20 05 2025 तक अल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड, जो अल्केमिस्ट XXXIX ट्रस्ट (सुरक्षित लेनदार) के ट्रस्टी की हैसियत से काम कर रही है, को बकाया राशि के साथ-साथ एएआरसी को देय ब्याज और शुल्क भी देय है। आरक्षित मूल्य, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और सुरक्षित परिसंपत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

| उधारकर्ता और बंधककर्ता और गारंटर का विवरण | शिप्रा होटल्स लिमिटेड के स्वामित्व वाली सुरक्षित संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / बयाना राशि जमा (ईएमडी) |
|---|---|---|
| 1. मोज़ेक हॉस्पिटैलिटीज प्राइवेट लिमिटेड (उधारकर्ता), फ्लैट नंबर-502, 502-ए, 5वीं मंजिल 23 बाराखंभा रोड, नारायण मंजिल नई दिल्ली 110001. कॉर्पोरेट कार्यालय पता: प्लॉट नंबर 9, शिप्रा मॉल वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद 201014 ईमेल: amitwalia@shipraworld.com 2. शिप्रा होटल्स लिमिटेड (सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता), पंजीकृत कार्यालय शिप्रा होटल्स लिमिटेड, पिक्चर पैलेस, द मॉल रोड, कुलरी मसूरी देहरादून उत्तराखंड- 248179 3. शिप्रा एस्टेट लिमिटेड (गारंटर और बंधककर्ता), अपने रेजोल्यूशन प्रोफेशनल के माध्यम से पंजीकृत कार्यालय फ्लैट नंबर 502, 502 ए, 5वीं मंजिल 23 बाराखंभा रोड, नारायण मंजिल नई दिल्ली (कंपनी सीआईआरपी के तहत है, यह सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत अनुपालन के अनुसार रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल को केवल सूचना है) 4. श्री मोहित सिंह पुत्र श्री हरपाल सिंह अपने रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल (निदेशक और गारंटर के साथ-साथ गिरवीकर्ता) के माध्यम से, निवासी केएच-01, कवि नगर, गाजियाबाद- 201002 (मोहित सिंह पीआईआरपी के तहत हैं, यह सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत अनुपालन के अनुसार रिज़ॉल्यूशन प्रोफेशनल को केवल सूचना है) 5. श्रीमती बिंदु सिंह, पत्नी श्री हरपाल सिंह, (गारंटर के साथ-साथ गिरवीकर्ता) निवासी केएच-04, कवि नगर, गाजियाबाद- 201002 6. श्रीमती जूही मोहित सिंह पत्नी श्री मोहित सिंह, (गारंटर तथा गिरवीकर्ता) निवासी केएच-04, कवि नगर, गाजियाबाद- 201002 | फ्रीहोल्ड भूमि के वे सभी टुकड़े और पार्सल, जिन्हें "मोज़ेक होटल" के रूप में जाना जाता है, 2580 वर्ग मीटर में फैली हुई भूमि, जो कुलरी, पिक्चर पैलेस एंड के पास, द मॉल रोड, मसूरी में, उप-पंजीयक आश्वासन मसूरी, पंजीकरण जिला देहरादून के अधिकार क्षेत्र में स्थित है, उत्तराखंड राज्य में साथ ही सभी भवन, संरचनाएं, निर्माण आदि जो वर्तमान में और भविष्य में निर्मित और/या निर्मित किए जाने हैं और जमीन से जुड़े हुए या जमीन से जुड़ी किसी भी चीज से स्थायी रूप से जुड़े हुए प्लांट और मशीनरी, लगाए गए/स्थापित किए गए या लगाए जाने वाले/स्थापित किए जाने वाले फिक्सचर और फिटिंग और उनका प्रत्येक भाग शिप्रा होटल्स लिमिटेड (सह-उधारकर्ता और बंधककर्ता) के स्वामित्व में है। | रू. 3722.00 लाख / रू. 186.10 लाख |

1.-7. [illegible]

स्थान: दिल्ली, दिनांक: 03.06.2025 एआरसी/- (प्राधिकृत अधिकारी)

# आईपीएलः श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग

## सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स के कप्तान




**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरस.ीबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था। बेंगलूरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुक.ाबले में मुंबई ने टास जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे। अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

**आईपीएल-2025 फाइनल मैच आज शाम 7:30 बजे**

### बड़े मौकों पर संयम से अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती हैः श्रेयस

**अहमदाबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि बड़े मौकों पर जब आप संयम रखते है तो आपके अच्छे प्रदर्शन की संभावना बढ़ जाती है। आईपीएल के दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाने के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस ने कहा कि मुझे बड़े मौको पर खेलना अच्छा लगता है, मैं हमेश अपने साथियों से कहता हूं जब आप बड़े मौको पर संयम रखते हैं तो आपके अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि आरसीबी के खिलाफ हार के बाद हमने इस पर अधिक बात नहीं की कि हमने कहां गलती की। हमें पता है कि हमने इस सत्र कैसा क्रिकेट खेला है। भले ही कुछ खिलाड़ियों को बड़े मौको पर खेलने का अनुभव नहीं है लेकिन वे साहसी हैं। युवा और अनकैप्ड खिलाड़ियों अय्यर ने कहा कि मैं उन्हें अधिक निर्देश नहीं देता, बस उन्हें उनके अंदाज़ में खेलने देता हूं। उनमें जो निडरता है, वही मुझे पसंद है। भले ही अनुभव कम हो, लेकिन उनके पास विचार होते हैं और वो उन्हें साझा भी करते हैं। आखिर में उन्होंने कहा कि मैं अभी इसी पल में हूं, इस जीत का आनंद उठा रहा हूं। लेकिन काम अभी आधा ही हुआ है।

# धीमी ओवर गति के लिए अय्यर-हार्दिक पर लगा जुर्माना




**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के दूसरे क्वालीफायर मैच में धीमी गति से ओवर करने के लिए पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है। रविवार रात अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल 2025 के क्वालिफायर दो बारिश के कारण मैच दो घंटे के बाद शुरु हुआ था। दोनों टीमों की ओर से धीमी ओवर गति के कारण मैच और अधिक देरी से खत्म हुआ।

इस सत्र में पंजाब किंग्स की दूसरी बार धीमी ओवर रेट की गलती हुई इसलिए उसके कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मुंबई इंडियंस की ओर से इस तरह की तीसरी गलती होने के कारण हार्दिक पांड्या पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया, हालांकि पंजाब किंग्स के शेष खिलाड़ियों पर छह लाख रुपये या उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जो भी कम हो का जुर्माना लगाया गया। वहीं मुंबई के खिलाड़ियों पर यह राशि 12 लाख रुपये या 50 प्रतिशत रही। गौरतलब है कि यह मुंबई इंडियंस की तीसरी धीमी ओवर रेट की गलती थी फिर भी हार्दिक को निलंबन नहीं झेलना पड़ा जैसा कि उन्हें आईपीएल 2024 में झेलना पड़ा था। इसके कारण वह नए नियम लागू होने से पहले, आईपीएल 2025 का पहला मैच नहीं खेल पाए थे।

# बेंगलुरु-पंजाब अपना पहला खिताब जीतने उतरेंगी

- पंजाब किंग्स 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने में हुई कामयाब
- आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में है

**अहमदाबाद, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में नरेंद्र मोदी स्टेडियम की दूधिया रोशनी में इतिहास रचने की उतरेगी। आरसीबी नौ साल बाद फाइनल में वापस आई है अभी भी अपने पहले खिताब की तलाश है।

जबकि पंजाब किंग्स 2014 में अपने पहले प्रदर्शन के 11 साल बाद दूसरी बार फाइनल में पहुंची है। ऐसे में दोनों टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने की उम्मीद है। रजत पाटीदार की आरसीबी इस सीजन में पंजाब को दो बार हरा चुकी है, जिसमें क्वालीफायर वन में आठ विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। इस मैच में जोश हेजलवुड (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों ने पंजाब किंग्स को 101 रनों पर ढेर कर दिया। उसके बाद मात्र 10 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर एकतरफा अंदाज में मुकाबला जीत लिया था। आरसीबी की धड़कन विराट कोहली इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। 15 पारियों में 146-53 के स्ट्राइक रेट से 614 रन बनाने वाले कोहली को एक बार फिर आरसीबी की बल्लेबाजी की कमान संभालने के लिए चुना गया है। पिछले मैच में 27 गेंदों पर 56 रन बनाने वाले फिलिप साल्ट ने धमाकेदार शुरुआत दी है। जबकि पाटीदार खुद मध्यक्रम में स्थिर उपस्थिति बनाए हुए हैं। इसी के साथ मयंक अग्रवाल, क्रुणाल पांड्या और जितेश शर्मा ने बहुमूल्य योगदान रहा है। रोमारियो शेफर्ड और टिम डेविड ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। जोश हेजलवुड की वापसी ने आरसीबी गेंदबाजी इकाई को मजबूत किया है, जिसमें अनुभवी भुवनेश्वर कुमार और स्पिन जोड़ी सुयश शर्मा और यश दयाल का अच्छा सहयोग रहा है। पंजाब किंग्स ने क्वालीफायर वन में मिली बड़ी हार से उबरते हुए दूसरे क्वालीफायर में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर अपना आक्रामक प्रदर्शन दिखाया है। इस मैच में कप्तान श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों पर नाबाद 87 रन बनाकर आगे बढ़कर नेतृत्व किया। पंजाब का शीर्ष क्रम पूरे सीजन में शानदार फॉर्म में रहा है। प्रभसिमरन सिंह (523 रन) और प्रियांश आर्य (451 रन) ने लगातार तेज शुरुआत दी है। जॉश इंग.लिस ने तीसरे नंबर पर आकर रनों की गति दी है, जबकि अय्यर मध्यक्रम में 175 के शानदार स्ट्राइक रेट से 597 रन बनाकर अहम भूमिका निभा रहे हैं।

### क्वालिफायर-2 में जीत के बाद प्रीति जिंटा ने किसे मारी आंख !

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2025 अपने चरम पर पहुंच गया है। रविवार को पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मैच के बाद पंजाब किंग्स की सह-मालि.कन प्रीति जिंटा काफी खुश नजर आईं। अब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह एक खिलाड़ी को आंख मारती दिख रही हैं। दरअसल, यह घटना मैच के बाद की है। प्रजेंटेशन सेरेमनी से पहले मशहूर अभिनेत्री और पंजाब किंग्स की सह-मालकिन प्रीति जिंटा मैदान पर पहुंचीं। जीत के बाद वह काफी उत्साहित लग रहीं थीं। वह अपनी टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से काफी खुश नजर आईं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें प्रीति को पंजाब किंग्स के एक खिलाड़ी को आंख मारते देखा जा सकता है। वीडियो में जो खिलाड़ी दिख रहा है उसकी जर्सी का नंबर 19 है, जो कि नेहाल वढेरा पहनते हैं। फैंस इस वीडियो को साझा कर रहे हैं और जमकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पंजाब की टीम ने 2014 के बाद फाइनल में प्रवेश किया है। अब उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर ही रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। पांच बार की चैंपियन मुंबई का सफर क्वालिफायर-2 में समाप्त हो गया।




**खेल विशेष**

### राजीव शुक्ला बन सकते हैं बीसीसीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जुलाई में बोर्ड के कार्यवाहक अध्यक्ष बन सकते हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। दरअसल, बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी 19 जुलाई को 70 वर्ष के हो जाएंगे।नियमानुसार बीसीसीआई अध्यक्ष की उम्र 70 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। 65 वर्षीय शुक्ला को तीन महीनों के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष की भूमिका मिल सकती है।

सूत्रों ने बताया कि सितंबर में वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान राजीव शुक्ला बोर्ड के पूर्णकालिक अध्यक्ष पद के लिए चुनाव में खड़े हो सकते हैं। इस पर अब शुक्ला का भी बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि ये अनावश्यक खबरें हैं। जब किसी नियम की वजह से कोई पद खाली होता है, तो दूसरे स्थान पर रहने वाले व्यक्ति को अस्थाई प्रभार दिया जाता है।

उसी नियम की वजह से दूसरे स्थान पर रहे व्यक्ति को अंतरिम प्रभार दिया जाता है। इसलिए अगले चुनावों तक यही स्थिति रहेगी। इसे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। इसे इतना महत्व देने की कोई जरूरत नहीं है। रोजर बिन्नी को अक्तूबर 2022 में बीसीसीआई के 36वें अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। उन्होंने पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली की जगह ली थी। गांगुली ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा किया था। तब बिन्नी शीर्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार थे।

# डी गुकेश ने मैग्नस कार्लसन को हराया

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज 2025 के छठे राउंड में विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश ने विश्व नंबर वन शतरंज खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को शानदार मुकाबले में मात दी। भारतीय ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में पूर्व विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को उनके ही देश में हराकर बड़ी जीत दर्ज की। खेल में एक समय कार्लसन का पलड़ा भारी लग रहा था, लेकिन गुकेश ने कार्लसन की खामियों का फायदा उठाते हुए बाजी पलटकर क्लासिकल मैच में शानदार जीत हासिल की। गुकेश की इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट में दोनों खिलाड़ियों का स्कोर बराबर 1-1 हो गया है। नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में यह दूसरी बार है जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने क्लासिकल प्रारुप में विश्व चैंपियन कार्लसन को मात दी हो। इससे पहले आर- प्रग्गनानंदा ने इसी टूर्नामेंट में कार्लसन को हराया था।

# पाक ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया, सीरीज भी जीती

- मोहम्मद हारिस ने नाबाद 107 रन और सैम अयूब ने 45 रनों की शानदार पारी खेली

**लाहौर, वार्ता।** मोहम्मद हारिस (नाबाद 107) और सैम अयूब (45) रनों की शानदार पारियों के दम पर पाकिस्तान ने तीसरे टी-20 मुक.ाबले में बंगलादेश को 16 गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ने परवेज हुसैन इमॉन (66), तंजिद हसन (42), मो- तौहीद हृदोय (25) और कप्तान लिटन कुमार दास(22) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया। पाकिस्तान की ओर से हसन अली और अब्बास अफरीदी ने दो-दो विकेट लिए। फहीम अशरफ और शादाब खान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 197 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज साहिब.जादा फरहान (एक) का विकेट गवां दिया। इसके बाद मोहम्मद हारिस ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रनों की साझेदारी की। 10वें ओवर में तनजीम हसन साकिब ने सैम अयूब 29 गेंदों में (45) रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हसन नवाज 13 गेंदों में (26) रन बनाकर तीसरे विकेट के रूप में आउट हुए। मोहम्मद हारिस ने 46 गेंदों में आठ चौके और सात छक्के लगाते हुए (नाबाद 107) रनों की मैच विजयी पारी खेली।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

- अर्जेंटीना ने अंतिम क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबले में जीत दर्ज की



**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को अपने अंतिम मुकाबले में मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। चार देशों के टूर्नामेंट में अर्जेंटीना के खिलाफ भारतीय टीम की ओर से कनिका सिवाच ने (11वें और 45वें)मिनट में दो गोल किए। खेल पहले क्वार्टर में चार गोल हुये। अर्जेंटीना की सोल गुइग्नेट गुनाज़ू ने (पांचवें) मिनट में पहला गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट के बाद सोल ओलाला डी लाबरा ने (सातवें) मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत की ओर से 11वें मिनट में कनिका सिवाच गोल के अंतर को कम किया। हालांकि, अर्जेंटीना ने तेजी से जवाब दिया, 13वें मिनट में मिलग्रोस डेल वैले अलास्ट्रा ने गोल कर स्कोर को 3-1 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में अर्जेंटीना के लिए 37वें मिनट में मैक्सिमा डुपोर्टल के जरिये अपना चौथा गोल दागा। कनिका ने 45वें मिनट में खेल का अपना दूसरा गोल किया, जिससे भारत को उम्मीद की किरण दिखाई दी, लेकिन अर्जेंटीना ने अंतिम क्वार्टर में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 4-2 से जीत दर्ज की।

# ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट को कहा अलविदा




**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने सोमवार को एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। मैक्सवेल ने आज फाइनल वर्ड पॉडकास्ट के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि वर्ष 2022 में पैर टूटने के बाद से वह एकदिवसीय क्रिकेट में असहज महसूस कर रहे थे। इससे टीम को नुकसान पहुंच रहा था। इसलिए मैंने एकदिवसीय क्रिकेट को छोड़ने का फैसला किया। हालांकि वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट के उपलब्ध रहेंगे। मैक्सवेल ने कहा कि मुझे लगा कि मेरे शरीर की प्रतिक्रिया टीम को नुकसान पहुंचा रही है। मैंने इसको लेकर मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली से बात की। हम दोनों के बीच 2027 विश्वकप को लेकर चर्चा हुई, मैंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि मैं तब तक खेल पाऊंगा। अब समय है कि इस जगह के लिए किसी अन्य खिलाड़ी को तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा कहता रहा हूं कि अगर मैं स्वयं बेहतर मानता हूं तो मैं अपनी जगह नहीं छोड़ूंगा। मैं केवल स्वार्थ के कारण कुछ श्रृंखला के लिए पकड़ बनाए रखना नहीं चाहता। टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और यह निर्णय उन्हें अगली विश्वकप योजना के लिए बेहतर रास्ता देगा। मैक्सवेल ने एक दिवसीय क्रिकेट में 3990 रन, 33.81 की औसत से और 149 मैचों में 77 विकेट लिए है। उन्होंने 2011 में केवल 19 गेंदों में ऑस्ट्रेलियाई घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट का सबसे तेज अर्द्धशतक लगाया था। उन्होंने 2023 विश्वकप में अफगानिस्तान के खिलाफ नाबाद 201 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी।

### क्लासेन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्लासेन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपने संन्यास की घोषणा की। क्लासेन ने पिछले वर्ष टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 से भी संन्यास ले लिया है। उन्होंने वर्ष 2018 में दक्षिण अफ्रीका के लिए क्रिकेट में पदार्पण किया था। क्लासेन ने सोशल मीडिया मंच इंस्टग्राम पर लिखा कि यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने कि घोषण कर रहा हूं। मुझे यह तय करने में काफी समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा होगा। यह वास्तव में एक बहुत ही कठिन निर्णय था, लेकिन साथ ही मैं इस निर्णय से पूरी तरह से संतुष्ट हूं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिए चार टेस्ट, 60 एकदिवसीय और 58 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने चार टेस्ट में 104 रन, 60 एकदिवसीय में 2141 रन और 58 टी-20 में एक हजार रन बनाए।

# स्टुअर्ट ब्रॉड होंगे दक्षिण अफ्रीका के सलाहकार

**केपटाउन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपिनशिप के फाइनल से पहले इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को टीम का सलाहकार कोच नियुक्त किया है। 38 वर्षीय ब्रॉड नौ जून को अभ्यास के दौरान सलाहकार के रूप में काम करेंगे।

एशेज 2023 के आखिर में रिटायर होने के बाद ब्रॉड की कोि.चंग में पहली भूमिका होगी। 11 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया खिलाफ शुरू होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की तैयारी में मदद करेंगे। ब्रॉड नौ जून होने वाले अभ्यास सत्र में टीम के साथ जुड़ेंगे। ब्रॉड ने 167 टेस्ट मैचों में 604 विकेट लिए। उन्होंने अपने टेस्ट करियर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे अधिक 153 विकेट लिए है।

## आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने रुड़की के जल भराव क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

# 15 दिन में सभी नालियों की सफाई का करें प्रबंध: विनय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकारण के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने आज रुड़की नगर क्षेत्र के विभिन्न जलभराव क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर जलभराव स्थिति का जायजा लिया,जिसमें उन्होंने सलेमपुर,राम नगर, पनियाला रोड, गणेशपुर, मोहम्मदपुर आदि क्षेत्रों का संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने नगर निगम रुड़की एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मानसून शुरू होने से पूर्व ही क्षेत्र में जिन जिन स्थानों पर जल भराव की स्थिति बंद नालियों के कारण से हो रही है ऐसे क्षेत्रों में नालियों की साफ सफाई की व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर जेसीबी के माध्यम से करना सुनिश्चित करे,जिससे कि क्षेत्र में जलभराव की स्थिति से क्षेत्रवासियों से निजात मिल सके। उन्होंने सलेमपुर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति का जायजा लेते हुए क्षेत्र में जो भी जलवाराव की स्थिति बनी हुई है उसको सुनहरा नाले ने पानी की निकासी के उचित प्रबंधन के निर्देश दिए साथ ही



क्षेत्र में तालाब का पानी जो सड़क पर आ रहा है उसके लिए उन्होंने तालाब की साफ सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए इसके साथ ही तालाब के किनारे जो गंदगी की गई है तथा तालाब के सौंदर्यकरण के लिए एव पानी के उचित निकासी के लिए डीपीआर तैयार करने की निर्देश नगर निगम को दिए। उन्होंने नगर निगम को ये भी निर्देश दिए है कि क्षेत्र में स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों द्वारा घर का एवं दुकानों का कूड़ा नालियों ओर सड़क किनारे डाल रहे है उन्हें

**❖सलेमपुर, रामनगर, पनियाला रोड, गणेशपुर, मोहम्मदपुर आदि क्षेत्रों का संबंधित अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध आवश्यक करवाई करते हुए चालान की करवाई कि जाए साथ ही जिन लोगों द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण किया हुआ है उनके खिलाफ भी कड़ी करवाई की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार मानसून के दौरान किसी भी क्षेत्र में आम जन को जलभराव की स्थिति का सामना न करना पड़े इसके लिए सभी अधिकारी ये सुनिश्चित कर ले कि जलभराव क्षेत्रों को चिन्हित करते हुए पानी की निकासी के लिए उचित प्रबंधन करना सुनिश्चित करे जिससे कि आमजन को जल भराव की स्थिति का न सामना करने पड़े। इस दौरान रुड़की महापौर अनीता देवी, राज्य मंत्री शोभा प्रजापति, पूर्व जिला महामंत्री आदेश सैनी, अरविंद गौतम, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता सतीश रोहिला रुहेला,ब्लॉक प्रमुख कविंद्र, सचिन गुज्जर सहायक नगर आयुक्त रुड़की अमरजीत कौर, मीरा रावत, कानूनगो आदेश आदि उपस्थित थे।

# एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान, 11 के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) रविंद्र सिंह सैनी द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान ने अवैध रूप से वाहन चलाने वालों में खलबली मचा दी है। इस अभियान के तहत ओवरलोड वाहनों, बिना वैध कागजात के चल रही गाड़ियों और नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। एआरटीओ रविंद्र सिंह सैनी ने बताया कि उनकी टीम लगातार अपनी कार्रवाई में लगी रहती है ताकि सड़क पर चलने वाले यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा, ष्हमारा मुख्य फोकस उन वाहनों पर है जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं, चाहे वह ओवरलोडिंग हो, कागजात का अभाव हो या फिर नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना हो।ष्अभियान की जानकारी देते हुए सैनी ने बताया कि आज भी एक गाड़ी को सीज किया गया है और 11 अन्य वाहनों के चालान किए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शाम तक और भी चेकिंग और चालान किए जाएंगे क्योंकि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।एआरटीओ ने आम जनता से भी अपील की है कि वे सरकार द्वारा बनाए गए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि जो कोई भी सरकार द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ का यह अभियान सड़कों पर अनुशासन बनाए रखने और दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# पुलिस ने की छापेमारी नौ वारंटी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर न्यायालय के आदेश पर छापेमारी करते हुए अलग-अलग जगह से 9 वारंटीयो को गिरफ्तार किया है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा न्यायालय से प्राप्त वारंट आदेशिकाओं को अधिक से अधिक तामिल करने के लिए निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम बनाई गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग जगह छापेमारी करते हुए नो वारंटीयो को गिरफ्तार किया गया है जिनके नाम सत्तार पुत्र लियाकत निवासी बादशाहपुर थाना पथरी जनपद हरिद्वार राकेश पुत्र फूल सिंह निवासी मोहम्मदपुर कुन्हारी श्रवण कुमार पुत्र फतवा सुभाष पुत्र छोटा निवासी वार्ड नंबर 4 लक्सरी सावेज पुत्र जब्बार निवासी नरोजपुर थाना कोतवाली लक्सर धर्मवीर पुत्र मंगत निवासी पूरवाला कृष्ण पाल पुत्र काले निवासी रायसी नंदपुर महावीर पुत्र हरमल निवासी प्रीतपुर विशेष पुत्र घनश्याम निवासी खड़ंजा कुतुबपुर बताए। उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में भीकमपुर पुलिस चौकी प्रभारी नवीन सिंह चौहान सुल्तानपुर पुलिस चौकी प्रभारी वीरेंद्र सिंह नेगी लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार राय सी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह उप निरीक्षक दीपक चौधरी शामिल रहे। पकड़े गए सभी वारंटीयो को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## नाबालिग का शोषण करने वाला फरार आरोपी दबोचा

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने नाबालिग के शोषण करने वाले फरार आरोपी को दबोच कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार निवासी थाना भगवानपुर द्वारा थाना भगवानपुर आकर तहरीर दी कि मेरी नाबालिग पुत्री को आरोपी जैद पुत्र नफीस निवासी ग्राम खामपुर तहसील व जिला मु०नगर उ०प्र०द्वारा प्यार के जाल में फंसाकर शारीरिक शोषण करने के सम्बन्ध में दी जिसके आधार पर थाना भगवानपुर पर अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के आदेश के क्रम में थाना भगवानपुर पुलिस की गठित टीम द्वारा आरोपी जैद पुत्र नफीस अहमद निवासी ग्राम खामपुर थाना छपार जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को ग्राम खामपुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश से पकड़ा गया।

## बीएसएम पीजी कॉलेज में एंटी ड्रग सेल समिति ने

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत किया दौड़ का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम (पीजी) कॉलेज, में एंटी ड्रग सेल समिति द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के प्रांगण में नशा मुक्त दौड़ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशे के खिलाफ जागरूकता लाना और युवाओं को स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना है तथा नशे की लत से जूझ रहे लोगों के प्रति कलंक को खत्म करना और एक सहायक व सकारात्मक समुदाय का निर्माण करना है।

महाविद्यालय के प्राचार्य एवं एनसीसी अधिकारी मेजर प्रोफेसर डॉक्टर गौतम वीर ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य को नशा मुक्ति का जरिया बनाएं। यह पहल उन लोगों को जोड़ने का माध्यम है जो नशे की लत से जूझ रहे हैं या फिर उससे बाहर निकल चुके हैं। उन्होंने बताया कि दौड़ना एक थेरेपी है जिससे हम न सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व देते हैं। दौड़ना एक नियमित व्यायाम है, जो दिनचर्या को व्यवस्थित करने में मदद करता है। एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करते हुए कहा की दौड़ना नशा मुक्ति के लिए एक शक्तिशाली और स्वस्थ तरीका है। यह नशा करने की लालसा को कम करने, दिनचर्या



को व्यवस्थित करने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर राजेश पालीवाल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि आप सभी नशे के नुकसान के बारे में अधिक जानने के लिए जागरूकता कार्यक्रम में भाग ले। स्वस्थ भोजन करें, व्यायाम करें और अच्छी नींद ले। एंटी ड्रग सेल समिति के सदस्य डॉक्टर सुरजीत सिंह ने दौड़ के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए सभी को स्वस्थ जीवन अपनाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉक्टर शिखा जैन, डॉक्टर रीमा सिन्हा, डॉ सीमा गुप्ता, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर सुष्मिता पंत, डॉ सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय के शाहगुल, निशांत, आरती सैनी, आरती प्रजापति, गुलनार, अफसा, कमरेज, इस्तेखार अंसारी, अवि , अभि आदि छात्र छात्राओं ने दौड़ में प्रतिभाग किया।

# समर कैंप में जमकर झूमे बच्चे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** देश की भाषाई विविधता के बीच आत्मीयता को बढाने के लिए ग्रीष्मकालीन भाषा शिविर भारत के भावनात्मक बंध नए सांस्कृतिक सद्भाव और सर्वव्यापी एकता को मजबूत करता है। विविधता की सुंदरता अनादि काल से एकता की ताकत से पोषित और कायम है।

भाषाई विविधता को देखते हुएए भारत में अधिकांश बच्चे अपने जीवन में एक से अधिक भाषाएँए तीन या चार भाषाएँए या तो अपने पड़ोस या समुदाय में या साथियों के साथ सुनते हैं। वे सांस्कृतिक प्रयासोंए फिल्मोंए गीतों आदि की सराहना करने के लिए एक भाषा सीखने की इच्छा महसूस कर सकते हैं या उन्हें उस भाषा में पड़ोसियों या साथियों के साथ



संवाद करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है और वे उसे सीखना चाहते हैं। कम उम्र मेंए बच्चे भाषाएँ तेजी से सीख पाते हैं और संचार कौशल में जल्दी से सुविधा प्राप्त कर पाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भी बहुभाषावाद पर जोर देती है और भारतीय भाषाओं को राष्ट्रीय एकता के लिए एक महान साधन के रूप में देखती है। कैंप के तीसरे दिन विद्यालय के शिक्षक पुरुषोत्तम शर्माए संगीता रानी एवं सुमन गुप्ता ने 5वीं से 8वीं कक्षा के 50 से अधिक विद्यार्थियों को मजेदार परियोजनाओं और गतिविधियों का आयोजन किया।

# कश्यप समाज के लोगों ने राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गणपति विहार में में एसके बर्मा के आवास पर कश्यप समाज के लोगो के द्वारा वर्तमान में माटी कला बोर्ड का उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर शोभा राम प्रजापति का स्वागत किया गया। कश्यप समाज के लोगों के द्वारा राज्यमन्त्री का स्वागत कार्यक्रम में पधारने पर आभार प्रकट किया गया।

जानकारी के अनुसार कश्यप समाज के अध्यक्ष एवं व्यापारी नेता अरविंद कश्यप, एसके वर्मा, जगमोहन कश्यप, राजीव कश्यप, अक्षय कुमार, सुशील कश्यप, सोनू कश्यप ने राज्यमंत्री को फूलमाला पहनाकर एवं शॉल उढ़ाकर स्वागत किया। एसके वर्मा ने अपने कश्यप समाज के उत्थान के लिए कुछ गांगे रखी है। उन्होंने मांग की की मत्स्य विभाग का का पद कश्यप समाज के लोगों को ही दिया जाना चाहिए। एक चौराहे का नाम भगवान महर्षि कश्यप के नाम पर रखा जाना चाहिए, अप्रैल माह में भगवान महर्षि कश्यप जयंती प्रदेश स्तर पर सरकारी खर्चे पर मनाया जाए एवं कश्यप जयन्ती के दिन अवकाश घोषित करने की मांग की। इस मौके पर राज्यमंत्री शोभा शोभाराम प्रजापति ने कश्यप समाज की सभी मांगों को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच्चाने का आश्वासन दिया और कार्यक्रम आयजकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर, चिराग वर्मा, शुभम वर्मा, बबीता वर्मा, रामकुमार कश्यप, रमेश कश्यप, अजय आदि उपस्थित रहे।

## नेशनल हाईवे विभाग की बड़ी लापरवाही

# खाली कट्टों से रोकी जा रही पानी की धार, कांवड़ यात्रा पर पड़ सकता है संकट

**मौ. इस्लाम अंसारी**

**लक्सर।** लक्सर-रुड़की रोड और लक्सर-हरिद्वार रोड पर पिछले तीसरे साल की बरसात में टूटी कच्ची पटरियां इस साल भी मरम्मत के अभाव में ज्यों की त्यों पड़ी हैं, जिससे आगामी कांवड़ यात्रा के दौरान बड़े खतरे की आशंका है। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग पर लापरवाही का आरोप लग रहा है, क्योंकि टूटी हुई जगहों पर स्थाई दीवार बनाने की बजाय, कुछ स्थानों पर सीमेंट के खाली कट्टों में मिट्टी भरकर पानी रोकने की कोशिश की जा रही है, जो हल्की बारिश में भी बह जाने की संभावना है।पिछले साल भी टूटा था रास्तासी.बी. एस.सी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि पिछली तीसरी बरसात में इन मार्गों पर कच्ची पटरी टूट गई थी, जिससे रास्ता बंद हो गया था और आवागमन मुश्किल हो गया था। संबंधित विभाग ने कुछ जगहों पर तो दीवार बना दी है, लेकिन कई महत्वपूर्ण स्थानों पर अभी तक भी कोई स्थाई निर्माण नहीं किया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाली बरसात में भी कच्ची पटरी टूट सकती है और रास्ता फिर से बंद हो सकता हैकांवड़ यात्रा से पहले मरम्मत कीमांगअनिल कुमार ने संबंधित विभाग पर आंखें मूंदकर बैठे रहने का आरोप लगाया, खासकर तब जब कुछ ही दिनों बाद कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है। उन्होंने कहा कि जहां दीवार की जरूरत नहीं है, वहां दीवारें बनाई जा रही हैं, जबकि जहां अत्यधिक आवश्यकता है, जैसे कि लण्ढोरा-शोलानी नदी के बीच, लक्सर और हुसैनपुर के बीच कई जगह, और लक्सर-हरिद्वार रोड पर गर्ग डिग्री कॉलेज के पास घूम पर, वहां अभी भी कोई निर्माण नहीं हुआ है।उन्होंने बताया कि उन्होंने कई संबंधित अधिकारियों से दीवार बनाने के लिए अनुरोध किया है, लेकिन इसके जवाब में कुछ जगहों पर प्लास्टिक के खाली कट्टों में मिट्टी भरकर लगा दिए गए हैं। कुमार ने आशंका जताई कि ये मिट्टी भरे कट्टे बरसात में बह जाएंगे और रास्ता फिर से बंद हो जाएगा, जिससे कांवड़ यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।तत्काल स्थाई दीवार बनाने की मांगअनिल कुमार ने मांग की है कि जहां पर सड़क की कच्ची पटरी टूटने का खतरा है, वहां पर तुरंत स्थाई दीवारें बनाई जाएं, ताकि आगामी कांवड़ यात्रा में किसी भी कांवड़िये को परेशानी का सामना न करना पड़े और मार्ग सुरक्षित रहे।

# जबरन दुकान खाली करने का आरोप, हंगामा

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** एक किरायेदार ने दुकान स्वामी पर जबरन दुकान खाली करवाने के आरोप लगाए है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मंगलौर निवासी सतीश अग्रवाल पुत्र रामेश्वर दास ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी लंढौरा मार्ग मंगलौर में काफी वर्षों से अग्रवाल मेडिकल स्टोर के नाम से दुकान है दुकान खाली कराने को लेकर दुकान मालिक से विवाद चल रहा है आरोप है कि 31 मई की दोपहर दुकान मालिक अपने दो बेटों के साथ दुकान के अंदर घुस आए और गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर मारपीट और तोड़फोड़ की दुकान के गल्ले में रखी नकदी भी चुरा ले गए। आरोप है कि वह लोग दुकान में ताला लगाकर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर दुकान स्वामी उस्मान पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी मोहल्ला टोली मंगलौर और उसके बेटे सलमान व अनस के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** 7 वर्षी मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। मंगलौर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसकी 7 साल की मासूम बच्ची 31 मई की सुबह पड़ोस में ही कुत्तो के बच्चों के साथ खेल रही थी। वही एक बुजुर्ग व्यक्ति ने इसका फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म करने प्रयास किया था बच्ची की आवाज सुनकर पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति ने मौके पर पहुंच कर आरोपी से बच्ची को मुक्त कराया था परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। रविवार की देर शाम पुलिस ने बस स्टैंड के पास से मेहबूब उर्फ नानू निवासी मंगलौर को गिरफ्तार कर लिया है।

## जाट समाज सेवा समिति की कार्यकारिणी का गठन

**रुड़की।** जाट समाज समिति की बैठक प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से समिति का गठन किया गया। पदाधिकारियों ने समाज के लोगों के बीच जाकर उन्हें संगठन से जोड़ने की बात कही और समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। रुड़की वोट क्लब स्थित प्रदेश कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश और जिले की पूर्व कार्यकारिणी को भंग करने के साथ नई समिति के लिए चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों के चयन की प्रकिया की गई जिसमें रामपाल सिंह पंवार को प्रदेश अध्यक्ष,रॉबिन चौधरी जिलाध्यक्ष,महेश वर्मा वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष,प्रहलाद सिंह कोषाध्यक्ष और वीरेंद्र सिंह तोमर को महासचिव चुना गया। सभी चुने गए पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत हुआ।

# मंगलौर पुलिस ने एक चोर दबोचा मोबाइल व अन्य सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** कोतवाली पुलिस ने एक युवाक को गिरफ्तार किया है जिसके पास से चोरी के मोबाइल में अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने चालान करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है। जानकारी के अनुसार अमन कुमार निवासी ग्राम सिक्खर थाना मंगलौर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 24 मई की रात अज्ञात चोरों द्वारा घर में घुसकर उसकी पत्नी के मोबाइल नगदी ज्वैलरी आदि सामान चोरी करके ले गए है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था इसके बाद चोरी हुआ मोबाइल को तत्काल ब्म्प्त एप के माध्यम से थाना कार्यालय में नियुक्त कांस्टेबल जफर द्वारा उक्त एप की मदद ली गई तो ज्ञात हुआ कि उक्त मोबाइल चल रहा था नियमानुसार मोबाइल का लोकेशन ज्ञात करने पर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमो का गठन किया गया। इसके बाद रविवार की देर शाम को शाहरुख पुत्र मुरसलीन निवासी ग्राम टांडा भानेड़ा मंगलौर को गिरफ्तार कर लिया गया जिसके पास से चोरी का माल बरामद किया गया बरामदगी के आधार पर धारा की बढ़ोतरी की गई अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है। पुलिस टीम उ0नि0 राकेश डिमरी उ0नि0 वीरपाल सिह कानि0 जफर कानि0 केडी राणा कानि0 आमिर शामिल रहे।

## मंगलौर में यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के सम्मान में कविता गोष्ठी का आयोजन

# भारत ने उस पे रख दिया मरहम सिंदूर का... दुश्मन ने जो दिया था हमें जख्म-ए-पहलगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलोर की साहित्यिक संस्था बज्मे जिगर की ओर से मुजफ्फर पुर बिहार यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर एजाज अनवर के सम्मान में मंगलोर विधायक काजी निजामुद्दीन के आवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन बम्बई कॉलिज के पूर्व प्राचार्य डॉ नुजार काजमी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर अनदलीब ने कहा कि आज शायरों और कवियों को राष्ट्रीय एकता के साथ साथ देश सेनाओं के पराक्रम को अपनी कविताओं के माध्यम से जन जन तक पहुँचाना चाहिए। गोष्ठि के आयोजक काजी नूरुद्दीन ने अतिथि शायर प्रो एजाज का शाल, मोमेंटो और माला पहनाकर बज्मे जिगर की ओर से सम्मान किया। अंतरराष्ट्रीय शायर अफजल मंगलोरी ने कलाम पेश करते हुए फरमाया,,,,सीमाओं पर जो देश की, तत्पर है सुबह ओ शाम। करता है उन जवानों को, हिन्दोस्तां सलाम। भारत ने उस पे रख दिया मरहम सिंदूर का। दुश्मन ने जो दिया था हमे, जख्म ए पहलगाम। मेहमान शायर प्रो एजाज अनवर ने पढ़ा,,,,मेरी नजरों में ए अनवर, ये कारे जिन्दगानी है। वतन के काम जो आए, जवानी वो जवानी है।



संचालन कर रहे शाह विकार चिश्ती ने दर्द यूँ बयां किया, तहरीर कर रहे थे, मुझे जिस किताब में तुम। हर लफ्ज उस किताब का रोया जरूर होगा।हामिद मंगलोरी ने फरमाया,कहाँ की जमी, कैसा पानी लिए है। मेरे रहनुमा के कदम जानतें है। अफरोज टांडवी ने पढ़ा तेरे आने से यार गुलशन में। आ गयी है बहार गुलशन में। मंसूर मंगलोरी ने पढ़ा,,,हमारे इश्क की रुदाद ये हुई मंसूर। कि जैसे फूल खिला और खिल के मुरझाया। इसके अलावा अबरार मंगलोरी, डॉ सलीम फारूकी,नियाज मंगलोरी, अर्शी कलियरी, तारिक अजीम तन्हा, डॉ मोहसिन आदि ने अपना कलाम पढ़ा।

# लोगों को दी पर्यावरण सुरक्षा की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** ब्रह्मा कुमारीज माउण्ट आबू राजस्थान की ओर से लक्सर ब्लॉक सभागार में पर्यावरण दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया है जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।

राजयोगिनी बीके मीना दीदी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज लक्सर ब्लॉक सभागार में पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है उन्होंने कहा पर्यावरण हमारे लिए बहुत ही जरूरी है हमें पेड़ पौधों को नहीं काटना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि अगर कहीं मजबूरी हो तो एक पेड़ काटकर दो पेड़ लगाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हर इंसान के लिए ठंडी हवा जरूर चाहिए हम सभी मिलकर पर्यावरण की सुरक्षा करें जिससे आदमी बीमार होने से बच सके। उन्होंने कहा कि अगर हम पर्यावरण की सुरक्षा नहीं कर सकते तो अपने आप भी सुरक्षित नहीं रह सकते है। हमें अपने घर परिवार गांव वह देश प्रदेश में पर्यावरण की जानकारी देनी



चाहिए और अपने आप को भी तमाम बीमारियों से सुरक्षित रखना चाहिए।


# सम्पादकीय

मंगलवार, 3 जून 2025

## सीडीएस की साफगोई

चार दिनों तक भारत-पाकिस्तान के बीच हुई सैन्य झड़प में सरकार की तरफ से अभी तक इस बात का कोई माकूल जवाब नहीं आया कि उस संघर्ष में हमारे भारतीय लड़ाकू विमान गिरे या नहीं, लेकिन भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में उन अटकलों को और हवा दे दी कि यह जरूरी नहीं है कि विमान गिराया गया है या नहीं जरूरी यह बात है कि ऐसा क्यों हुआ और उससे हमने कितनी जल्दी सीखा। अनिल चौहान सिंगापुर के इस समय दौरे पर हैं और वह वहां शांगरी ला डायलाग में हिस्सा लेने के लिए गए हैं। उन्होंने बुलु मर्ग टीवी और राइटर्स को दो अलग-अलग इंटरव्यू दिए। जिसमें उनसे भारत-पाक के बीच सैन्य झड़प को लेकर सवाल पूछे गए। इसमें एक पत्रकार ने उनसे पूछा था कि इस संघर्ष में कम से कम एक जेट गिराया गया था, क्या यह सही है। अनिल चौहान ने इसे बिल्कुल गलत बताया और उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह पाक छह लड़ाकू विमान गिराने की बात कर रहा है वह पूरी तरह गलत है। अनिल चौहान का यह भी कहना था कि जेट क्यों गिरे, यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना महत्वपूर्ण यह है कि वहां हमने क्या किया, यह हमारे लिए ज्यादा जरूरी है। उनसे पहले एक प्रेस ब्रीफिंग में एयर मार्शल एके भारती कह चुके हैं कि युद्ध में नुकसान तो होता ही है, यह कोई बड़ी बात नहीं है। हमें अपने उद्देश्य देखने होंगे। सवाल यह है कि सरकार इस पूरे मसले पर क्यों कन्नी काट रही है, क्योंकि दस मई को हुए सीज फायर के बाद देश के भीतर यह सवाल बराबर उठ रहा है कि चार दिन तक चले संघर्ष में हमें कोई नुकसान हुआ या नहीं। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित अन्य नेता यह सवाल बार-बार पूछ रहे हैं कि उस लड़ाई में हमारे कितने विमान काम आए। सरकार इस सवाल से बराबर कन्नी काट रही है और इशारा देती रही है कि हमारा कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन अब सीडीएस सिंगापुर में जाकर अप्रत्यक्ष रूप से ही सही, नुकसान की बात स्वीकार करते हैं। जहां तक बात पाकिस्तान की है वह शुरू से ही यह दावा करता रहा है कि उसने भारत के छह राफेल विमान गिराए हैं। जाहिर सी बात है कि प्रोपेगंडा युद्ध में किसी की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता और पाक जैसे देश पर तो बिल्कुल भी नहीं। असल सवाल यह है कि आखिर सरकार देश व जनता को पाक के साथ संघर्ष में जो सही वस्तु:स्थिति है उसे बताने से क्यों कतरा रही है। युद्ध में नुकसान होना कोई नई बात नहीं है और न ही यह कोई अपमानित होने का मामला है। हर कोई जानता है कि संघर्ष में जोखिम तो रहता ही है। असल चीज अपना मकसद होता है। अगर कुछ कीमत चुकाकर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लें, तो वह सफलता ही कही जाएगी और पाक के साथ हम पूरी तरह अपने लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रहे हैं। होना तो यह चाहिए था कि जो बातें उन्होंने जाकर सिंगापुर में कही वह अपने देश में ही कहनी चाहिए थीं और हमारे पत्रकारों को ही उनसे सवाल करने चाहिए थे न कि विदेशी पत्रकारों को।

## राजनीतिक वफादारी का आकलन दुखद



भारत जब आतंकवाद के खिलाफ दुनिया भर में अपना संदेश पहुंचाने के मिशन पर होता है, तो देश में लोग राजनीतिक वफादारी का आकलन कर रहे हैं, यह दुखद है, क्या देशभक्त होना इतना मुश्किल है, भारत का ऑल पार्टी डेलिगेशन विविधता के साथ-साथ एकता भी दिखाता है, क्योंकि वे अलग-अलग दलों से होने के बावजूद आतंकवाद की निंदा करते हैं, हम जो संदेश लेकर आए हैं, वह एकता का संदेश है, हम कई पार्टियों से हैं, हम भारत के कई क्षेत्रों से हैं, हम भारत के कई धर्मों से हैं, अगर आप देखना चाहते हैं कि जब राष्ट्र और अपनी मातृभूमि की बात आती है, तो आप कैसे एक साथ आते हैं और कैसे एक स्वर में बोलते हैं, यही दिखाने के लिए हम यहां आए हैं , भारत में होने वाली रोजमर्रा की राजनीति से परे सभी राजनेता मतभेदों से ऊपर उठकर राष्ट्र की सेवा करने के लिए एकजुट होते हैं।

**-सलमान खुर्शीद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और दर्द को समझें



**ललित गर्ग**

बच्चों को देश एवं दुनिया के भविष्य की तरह देखा जाता है। लेकिन उनका यह बचपन रूपी भविष्य लगातार हो रहे युद्धों की विभीषिका, त्रासदी एवं खौफनाक स्थितियों के कारण गहन अंधेरों एवं परेशानियों से घिरा है। आज का बचपन हिंसा, शोषण, यौन विकृतियों, अभाव, उपेक्षा, नशे एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन इतना उपेक्षित, प्रताड़ित, डरावना एवं भयावह हो जाएगा, किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। आखिर क्यों बचपन बदहाल होता जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज, सरकार एवं युद्धरत देशों की सत्ताएं इतनी बेपरवाह कैसे हो गई है? यह प्रश्न 4 जून को आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों के दिवस को मनाते हुए हमें झकझोर रहे हैं। इस दिवस को मनाने की प्रासंगिकता आज के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा महसूस हो रही है। इस दिवस का उद्देश्य आक्रामकता के शिकार बच्चों की पीड़ा और उनके दर्द को स्वीकार करना, बाल अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता को दोहराना, समाज में बच्चों के साथ दुर्व्यवहार और हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, बच्चों के साथ हिंसा रोकने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से प्रयास करना, बच्चों के लिए सुरक्षित, हिंसामुक्त और अनुकूल वातावरण बनाना एवं बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उन्हें हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए जागरूकता फैलाना है। संयुक्त राष्ट्र ने इस दिवस की शुरुआत 1982 में की थी, जब फलस्तीनी और लेबनानी बच्चों पर हुए अत्याचारों के बाद यह दिवस घोषित किया गया था, जिसे मनाते हुए हमें दुनियाभर में बच्चों द्वारा झेले गए दर्द को स्वीकारना होगा, जो शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण के शिकार हैं। यह दिन बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

बच्चे दुनिया की आबादी का एक चौथाई हिस्सा हैं और किसी भी समाज की भलाई के लिए बच्चों का सुरक्षित एवं संरक्षित होना जरूरी हैं। वे समाज के सबसे कमजोर सदस्य हैं, जिन्हें निष्कंटक, खुशहाल और सफल जीवन जीने के लिए समान अवसर दिए जाने और उनकी रक्षा किए जाने की आवश्यकता है, लेकिन हर साल संघर्ष और युद्धों के कारण बच्चों की एक बड़ी संख्या हिंसा, विस्थापन, अपंगता और दुर्व्यवहार का शिकार होती है। यह केवल इस बात को साबित करता है कि बच्चों पर किसी भी संघर्ष का गंभीर एवं घातक प्रभाव पड़ता है। निश्चित ही रूस एवं यूक्रेन, गाजा एवं इजरायल जैसे लम्बे समय से चल रहे युद्धों के कारण हर दिन, दुनियाभर में बच्चे अकथनीय भयावहता एवं त्रासदियों का सामना कर रहे हैं। वे अपने घरों में सोने या बाहर खेलने, स्कूल में पढ़ने या अस्पतालों में चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने में सुरक्षित नहीं हैं। हत्या और अपंगता, अपहरण और यौन हिंसा से लेकर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं पर हमले नई बन रही विश्व संरचना के लिए गंभीर चुनौती है। बच्चे चौंका देने वाले पैमाने पर युद्धरत दलों के निशाने पर आ रहे हैं। हाल के वर्षों में, कई संघर्ष एवं युद्ध क्षेत्रों में, महामारियों एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण बच्चों के खिलाफ उल्लंघन की संख्या में वृद्धि हुई है। संघर्ष, युद्ध, हिंसा एवं महामारियों से प्रभावित देशों और क्षेत्रों में रहने वाले 250 मिलियन बच्चों की सुरक्षा के लिए और अधिक प्रयास किए जाने की आवश्यकता है। हिंसक अतिवादियों द्वारा बच्चों को निशाना बनाने से बचाने के लिए, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून को बढ़ावा देने के लिए और बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए और अधिक प्रयासों एवं संकल्पों की जरूरत है ताकि बच्चों के बेहतर भविष्य को सुरक्षित एवं सुनिश्चित किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र के नए एजेंडे में पहली बार बच्चों के खिलाफ हिंसा के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए एक विशिष्ट लक्ष्य शामिल था और बच्चों के दुर्व्यवहार, उपेक्षा और शोषण को समाप्त करने के लिए कई अन्य हिंसा-संबंधी लक्ष्यों को मुख्यधारा में शामिल किया गया। विश्वस्तर पर बालकों के उन्नत जीवन के ऐसे आयोजनों के बावजूद आज भी बचपन उपेक्षित, प्रताड़ित एवं नारकीय बना हुआ है, आज बच्चों की इन बदहाल स्थिति की प्रमुख वजहें हैं, वे हैं-सरकारी योजनाओं का कागज तक ही सीमित रहना, बुद्धिजीवी वर्ग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता, दुनिया की महाशक्तियों की ओर से बच्चों के ज्वलंत प्रश्नों पर आंख मूंद लेना, इनके प्रति समाज का संवेदनहीन होना एवं गरीबी-शिक्षा के लिए जागरूकता का अभाव है। युद्धों एवं ऐसी ही स्थितियों में 11,649 बच्चे मारे गए या अपंग हो गए। अधिकांश मामलों में, विस्फोटक आयुध और बारूदी सुरंगों का उपयोग आबादी वाले क्षेत्रों में किया गया, जिसके कारण बच्चों की मृत्यु हुई और वे अपंग हो गए। 8,655 बच्चों का इस्तेमाल संघर्ष में किया गया और 4356 का अपहरण किया गया, जिनमें से सबसे ज्यादा संख्या कांगो, सोमालिया और नाइजीरिया के लोकतांत्रिक गणराज्य में पाई गई। पीड़ितों में से लगभग 30 प्रतिशत लड़कियां थीं।



1,470 बच्चे यौन हिंसा के शिकार हुए है। संघर्ष में यौन हिंसा कलंक और कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण लड़कियों और लड़कों दोनों के लिए सबसे कम रिपोर्ट की जाने वाली गंभीर हिंसा है। 90 प्रतिशत से अधिक यौन हिंसा लड़कियों के खिलाफ की गई, जो यौन हिंसा और जबरन विवाह से असमान रूप से प्रभावित हैं, हालांकि लड़कों के खिलाफ यौन हिंसा की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। 2022 से 2023 तक मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में 32 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है, जो अक्सर अन्य गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि के साथ मेल खाती है। 2024 के लिए, मानवीय सहायता से वंचित करने की घटनाओं में कई संदर्भों में गिरावट आने की उम्मीद है, विशेष रूप से अफगानिस्तान, म्यांमार और सूडान में मानवीय संगठनों और कर्मियों पर नियंत्रण बढ़ाने वाले प्रतिबंधात्मक नियमों को अपनाने के कारण। 2023 तक, स्कूलों पर हमलों में लगभग 60 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कोफी अन्नान ने एक बार कहा था, 'दुनिया में बच्चों के साथ जो भरोसा है, उससे ज्यादा पवित्र कोई भरोसा नहीं है। यह सुनिश्चित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कोई कर्तव्य नहीं है कि उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए, उनके कल्याण की रक्षा की जाए, उनका जीवन भय और अभाव से मुक्त हो और वे शांति से बड़े हो सकें।' बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को समाप्त करना और रोकना बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर जनादेश का मुख्य हिस्सा है। बच्चों को शत्रुता से बचाने का सबसे प्रभावी तरीका उन दबाव और खींचतान वाले कारकों को खत्म करना है जो उन्हें सशस्त्र संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चे बहुत अच्छे लगते हैं जब वे हंसते-मुस्कुराते हैं। बच्चे यदि तनावरहित रहते हैं तो चारों तरफ खुशी का माहौल बन जाता है। क्या आपने कभी सोचा है कि बच्चे भी पीड़ा महसूस करते हैं। यह पीड़ा शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक किसी भी तरह के शोषण से पैदा होती है। बच्चे खुश, स्वस्थ और सुरक्षित होने चाहिए। उन्हें जाने-अनजाने में भी कोई पीड़ा नहीं दी जानी चाहिए। बच्चों की खुशी में देश एवं दुनिया का उज्ज्वल भविष्य छुपा है। कुछ बीमार मानसिकता यानी पीडोफिलिया ग्रस्त व्यक्ति मासूम बच्चों को क्रूरतम मानसिक व शारीरिक यातनाएं देने में आनंद की प्राप्ति करता है तथा उसके लिए यह एक ऐसा नशा बन जाता है कि वह बच्चों को यातनाएं देने कि क्रूरतम विधियां इजाद करता जाता है जिसमें बच्चो के साथ सेक्स, शरीर को चोटिल करना-काटना, जलाना, यहां तक कि उनके टुकडे-टुकडे कर उनके मांस तक खाना शामिल है। कुछ देशों में बच्चों को ऊंट की पीथ पर बान्धकर ऊटों को दौड़ाया जाता है जिससे बच्चे कि चीत्कार-चीख से वहां के लोग आनन्द एवं मनोरंजन की प्राप्ति करते हैं, यह भी पीडोफिलिया का ही एक उदाहरण है। इन क्रूर एवं अमानवीय स्थितियों का मासूम बच्चों पर भारी दुष्प्रभाव पड़ता है और इन कमजोर नींवों पर हम कैसे एक सशक्त दुनिया की कल्पना कर सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# प्यार को जाने देना आसान नहीं...

**किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं, पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है।**

अगर कोई आपको छोड़कर जाना चाहता है, तो उसे जाने दें, यह बात हम सबने सुनी है। लेकिन क्या यह इतना आसान होता है? क्या आपने कभी खुद से पूछा है कि उस शख्स के लिए दरवाजा खोलने का सही वक्त कब आता है? जब रिश्ता टूटने की कगार पर हो, तो दिल और दिमाग के बीच एक खींचतान शुरू हो जाती है। क्या एक आखिरी कोशिश करनी चाहिए? या फिर अपनी आत्मा को और तकलीफ देने से बेहतर है कि सब कुछ छोड़कर आगे बढ़ा जाए? किसी ऐसे इंसान को जाने देना, जिससे आपने दिल से प्यार किया हो, बेहद मुश्किल होता है। जो यादें और वादे कभी सब कुछ थे, वे एक पल में बेमानी लगने लगते हैं। पर अगर कोई वाकई आपके साथ नहीं रहना चाहता, तो क्या उन्हें रोकना सही है? आइए, इस उलझन को समझते हैं और जानते हैं कि वो कौन-सा पल होता है, जब किसी को जाने देना ही आपके लिए सबसे बेहतर फैसला बन जाता है। इसके बाद डॉ. आरिया उन दो संकेतों की गहराई से व्याख्या करते हैं, जो दर्शाते हैं कि अब शायद रिश्ते को अलविदा कह देने का समय आ गया है न सिर्फ उनके लिए, बल्कि आपके अपने भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए भी।

### संकेत 1- जब वे रिश्ते की जिम्मेदारियों से कतराने लगते हैं

डॉ. आरिया के अनुसार, यदि आपका साथी अब रिश्ते में अपनी भूमिका निभाने से बच रहा है या जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रहा है, तो यह एक बड़ा संकेत है कि शायद उन्हें जाने देने का वक्त आ गया है।

वह समझाते हैं, एक स्वस्थ और सशक्त रिश्ते के लिए दो लोगों की भागीदारी जरूरी होती है। अगर आपका साथी अब ना तो आत्ममंथन करने को तैयार है, ना संघर्षों में अपनी भूमिका स्वीकार करता है, और ना ही आपके साथ आगे बढ़ना चाहता है तो यह रिश्ता टिक नहीं पाएगा। ऐसे हालातों में रिश्ता धीरे-धीरे खत्म होने लगता है, चाहे आप उसे कितना भी थामे रहें।

### संकेत 2- जब वे साझेदारी छोड़कर आपको ही दोष देने लगते हैं

डॉ. आरिया बताते हैं कि जब आपका साथी अब रिश्ते में करुणा और समझ के बजाय, केवल दोष देने की भाषा अपनाने लगे तो यह एक स्पष्ट संकेत है कि रिश्ता बिखरने की कगार पर है। वे कहते हैं, जब बातचीत हम इसे मिलकर कैसे ठीक करें? आप से बदलकर तुम ही समस्या हो बन जाए तो समझ लीजिए कि अब आप दोनों एक टीम नहीं रह गए। जब कोई समझने की कोशिश छोड़कर आपको जज करने लगे, और मिलकर रास्ता निकालने के बजाय दोष बांटने लगे, तो रिश्ते की नींव हिल जाती है। डॉ. आरिया आगे जोड़ते हैं, एक बार जब आपका साथी समाधान की तलाश में आपके साथ खड़े होने के बजाय दूरी बनाने लगे, तो वह दरअसल रिश्ते से बाहर निकलने का रास्ता ढूंढ रहा होता है।

### रोज की बहस से परेशान हो गए हैं, जानें असहमति से निपटने के स्मार्ट तरीके

बहस किसी भी रिश्ते का एक स्वाभाविक हिस्सा होती है, इसकी तीव्रता और आवृत्ति इस बात पर निर्भर करती है कि लोग उसे कैसे संभालते हैं। कई जोड़ें बहस के बावजूद एक-दूसरे को



समझने की कोशिश करते हैं और मतभेद सुलझा लेते हैं, जबकि कुछ केवल लड़ते रह जाते हैं। रिश्ते में असहमति होना सामान्य है, लेकिन उन्हें सुलझाना अपने आप में एक कला है, जिसे हर कोई नहीं जानता, लेकिन सीखा जरूर जा सकता है। अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच बार-बार छोटी-छोटी बातों पर बहस होती है, तो इसका समाधाान संभव है, बस जरूरत है सही नजरिए और संवाद की। यह समझना बेहद जरूरी है कि बहस के दौरान आपकी प्रतिक्रिया न र्सि उस पल की स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि रिश्ते की दिशा भी तय कर सकती है। रिलेशनशिप कोच कृति और जय ने इंस्टाग्राम पर कुछ अहम सवाल साझा किए हैं, जो आपके अपने व्यवहार को समझने और उसमें सुधार लाने में मदद कर सकते हैं। उन्होंने सुझाव दिया है कि ये सवाल अपने पार्टनर से जरूर पूछें ताकि आप न केवल बहस की जड़ को समझ सकें, बल्कि बेहतर संवाद के जरिए रिश्ते को मजबूत भी बना सकें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# हीड हेडेक की समस्या होने पर इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज



गर्मियों के मौसम में गर्म हवाएं, चिलचिलाती धूप और शरीर में पानी की कमी के कारण सिरदर्द की समस्या आम हो जाती है। मेडिकल की भाषा में इसको हीट हेडेक कहा जाता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है और इससे बचने के लिए क्या उपाय करने चाहिए।

**इन कारणों से होता है सिरदर्द**

- हीट रिलेटेड डिजीज
- डिहाइड्रेशन
- अपर्याप्त नींद
- शराब का सेवन
- देर तक भूखा रहना
- सिरदर्द के अलावा अन्य लक्षण
- हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो गर्मी में सिरदर्द होने के साथ मुंह और होंठों का सूखना, कमजोरी और चक्कर आना जैसे अन्य लक्षण दिख सकते हैं।

**हीटस्ट्रोक के कारण सिरदर्द होना खतरनाक**

हीट स्ट्रोक एक गंभीर स्थिति होती है। इसमें बॉडी का टेंपरेचर 39.4°C से ऊपर होने के साथ तेज सिरदर्द होता है और बेहोशी आदि के लक्षण हो सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है। ऐसे स्थिति में बिना देर किए डॉक्टर को दिखाना जरूरी होता है।

**माइग्रेन और गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में अंतर**

आमतौप पर माइग्रेन में सिर के एक तरफ तेज दर्द होता है। साथ ही इसमें साउंड और लाइट के प्रति सेंसिटिविटी और मतली भी लग सकती है। वहीं गर्मी के कारण होने वाला सिरदर्द तेज लू, डिजाइड्रेशन या हाई टेंपरेचर के कारण होता है। इस दौरान पूरे सिर में दर्द, सिर भारी लगना या थकावट जैसी समस्या होती है। जहां माइग्रेन एक न्यूरोलॉजिकल समस्या है, तो वहीं हीट हेडेक मौसम और बाहरी परिस्थितियों के कारण होता है। इन दोनों का इलाज और बचाव के तरीके भी अलग-अलग होते हैं।

**बच्चों व बुजुर्गों में सिरदर्द कैसे पहचानें**

बच्चे और बुजुर्गों दोनों में गर्मी और डिहाइड्रेशन को बर्दाश्त करने की क्षमता कम होती है। इसलिए उनका विशेष ख्याल रखना जरूरी होता है। बच्चों में सिरदर्द के साथ चिड़चिड़ापन, सुस्ती, रोना और भूख न लगना जैसे लक्षण दिखते हैं। वहीं बुजुर्गों में ज्यादा पसीना आना, कमजोरी और सिर भारी लगना आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ऐसे में सिर दर्द से बचने के लिए खूब पानी पीना चाहिए। वहीं दोपहर के समय बिलकुल भी धूप में नहीं निकलना चाहिए।

**उपाय**

- खूब पानी पिएं।
- हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनें।
- दिन के समय हैवी फिजिकल एक्टिविटी करने से बचना चाहिए।
- गर्मी से बचने के लिए एसी और कूलर आदि का इस्तेमाल करें।
- दोपहर के समय धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए।
- अगर बाहर का काम है, तो बीच-बीच में ब्रेक लेना चाहिए।
- किसी भी तरह की परेशानी होने पर डॉक्टर से फौरन संपर्क करें।

**सिरदर्द होने पर अपनाएं ये घरेलू नुस्खे**

- नींबू पानी या नारियल पानी का सेवन करें। क्योंकि यह शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को दूर करने के साथ डिहाइड्रेशन से राहत मिलती है।
- तेज धूप की वजह से सिरदर्द हो रहा है, तो ठंडी और हवादार जगह पर जाएं।
- गीले तौलिए से या फिर आइस क्यूब को माथे पर रखने से सिरदर्द की समस्या से राहत मिल सकती है।
- सिरदर्द की समस्या होने पर किसी शांत और ठंडे कमरे में थोड़ी देर आराम करें।
- शरीर को हाइड्रेटेड रखने के लिए हर घंटे पर थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहें।
- इसके साथ ही डाइट में खीरा, तरबूज, सलाद और मौसमी फलों व सब्जियों को शामिल करें। इससे आपका शरीर ठंडा रहता है।
- रोजाना अच्छी और गहरी नींद लें। क्योंकि नींद की कमी होने पर भी सिरदर्द ट्रिगर कर सकता है।

**सिरदर्द का कारण**

- प्रोसेस्ड और पैकेज्ड फूड्स का सेवन
- ज्यादा कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन
- ज्यादा मसालेदार और तलाभुना भोजन करना
- सिगरेट और शराब का सेवन
- आइस्क्रीम और सॉफ्ट ड्रिंक्स
- तेज सिरदर्द होने पर क्या करें
- तेज सिरदर्द की समस्या होने पर फौरन ठंडी जगह पर जाएं और थोड़ी देर आराम करें। वहीं थोड़ी-थोड़ी देर में धीरे-धीरे पानी पीते रहें और माथे पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। वहीं जरूरत के हिसाब से डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**ओवर द काउंट दवाएं**

गर्मी के कारण होने वाले सिरदर्द में कुछ ओवर द काउंट दवाएं आपको आराम दिला सकती हैं। हालांकि इसका नियमित सेवन करने से पहले आपको हेल्थ एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

........................

**डॉक्टर की लें सलाह**

वैसे तो अधिकतर मामलों में यदि व्यक्ति गर्मी से दूर हो जाता है या पर्याप्त मात्रा में पानी पीता है, तो समय के साथ सिरदर्द की समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन सिरदर्द यदि बहुत तेज हो रहा है और लगातार दर्द बना हुआ है। इसके साथ ही गर्दन में अकड़न, और तेज बुखार की समस्या देखने को मिलती है, तो आपको बिना देर किए फौरन डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए।

**एक रिपोर्ट के मुताबिक तेज गर्मी और कम वायुदाब से सिरदर्द का खतरा बढ़ता है, हालांकि सही जानकारी और कुछ सुरक्षा उपायों से आप सिरदर्द की समस्या से बचा जा सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गर्मियों में होने वाले सिरदर्द के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यह भी जानेंगे कि गर्मी में सिरदर्द की समस्या क्यों बढ़ जाती है।**

# रूस-यूक्रेन में दूसरे दौर की शांति वार्ता एक घंटे में खत्म

## कैदियों की अदला-बदली पर सहमति, दोनों देश 6000 मृत सैनिकों के शव भी लौटाएंगे

**इस्तांबुल।** रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्की से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता 1 घंटे में खत्म हो गई। दोनों देश गंभीर रूप से घायल और बीमार युद्धबंदियों की अदला-बदली पर सहमत हो गए हैं। इसके साथ ही दोनों पक्ष 6000-6000 मारे गए सैनिकों के शव भी वापस लौटाएंगे। यूक्रेन के रक्षा मंत्री रुस्तम उमेरोव ने कहा कि हम सभी युद्धबंदियों की रिहाई और सभी दिव्यांग बच्चों और कैदियों की वापसी चाहते हैं।

वहीं, रूसी प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख व्लादिमीर मेंडिस्की ने कहा: इस समझौते के तहत गंभीर रूप से घायल और 18 से 25 साल के युवा सैनिकों की भी अदला-बदली की जाएगी। यह वार्ता ऐसे वक्त में हुई जब कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन ने रूस के साइबेरिया में बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया। इस बारे में पूछे जाने पर रूसी प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि कल का इंतजार कीजिए। इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच 2 घंटे बातचीत हुई थी। यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा है, इसके बाद पलटवार करते हुए रूस ने भी यूक्रेन पर अपने मिसाइल और ड्रोन हमले बढ़ा दिए हैं। यूक्रेन का प्रतिनिधिमंडल बातचीत के लिए मिलिट्री यूनिफॉर्म में पहुंचा है। यूक्रेन की तरफ से रक्षा मंत्री रुस्टेम उमेरोव और रूस की तरफ से राष्ट्रपति पुतिन के करीबी व्लादिमिर मेंडिस्की इस बातचीत में भाग लिया। 16 मई को इस्तांबुल में रूस-यूक्रेन के बीच 4 पॉइंट पर बातचीत हुई।

- इससे पहले दोनों देशों का डेलिगेशन 16 मई को इस्तांबुल में मिला था, तब भी दोनों के बीच दो घंटे बातचीत हुई थी
- यूक्रेन के हमले में रूस को काफी नुकसान पहुंचा



### कैदी अदला-बदली:

16 मई को इस्तांबुल में रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई बातचीत के बाद दोनों देशों ने 1-1 हजार कैदियों की अदला-बदली पर सहमति जताई थी। जिसके बाद दोनों ने कैदी रिहा किए।

### सीजफायर:

यूक्रेन ने 30 दिन के सीजफायर की मांग की थी, लेकिन रूस ने इसे स्वीकार नहीं किया। रूस ने शर्त रखी कि यूक्रेन को चार इलाकों (दोनेत्स्क, लुहान्स्क, जपोरिझिया, खेरसॉन) से पूरी तरह पीछे हटना होगा, जिनमें लगभग 1.1 करोड़ यूक्रेनी नागरिक रहते हैं। जिसे यूक्रेन ने अस्वीकार कर दिया था।

### शांति समझौता:


तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने कहा था कि दोनों देश दोबारा मिलने को तैयार हैं, लेकिन कोई नई तारीख तय नहीं हुई। रूस ने यूक्रेन को शांति समझौते का मसौदा देने की बात कही।

### क्षेत्रों पर नियंत्रण:

दोनों देशों के बीच सुरक्षा गारंटी और प्रति. बंधों पर चर्चा हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बनी। रूस ने क्रीमिया और अन्य कब्जे वाले क्षेत्रों पर नियंत्रण की मांग की, जबकि यूक्रेन ने अपनी संप्रभुता की रक्षा पर जोर दिया।रूस ने माना- यूक्रेन ने 5 एयरबेस पर एयरस्ट्राइक की रूसी रक्षा मंत्रालय ने 1 जून को माना की यूक्रेन के किए गए ड्रोन हमलों में देशभर के 5 सैन्य एयरबेस को निशाना बनाया गया, जिससे कई विमानों को नुकसान पहुंचा था। हालांकि, कितने विमान क्षतिग्रस्त हुए हैं, इसका सटीक आंकड़ा नहीं बताया है। अपने बयान में रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन पर आरोप लगाया कि उसने मुरमान्स्क, इरकुत्स्क, इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों में स्थित हवाई अड्डों पर एफपीवी (फर्स्ट पर्सन व्यू) ड्रोन से आतंकी हमला किया। मंत्रालय ने कहा कि इवानोवो, रयाजान और अमूर क्षेत्रों के सैन्य एयरबेसों पर सभी आतंकी हमलों को नाकाम कर दिया गया। पहली बार आधिकारिक रूप से यह भी पुष्टि की गई है कि कुछ ड्रोन हमले एयरबेस के बहुत पास से ही किए गए थे।

## रूस ने 162 यूक्रेनी विमान मार गिराने का किया दावा

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने रविवार रात 162 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया है, जिनमें से सबसे अधिक कुर्स्क क्षेत्र के ऊपर थे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने कहा कि एक जून को मॉस्को को रात आठ बजकर 10 मिनट से दो जून को अपराह्न दो बजे तक की अवधि में वायु रक्षा चेतावनी प्रणालियों ने 162 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानव रहित ड्रोनों को रोका और उन्हें नष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि कुर्स्क क्षेत्र में 57 ड्रोन, बेलगोरोड क्षेत्र में 31 और लिपेत्स्क क्षेत्र में 27, वोरोनिश क्षेत्र में 16, ब्रांस्क और रियाज़ान क्षेत्रों में 11-11 ड्रोन को मार गिराया गया। इसके अलावा ओर्योल क्षेत्र में छह ड्रोन, क्रीमिया के क्षेत्र में दो और तांबोव क्षेत्र में एक ड्रोन को मार गिराया है।



नई दिल्ली। भारत और पराग्वे के बीच संयुक्त आयोग तंत्र (जेसीएम) की स्थापना के लिए पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज एल के साथ समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## भारत-पराग्वे द्विपक्षीय संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करेंगे

### पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा

**नई दिल्ली।** भारत और लैटिन अमेरिकी देश पराग्वे ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की संरचना को सुदृढ़ करने के लिए संयुक्त आयोग स्थापित करने का सोमवार को फैसला किया तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर विचार विमर्श किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और पराग्वे के विदेश मंत्री रूबेन रामिरेज़ एल की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच संयुक्त आयोग की स्थापना को लेकर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री ने बैठक के बाद अपने प्रेस वक्तव्य में पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की। मोदी ने कहा कि आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

- यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है

मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। उन्होंने कहा कि पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है।

## इजरायल ने यमन की दागी मिसाइल को किया नष्ट

- 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन की ओर से दागी गई मिसाइल को आसमान में ही सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। इजरायल के रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा कि आईडीएफ ने यमन की ओर से दागी गई मिसा. इल को सफलतापूर्वक रोक दिया। इजराइल के चैनल 12 न्यूज ने बताया कि यमन की ओर से दागी गई मिसाइल का लक्ष्य तेल अवीव के बाहर बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा था, साथ ही कहा कि हवाई अड्डा अस्थायी रूप से उड़ान भरने और उतरने के लिए बंद कर दिया गया था। गौरतलब है कि 18 मार्च से यमन से इजराइल पर 49 मिसाइलें दागी गई हैं। इस बीच, इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन सेवा ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि मिसाइल दागने पर तेल अवीव और पश्चिमी यरुशलम सहित मध्य इजराइल के बड़े क्षेत्रों में सायरन बजने लगे थे। यमन ने मिसाइल ऐसे समय में दाग है जब हूती बलों ने अमेरिकी जहाजों पर हमले रोकने का वादा किया है, लेकिन गाजा में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता का हवाला देते हुए इजरायल पर मिसाइलें दागना जारी रखा है।

### लेबनान पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह सदस्य ढेर

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान में एक वाहन को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हमले में रविवार शाम हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल. ीन संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। सुरक्षा सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि मारे गए सदस्य की पहचान हिजबुल्लाह सदस्य मोहम्मद अली सरूर के रूप में हुई है, जो दक्षिणी लेबनान के मध्य क्षेत्र में स्थित ऐता अल-शाब गांव का निवासी था। यह हवाई हमला हिजबुल्लाह और इजरायल के बीच अमेरिका और फ्रांस की मध्यस्थता वाले युद्धविराम समझौते के बावजूद हुआ।

## बदलाव: बांग्लादेश की करेंसी पर होंगी हिन्दू बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें

### केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए

**ढाका।** बांग्लादेश के केंद्रीय बैंक ने 1000, 50 और 20 टका नए नोट जारी किए। इन नोटों से देश के संस्थापक राष्ट्रपति शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीर को हटा दिया गया है। इसके अलावा, 500, 200, 100 और 10 टका के नए नोट जल्द जारी होंगे। इसे लेकर बांग्लादेश सेंट्रल बैंक के प्रवक्ता आरिफ हुसैन खान ने कहा नई डिजाइन में किसी व्यक्ति की तस्वीर नहीं होगी, नए नोटों पर देश के पारंपरिक स्थलों को जगह मिली है।

खान ने आगे कहा: नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे। हालांकि पुराने नोट और सिक्के भी चलन में बने रहेंगे। नए नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदिरों की तस्वीरें भी छापी जाएंगी। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद से अब तक नोटे के डिजाइन में पांच बार (1972, 1970 के दशक, 1980-90 के दशक, 2000 के दशक, और 2025) बदलाव किए गए हैं। नोटों पर हिंदू और बौद्ध मंदि. रों की तस्वीरें होंगी, जो बांग्लादेश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती हैं।



- नए नोट सेंट्रल बैंक के हेडक्वार्टर से और बाद में देश भर के बाकी आफिसेज से जारी किए जाएंगे

प्रसिद्ध बांग्लादेशी चित्रकार जैनुल आब. दीन की कलाकृतियां, जो 1943 के बंगाल अकाल (ब्रिटिश शासन के दौरान) को दर्शाती हैं, नोटों पर होंगी। एक डिज़ाइन में 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए लोगों की याद में बना राष्ट्रीय स्मारक शामिल है। नोटों पर प्राकृतिक परिदृश्य और पारंपरिक स्थल होंगे, जो बांग्लादेश की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करेंगे। बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक ये राजनीतिक उथल-पुथल से जुड़ा है। बांग्लादेश की करेंसी का इतिहास समय-समय पर सत्तारूढ़ पार्टियों का असर नजर आता है। 1972 में जब बांग्लादेश ने पूर्वी पाकिस्तान से अलग होकर आजादी हासिल की, तब शुरुआती नोटों पर भौगोलिक और सांस्कृतिक चित्र थे। बाद में, शेख मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें नोटों पर शामिल की गईं, खासकर जब उनकी अवामी लीग पार्टी सत्ता में थी। नई करेंसी को शेख हसीना के शासन के प्रभाव को कम करने और देश की छवि को समावे शी बनाने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। शेख हसीना ने 8 अप्रैल को सोशल मीडिया पर बात करते हुए कहा था कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ये आतंकी देश बन गया है। अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद से लगातार शेख मुजीब की जुड़ी निशानियों पर हमला किया गया था।

## अमेरिका के कोलोराडो में इजरायल समर्थकों पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के बोल्डर शहर में एक संदिग्ध ने फ्री फलस्तीन का नारा लगाता हुए लोगों पर हमला कर दिया। उसने लोगों पर मोलोटोव काकटेल फेंका, जिससे मौके पर आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से 8 लोग झुलस गए।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें एक शख्स मोलोटोव काकटेल (पेट्रोल बम) फेंकते हुए दिखाई दे रहा है। यह हमला रन फार देयर लाइव्स नाम के एक ग्रुप की सभा के दौरान हुआ। यह ग्रुप गाजा में हमास की कैद में मौजूद इजरायली नागरिकों की रिहाई की मांग कर रहा था। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। सीएनएन ने बताया कि सो. लिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। साल 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सोलिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। एफबीआई और अन्य एजेंसियां अब यह जांच कर रही हैं कि सो. लिमान अमेरिका में किस रास्ते से आया और क्या उसका किसी आतंकी संगठन से संपर्क था। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने शुरुआती जानकारी के आधार पर इसे आतंकी हमला बताया है। एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बान्जिनो ने कहा, ये हमला शुरुआती जानकारी के आधार पर वैचारिक नफरत से प्रेरित आतंकवादी घटना लगती है। जब सबूत साफ होंगे, तो हम पूरी जानकारी देंगे। बोल्डर के पुलिस प्रमुख स्टीव रेडफर्न ने कहा कि हमला शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुआ और पीड़ितों की चोटें दिखाती हैं कि उन्हें जलाने की कोशिश की गई। हालांकि, उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। कोलोराडो के गवर्नर जैरेड पोलिस ने बयान जारी कर कहा हिंसा और नफरत से भरे किसी भी तरह के काम को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।



- लोगों पर पेट्रोल बम फेंका आठ लोग झुलसे, हमलावर ने फ्री फलस्तीन के नारे लगाए

## जापान अमेरिकी टैरिफ में संशोधन की मांग जारी रखेगा: हयाशी

**टोक्यो।** जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी ने सोमवार को कहा कि उनका देश अमेरिका की ओर से लगाए गए व्यापार टैरिफ की निंदा करता है और इसमें संशोधन की मांग जारी रखेगा।

हयाशी ने एक ब्रीफिंग में कहा हम उपायों के विशिष्ट विवरणों की बारीकी से निगरानी करेंगे, जिनका खुलासा भविष्य में किया जाएगा। अमेरिकी सरकार द्वारा उठाए गए टैरिफ उपायों की श्रृंखला बेहद खेदजनक है और हम उनके संशोधन का आग्रह करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को चार जून से प्रभावी स्टील और एल्यूमीनियम आयात पर टैरिफ में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की। जापान ने शुल्क संशोधन पर अमेरिका के साथ पहले ही चार दौर की बातचीत की है। पिछले दौर के दौरान इन्होंने जून में फिर से मिलने के लिए सहमति व्यक्त की ताकि जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं की बैठक के लिए मंच तैयार किया जा सके। टोक्यो ने अब तक सभी टैरिफ को पूरी तरह से हटाने पर जोर दिया है, जिसमें अमेरिकी अर्थव्यवस्था में जापानी कार निर्माताओं के योगदान का हवाला दिया गया है, जिसमें लगभग 61 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष निवेश और 23 लाख नौकरियां शामिल हैं।

## लीबियाई सेना ने रेगिस्तान में 50 प्रवासियों को किया गिरफ्तार

**त्रिपोली।** लीबिया की राजधानी त्रिपोली से लगभग 230 किलोमीटर दक्षिण में नसमाह गांव के पास रेगिस्तान में विभिन्न अफ्रीकी देशों के 50 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लीबिया के गृह मंत्रालय ने फेसबुक पर प्रकाशित एक बयान में कहा कि नसमाह के पास बीहड़ घाटी क्षेत्रों में बॉर्डर गार्ड के गश्ती दल तैनात किए गए थे, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा योजना को क्रियान्वित करना और बीहड़ रेगिस्तानी मार्गों से अवैध प्रवासियों के प्रवाह को नियंत्रित करना था। बयान में कहा गया है कि गिरफ्तार किए गए 50 प्रवासियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए एक रिसेप्शन सेंटर को सौंपने से पहले मानवीय और प्राथमिक चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2011 में लंबे समय तक शासक रहे मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से बेदखल किए जाने के बाद असुरक्षा और अराजकता के कारण, लीबिया भूमध्य सागर को पार करके यूरोपीय तटों की ओर जाने वाले प्रवासियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया है।

## 80 साल बाद फिर वर्ल्ड वॉर का खतरा

### 55% लोगों का मानना: विश्व युद्ध होगा, रूस-अमेरिका और परमाणु हथियार इसकी बड़ी वजह

**वाशिंगटन।** दूसरे विश्व युद्ध (1939-45) की समाप्ति को 80 साल बीत चुके हैं, लेकिन वैश्विक शांति की नींव फिर से डगमगाने लगी है। यूगोव के ताजा सर्वे के अनुसार, अमेरिका और यूरोप के लोग पांच से दस साल में तीसरे विश्व युद्ध की आशंका जता रहे हैं।

रूस के साथ बढ़ता तनाव, अमेरिका की विदेश नीति और परमाणु हथियारों का खतरा इस डर की सबसे बड़ी वजह माना जा रहा है। सर्वे में शामिल 55 प्रतिशत लोगों ने माना कि एक और वैश्विक युद्ध संभव है। वहीं, 76 प्रतिशत का मानना है कि वर्ल्ड वार में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल होगा। लोगों को यह भी डर है कि यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा। यूरोप और अमेरिका में लोग अपने देशों को इस युद्ध में शामिल होने की आशंका जता रहे हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि कई यूरोपीय देशों के नागरिकों में अपनी सेनाओं की रक्षा क्षमता पर भरोसा कम है। दूसरे विश्व युद्ध की यादें आज भी लोगों के मन में ताजा हैं। सर्वे में शामिल 90 प्रतिशत लोग मानते हैं कि इस युद्ध को स्कूलों में पढ़ाया जाना चाहिए। फ्रांस (72 प्रतिशत), जर्मनी (70 प्रतिशत) और ब्रिटेन (66 प्रतिशत) में लोग इस युद्ध के बारे में अच्छी जानकारी रखते हैं, जबकि स्पेन में यह आंकड़ा केवल 40 प्रतिशत है। 77 प्रतिशत फ्रांसीसी और 60 प्रतिशत जर्मन कहते हैं कि उन्हें स्कूल में इस युद्ध के बारे में विस्तार से पढ़ाया गया। 52 प्रतिशत लोगों को लगता है कि दुनियाभर में नाजी शासन जैसे अत्याचार आज भी संभव हैं। 60 प्रतिशत का मानना है कि अमे. रिका या अन्य यूरोपीय देशों में भी यह खतरा मौजूद है। यह डर दिखाता है कि इतिहास की गलतियां दोहराने की आशंका अभी खत्म नहीं हुई है। सर्वे में पश्चिमी यूरोप के 82 प्रतिशत और अमेरिका के 69 प्रतिशत लोगों ने रूस के साथ तनाव को सबसे बड़ा खतरा बताया। लोग मानते हैं कि रूस की सैन्य गतिविधियां और उसकी परमाणु क्षमता वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा हैं। रूस के अलावा, इस्लामिक आतंकवाद को भी बड़ा खतरा माना गया है। लोगों का मानना है कि इस पर जल्द काबू पाना जरूरी है। यह डर वैश्विक कूटनीति में बढ़ती दरारों का संकेत है। 66 प्रतिशत ने नाटो और 60 प्रतिशत ने संयुक्त राष्ट्र को शांति के लिए अहम माना 66 प्रतिशत लोगों ने नाटो को युद्ध के बाद शांति बनाए रखने में सबसे बड़ा योगदानकर्ता माना।

- लोगों को यह भी डर है, यह दूसरे विश्व युद्ध के मुकाबले कहीं अधिक विनाशकारी होगा

## हमास ने गाजा शांति वार्ता की इच्छा जताई

**गाजा/यरूशलम।** हमास ने कहा कि वह गाजा युद्ध विराम पर अप्रत्यक्ष वार्ता तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने एक प्रेस वक्तव्य में कहा कि वह युद्ध विराम समझौते के लिए कतर और मिस्र द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करता है। उन्होंने कहा कि वह 'दूसरे पक्ष' के साथ लंबित मुद्दों को हल करने के लिए अप्रत्यक्ष वार्ता का एक दौर तुरंत शुरू करने के लिए तैयार है। हमास ने कहा कि उसका वार्ता का उद्देश्य गाजा में 'मानवीय तबाही' को समाप्त करना, फलस्तीनी लोगों को राहत सहायता पहुंचाना सुनिश्चित करना और गाजा पट्टी से इजरायली बलों की पूरी तरह वापसी के साथ एक स्थाई युद्ध विराम हासिल करना होगा। हमास की इस घोषणा के बारे में इजरायली पक्ष की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इजरायली सेना बल प्रमुख इयाल ज़मीर ने गाजा पट्टी के दक्षिणी और उत्तरी दोनों हिस्सों में अतिरिक्त क्षेत्रों में जमीनी अभियान तेज करने का आदेश दिया है।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor